VPL

वर्ष 17 अंक 219
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, रविवार
18 मई 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20






03 पूर्व प्रभाव से पर्यावरणीय मंजूरी पर न्यायालय का आदेश ... | 06 गज़ा 'फ्रीडम ज़ोन': ट्रंप का नया शिगूफ़ा -ऋषभदेव शर्मा | 11 नीरज चोपड़ा ने आखिरकार 90 मीटर की बाधा पर की...

















## प्रधानमंत्री 29 मई को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आएंगे: भाजपा

पटना, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में दो दिवसीय दौरे पर बिहार आएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं का आरंभ करेंगे और एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के नेताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए यह दौरा महत्वपूर्ण है। उपमुख्यमंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के अनुसार, प्रधानमंत्री २९ मई को बिहार आएंगे और पटना हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे।

# नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह की 44वीं वर्षगांठ पर देशवासियों को बधाई

मेरे प्यारे देशवासियों और नेशनल एक्सप्रेस हिंदी दैनिक के प्रिय पाठको को नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह की 16 मई 1981 से विट्ठल भाई पटेल हाउस रफी मार्ग नई दिल्ली से साप्ताहिक समाचार पत्र के प्रकाशन के साथ प्रारंभ हुई संघर्ष की यात्रा आरंभ हुई थी, जिसका गौरवशाली विमोचन राष्ट्र के महान संपादक (टाइम्स ऑफ़ इंडिया ग्रुप) अक्षय कुमार जैन के कर कमलों द्वारा कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया में संपन्न हुआ था।

कल 16 मई 2025 को अपनी निष्पक्ष निर्भीक ,निर्विवाद पत्रकारिता के साथ वीपीएल मीडिया प्राइवेट लि०के विशाल वट वृक्ष के रूप में आपके सामने अपने तीन संस्करणों नई दिल्ली, कानपुर , रायपुर) के साथ अपनी 44 वी वर्षगांठ सादगी से मनाई, तथा राष्ट्र सेवा में अपने उच्च आदर्शो के साथ समर्पित है।

इन गौरवान्वित करने वाले छड़ो को याद करते हुए, सभी पाठको , विज्ञापन दाताओं तथा विद्वान लेखकों और समाचार पत्र से जुड़े पत्रकारों , कर्मचारियो को धन्यवाद व्यक्त करते हैं,और आशा करते है कि वह इसी तरह हमारा सहयोग एवं मार्गदर्शन करते रहेंगे।

मेरे प्यारे देशवासियों और नेशनल एक्सप्रेस हिंदी दैनिक के प्रिय पाठको को नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह की 16 मई 1981 से विट्ठल भाई पटेल हाउस रफी मार्ग नई दिल्ली से साप्ताहिक समाचार पत्र के प्रकाशन के साथ प्रारंभ हुई संघर्ष की यात्रा कल 16 मई 2025 को अपनी निष्पक्ष निर्भीक ,निर्विवाद पत्रकारिता के साथ वीपीएल मीडिया प्राइवेट लि. के विशाल वट वृक्ष के रूप में आपके सामने अपने तीन संस्करणों के साथ अपनी 44 वी वर्षगांठ सादगी से मनाई

इस अवसर पर आप सभी को नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह की बहुत-बहुत बधाइयां एवं मंगल कामनाएं,हम राष्ट्र सेवा में अपने उच्च आदर्शो के साथ समर्पित है। इन गौरवान्वित करने वाले छड़ो को याद करते हुए, सभी पाठको , विज्ञापन दाताओं तथा विद्वान लेखकों और समाचारपत्र से जुड़े पत्रकारों , कर्मचारियो को धन्यवाद व्यक्त करते हैं,और आशा करते है कि वह इसी तरह हमारा सहयोग एवं मार्गदर्शन करते रहेंगे। सादर सद्भाव सहित आपका ही सदैव विपिन गुप्ता संस्थापक संपादक (राष्ट्रभक्त सम्मान से भारत रत्न चौधरी चरण सिंह द्वारा 1979 मे सम्मानित)



राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को नववर्ष की बधाई देते व अपने प्रकाशन की प्रतियां व शॉल भेंट कर अपने जन्मदिन पर आर्शीवाद लेते हुए नेशनल एक्सप्रेस के संस्थापक विपिन गुप्ता



देश-विदेश की महान शख्सियत के साथ नेशनल एक्सप्रेस समूह के संस्थापक विपिन गुप्ता (राष्ट्रभक्त) मॉरीशस की राष्ट्रपति श्रीमती अमीना गरीब।


संघ प्रमुख श्री मोहन भागवत


प्रधानमंत्री मोरार जी देसाई, उप प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी व पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर के साथ विपिन गुप्ता


अन्ना हजारे जी का सम्मान करते विपिन गुप्ता।


पद्म भूषण राम बहादुर राय को सम्मानित करते गुरु गोविंद दर्शन पत्रिका की संपादिका रजनी गुप्ता सीईओ वैंकटेश गुप्ता और विपिन गुप्ता।


विख्यात धर्मगुरु आर्ट ऑफ लिविंग के श्री श्री रविशंकर जी को सम्मानित करते नेशनल एक्सप्रेस के संस्थापक विपिन गुप्ता।


रामनाथ कोविंद के साथ विपिन गुप्ता।


लोकेश मुनि को नेशनल एक्सप्रेस की प्रति भेट करते विपिन गुप्ता।


नेशनल एक्सप्रेस का अवलोकन करते हुए केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह साथ में वेंकटेश गुप्ता

## दिल्ली में बारिश, धूल भरी आंधी चली; रात में बारिश की संभावना

नयी दिल्ली, 17 मई (भाषा) दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार को धूल भरी आंधी के बाद बारिश हुई। मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में तेज हवाएं चलने तथा और अधिक बारिश होने का अनुमान जताया है।

दिल्ली के मध्य, दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम, उत्तरी क्षेत्रों और नोएडा सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कुछ हिस्सों में धूल भरी आंधी आई और बारिश हुई।

भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने अपनी नवीनतम मौसम अधिसूचना में कहा, ''पिछले मौसम अलर्ट के क्रम में आने वाले घंटों में दिल्ली और एनसीआर में धूल भरी आंधी के बाद हल्की से मध्यम बारिश, बिजली चमकने और 40-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने की संभावना है।''

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर के तहत न्यू अशोक नगर स्टेशन पर स्टील की छत का एक हिस्सा शनिवार को तेज आंधी और भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने एक बयान में कहा कि इस घटना के संबंध में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अचानक मौसम खराब होने के कारण यह घटना हुई, जिसकी वजह से अधिकारियों को एहतियात के तौर पर स्टेशन पर परिचालन रोकना पड़ा। बयान में कहा गया है, ''शनिवार को तेज आंधी के कारण न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन की टिन की छत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एहतियात के तौर पर स्टेशन पर परिचालन तत्काल रोक दिया गया।'' बयान में कहा गया है कि नुकसान का आकलन करने के लिए विस्तृत जांच जारी है।

नोएडा सहित दिल्ली एनसीआर के कुछ हिस्सों में तूफान के कारण पेड़ उखड़ने की भी सूचना है।

## उत्तराखंड: केदारनाथ में आपात स्थिति में उतारी गई 'हेली एंबुलेंस', तीन लोग बाल-बाल बचे

रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड), (भाषा) उत्तराखंड के केदारनाथ में शनिवार को एक बीमार तीर्थयात्री को लेने आई ऋषिकेश स्थित एम्स द्वारा संचालित 'संजीवनी' हेली एंबुलेंस आपात स्थिति में उतरते समय हेलीपैड से कुछ मीटर नीचे दुर्घटना का शिकार हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मौके पर मौजूद लोग उस समय हैरान रह गए जब 'हेली एंबुलेंस' का अगला हिस्सा 'हेलीपैड' की ओर झुका लेकिन थोड़ी दूर पर यह अचानक से एक सपाट सतह पर जा उतरी।'क्रैश लैंडिंग' के बाद हेली एम्बुलेंस कुछ देर के लिए चकरी की तरह घूम गई और उसका 'टेल रोटर' टूट गया।एम्स प्रशासन ने बताया कि घटना पूर्वाह्न 11 बजे हुई। उन्होंने बताया कि विमान में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। हेलीकॉप्टर में सवार दो चिकित्सक और एक पायलट सुरक्षित हैं। प्रशासन के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि सांस लेने में तकलीफ से पीड़ित श्री देवी को चिकित्सीय मदद उपलब्ध कराने के वास्ते 'संजीवनी' हेली एम्बुलेंस केदारनाथ गई थी कि तभी उसके 'टेल रोटर' में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण पायलट को आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर को उतारना पड़ा। चौबे ने बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) इस घटना की जांच करेगा। अधिकारी के अनुसार, केदारनाथ के मुख्य 'हेलीपैड' पर उतरने से पहले हेलीकॉप्टर में कुछ तकनीकी खराबी आ गई।

## सरकार ने सैन्य कार्रवाई की शुरुआत के समय ही पाकिस्तान को सूचित किया, यह अपराध है: राहुल

**नयी दिल्ली,** (भाषा) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि सरकार ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' की शुरुआत के समय ही पाकिस्तान को इस बारे में सूचित किया, जो एक अपराध है।

भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए जयशंकर के बयान को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया और और कहा कि वह सतही एवं भ्रामक विमर्श के जरिए मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।



राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक बयान का एक वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट किया और दावा किया कि सरकार ने यह स्वीकार किया कि उसने हवाई हमले की शुरुआत में ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया था।

उन्होंने कहा कि खुद विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया है।

राहुल गांधी ने सवाल किया, ''इसे किसने अधिकृत किया? परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खोए?''

जयशंकर को इस वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, ''ऑपरेशन की शुरुआत में हमने पाकिस्तान को एक संदेश भेजा था, जिसमें कहा गया था कि हम आतंकवाद के ढांचे पर हमला कर रहे हैं और हम सेना पर हमला नहीं कर रहे हैं। इसलिए (पाकिस्तानी )सेना के पास कुछ नहीं करने और इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने का विकल्प है। उन्होंने अच्छी सलाह नहीं लेने का फैसला किया।''

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस वीडियो का हवाला देते हुए कहा, ''अमेरिकी विदेश मंत्री द्वारा बार-बार किए जा रहे असाधारण रहस्योद्घाटन पर हमारे विदेश मंत्री कोई जवाब नहीं दे रहे हैं, उन्होंने अब खुद एक चौंकाने वाला खुलासा कर दिया है। यह समझ से परे है कि वह अपने पद पर कैसे बने रह सकते हैं।''

उन्होंने दावा किया, ''प्रधानमंत्री ने 19 जून 2020 को सार्वजनिक रूप से चीन को क्लीन चिट देकर भारत की बातचीत की स्थिति को कमजोर कर दिया था। अब उन्होंने जिस व्यक्ति को विदेश मंत्री नियुक्त किया है, उसने इस बयान के जरिए भारत को धोखा दिया है।''

राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''ऐसा तब होता है, जब बौद्धिक रूप से अक्षम व्यक्ति विशुद्ध रूप से वंश के कारण प्रासंगिक पदों पर पहुंच जाते हैं। वीडियो से यह बिल्कुल स्पष्ट है कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अभियान शुरू होने पर इसके पहले चरण का हवाला देते हुए कहा कि हमने चेतावनी दे दी थी। इसे अब ऑपरेशन शुरू होने से पहले दिए गए बयान के रूप में गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।''

उन्होंने आरोप लगाया, ''बयान को तोड़ मरोड़कर पेश करने के पीछे एक स्पष्ट उद्देश्य है, राहुल गांधी, जिन्होंने पहले भारत की सैन्य तैयारियों को कमजोर करने के प्रयास में राफेल सौदे के संबंध में भ्रष्टाचार के निराधार आरोप लगाए थे, अब सशस्त्र बलों को सीधे तौर पर दोषी ठहराना असंभव मानते हैं। इसलिए इसके बजाय, वह सतही, भ्रामक विमर्श के माध्यम से मुद्दे को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।''

पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने उन दावों को खारिज कर दिया है कि जयशंकर ने कहा था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से पहले पाकिस्तान को सूचित किया था।

'एक्स' पर एक पोस्ट में पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने कहा कि मंत्री ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है और उन्हें गलत तरीके से उद्धृत किया जा रहा है।

## अजित पवार ने महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने के लिए शरद पवार की प्रशंसा की

मुंबई, भाषा) महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने के लिए अपने चाचा एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार की शनिवार को प्रशंसा की, जिसमें स्थानीय निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया था।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पुणे में एक कार्यक्रम में कहा, ''उस समय साहेब (शरद पवार) मुख्यमंत्री थे और विधायक के तौर पर वह मेरा पहला कार्यकाल था। उन्होंने कहा कि विधेयक पारित होने तक सदन को स्थगित नहीं किया जाना चाहिए। हमने बहस के बाद सुबह साढ़े तीन बजे विधेयक पारित किया था।'' ोउन्होंने कहा, ''अगर एक महिला अपने घर और बच्चों का प्रबंधन कर सकती है, तो वह एक गांव या नगर परिषद का भी प्रबंधन कर सकती है। ऐसा उनका (अपने आप पर) विश्वास है। इसीलिए इस तरह का आरक्षण प्रदान किया गया। जो देश महिलाओं का सम्मान करते हैं, वे प्रगति करते हैं।''

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने यह भी कहा कि लड़कियां आज ₹लड़कों से प्रभावित हुए बिना₹ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, ''पहले के समय में लड़कियों को शिक्षा के अवसर नहीं मिलते थे। हालांकि, महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने पुणे में लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला, जिससे उन्हें शिक्षा सुलभ हुई। तब से शुरू हुई यात्रा हमें आज इस मुकाम पर ले आई है।'' अजित पवार ने कहा कि



राज्य सरकार ने भिड़े वाडा को अपने नियंत्रण में ले लिया है, जहां यह स्कूल शुरू किया गया था और इस महान दंपति के सम्मान में एक विशाल स्मारक बनाने का काम जारी है।

अजित पवार द्वारा यह प्रशंसा ऐसे समय की गई है, जब शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले गुटों के संभावित विलय की अटकलें जारी हैं। शरद पवार द्वारा स्थापित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) जुलाई 2023 में विभाजित हो गई थी, जब उनके भतीजे अजित पवार अलग होकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में शामिल हो गए थे। हालांकि, बाद में उन्हें मूल पार्टी का नाम और उसका चिह्न मिल गया था, वहीं शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट को राकांपा (शरद चंद्र पवार) के रूप में जाना जाने लगा। दोनों गुटों ने विलय की बात को अटकलबाजी बताया है।

# योगी सरकार ने हीट वेव से बचाव को जारी की गाइडलाइन, प्रदेशवासी रहें अलर्ट

## श्रमिकों की निगरानी के लिए लागू की गई मित्र प्रणाली, श्रमिकों के लिए की जाए छायादार जगहों की व्यवस्था





लखनऊ। प्रदेश भर में इन दिनों तेज गर्मी और लू (हीट वेव) का भीषण प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने कई जिलों में अगले कुछ दिनों तक लू चलने की चेतावनी दी है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राहत विभाग और स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये हैं। सीएम ने विभाग को प्रदेशवासियों को अलर्ट करने एवं हीट स्ट्रोक से बचाव संबंधी सुझाव देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता को जागरूक करने के लिए गाइडलाइन जारी की है, जिसमें तेज गर्मी और लू से बचाव संबंधी सुझाव दिये गये हैं। साथ ही विभिन्न पोस्टर और पर्चों के माध्यम से लोगों को सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जा रही है।

### दोपहर 12 से 4 बजे के बीच तेज धूप में घरों से न निकलें बाहर

प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को तेज गर्मी और लू से बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में विभाग की ओर से सभी प्रदेशवासियों को हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए कई जरूरी सुझाव दिए गये हैं। प्रदेशवासियों को सलाह दी गई है कि बाहर निकलते समय शरीर को ढक कर रखें, हल्के रंग के आरामदायक कपड़े पहनें और धूप में छाता या चश्मा ज़रूर लगाएं। लगातार तरल पदार्थों का सेवन करते रहें जैसे नींबू पानी, शिकंजी, नारियल पानी आदि। घरों और कार्यस्थलों पर पर्दों या शेड का प्रबंध करें ताकि सीधे सूर्य की किरणें अंदर न आएं। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। वहीं दूसरी ओर यह चेतावनी भी दी है कि दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच अत्यधिक गर्मी में बाहर निकलने से बचें। खाली पेट, अधिक प्रोटीन या बासी भोजन का सेवन न करें। धूप में खड़ी गाड़ियों में बच्चों या जानवरों को अकेला न छोड़ें। शराब, चाय, कॉफी, कार्बोनेटेड ड्रिंक आदि का अधिक सेवन न करें।

### ये लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से लें सलाह

योगी सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने ने हीट वेव से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को भी पोस्टरों के माध्यम से साझा किया है। इनमें शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जाना, लाल और सूखी त्वचा, चक्कर आना, मांसपेशियों में कमजोरी, सांस फूलना, सिरदर्द, घबराहट, मतली या उल्टी शामिल हैं। यदि किसी व्यक्ति को ये लक्षण दिखें तो उसे तुरंत छायादार जगह पर ले जाकर ठंडा पानी पिलाएं, संभव हो तो ठंडे पानी से नहलाएं और तुरंत एम्बुलेंस या डॉक्टर को बुलाएं। इसके अलावा श्रमिकों और बच्चों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्माण स्थलों पर काम करने वाले मजदूरों के लिए आवश्यक है कि उन्हें नियमित अंतराल पर विश्राम दिया जाए और उनके लिए ठंडी और छायादार जगह की व्यवस्था हो। भारी श्रम कार्यों को सुबह या शाम के समय में कराया जाए। बच्चों को दोपहर के समय धूप में खेलने से रोका जाए, उनके कपड़े ढीले और हल्के हों और वे पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। कभी भी बच्चों को गर्मी में बंद गाड़ी में अकेला न छोड़ें।

### हीट वेव से बचाव के लिए मित्र प्रणाली लागू

सीएम योगी ने निर्देशित किया गया है कि श्रमिकों की निगरानी के लिए तुरंत "मित्र प्रणाली" लागू की जाए। इसके तहत साथी एक-दूसरे की सेहत का ध्यान रखेंगे और आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही भारी उद्योगों में गर्म उपकरणों को इन्सुलेट करने और बच्चों के लिए कूल शेड की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने लोगों से अपील की है कि हीट वेव के प्रति सतर्क रहें और किसी भी व्यक्ति में गंभीर लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं या एम्बुलेंस सेवा 108 पर कॉल करें।

## संक्षिप्त समाचार

### नगालैंड के मुख्यमंत्री ने संतुलित, समावेशी कानून प्रणाली का आह्वान किया

कोहिमा (भाषा) नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने शनिवार को एक संतुलित और समावेशी कानून प्रणाली का आह्वान किया जो समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से ग्रामीण और हाशिए पर मौजूद समुदायों की सेवा करे। उन्होंने राज्य के लिए एक अलग उच्च न्यायालय की स्थापना की भी हिमायत की। कोहिमा जिले के मेरिएमा में नये उच्च न्यायालय परिसर में उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन (एचसीबीए) द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में, रियो ने पारंपरिक कानून के संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "जिस प्रकार हमारे पूर्वजों के ज्ञान ने हमारे समुदायों का मार्गदर्शन किया है, उसी प्रकार यह औपचारिक कानून प्रणाली के साथ भी सह-अस्तित्व में रह सकता है।" रियो ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 371 (ए) के तहत संरक्षित पारंपरिक कानून, नागालैंड के कानूनी ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और आधुनिक न्यायशास्त्र के साथ-साथ इसका सम्मान किया जाना चाहिए।

### पाकिस्तान से निपटने में भारत किसी 'तीसरी ताकत' को हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं देगा: चौहान



गुवाहाटी (भाषा) केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों में भारत किसी "तीसरी ताकत" को हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पहलगाम आतंकी हमले के बाद तीन दिन के भीतर "घुटनों पर ला दिया गया।" उन्होंने कहा कि भारत सदैव शांति का पक्षधर रहा है, लेकिन उकसावे की स्थिति में निर्णायक कार्रवाई के लिए भी वह पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यहां पीएमएवाई-जी गृहप्रवेश समारोह में कहा, "हम दूसरों के काम में हस्तक्षेप नहीं करते हैं, लेकिन अगर कोई हमारे लिए परेशानी पैदा करने की कोशिश करता है, तो हम उन्हें नहीं छोड़ते हैं।" चौहान ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी नागरिकों या उसकी सेना को नुकसान नहीं पहुंचाने का फैसला किया और त्वरित कार्रवाई में वहां आतंकी शिविरों को निशाना बनाया। उन्होंने कहा, "पाकिस्तान ने इस भरोसे के साथ अपने ड्रोन और मिसाइल को भेजा कि ये हमारी जमीन पर हमला करेंगे। लेकिन हमारे सशस्त्र बलों ने इन्हें इतनी सटीकता से नष्ट कर दिया, मानो ये महज खिलौने हों। सीमावर्ती क्षेत्रों में हमारे बच्चे अब इनके टुकड़ों से खेल रहे हैं। तीन दिन में पाकिस्तान घुटनों पर आ गया।" चौहान ने कहा, "भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन हम आतंकवाद का खात्मा करेंगे। हम अपना निर्णय खुद लेंगे। कोई तीसरी ताकत हस्तक्षेप नहीं कर सकती।" केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल दो मुद्दों पर हो सकती है - आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके), जो भारत का है। चौहान ने कहा, "हम शांति चाहते हैं, लेकिन जब भी जरूरत होगी, हम अपनी ताकत दिखाएंगे। मैं अपने सशस्त्र बलों और इसके लिए रणनीति तैयार करने वाले नेताओं को सलाम करता हूं।"

# आंध्र प्रदेश की 'क्वांटम वैली' योजना राज्य को भारत में इस तकनीक का केंद्र बना देगी: राज्यपाल



अनंतपुर (आंध्र प्रदेश) (भाषा) आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने शनिवार को कहा कि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की 'क्वांटम वैली' स्थापित करने की योजना राज्य को भारत में क्वांटम प्रौद्योगिकी अनुसंधान और विकास के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेएनटीयू)-अनंतपुर में एक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने 'विकसित भारत' की अवधारणा का भी उल्लेख किया जो आर्थिक समृद्धि, सामाजिक समावेशिता, तकनीकी उन्नति और सतत विकास प्राप्त करने पर केंद्रित है।

राजभवन से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, नजीर ने कहा, ''भारत के राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के तहत अमरावती में 'क्वांटम कंप्यूटिंग हब' के रूप में 'क्वांटम वैली' स्थापित करने की राज्य सरकार की योजना राज्य को भारत में क्वांटम प्रौद्योगिकी अनुसंधान और विकास के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।''

राज्यपाल के अनुसार, 'विकसित भारत' प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, रोजगार के अवसर और सम्मानजनक जीवन तक पहुंच प्रदान करेगा।

क्वांटम प्रौद्योगिकी मुख्यतः क्वांटम मैकेनिक्स के सिद्धांतों पर आधारित है। यह भौतिकी और इंजीनियरिंग का एक उभरता हुआ क्षेत्र है।

# देवीपाटन मंडल में महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

## सभी पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के निर्देश, आंगनबाड़ी भवन निर्माण में तेजी लाने पर जोर



लखनऊ/बहराइच। प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने शुक्रवार को बहराइच के विकास भवन सभागार में देवीपाटन मंडल के विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, निर्माण कार्य, कुपोषण की स्थिति, प्री-स्कूल शिक्षा व्यवस्था, अनुपूरक पोषाहार वितरण, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, विधवा पेंशन, कन्या सुमंगला योजना आदि प्रमुख योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। मंत्री मौर्य ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ हर हाल में सुनिश्चित कराया जाए, ताकि कोई भी वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यही मंशा है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2023-24 में गोण्डा में 19 और बहराइच में 5 तथा 2024-25 में गोण्डा में 5, बहराइच में 24, बलरामपुर में 63 और श्रावस्ती में 3 आंगनबाड़ी केंद्र निर्माणाधीन हैं। मंत्री ने निर्देश दिए कि संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी इन निर्माण कार्यों को तय मानकों व गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराएं। मंत्री ने मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारित कर सभी पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मंत्री मौर्य ने पाँच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और पाँच बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया, जिससे कार्यक्रम का सामाजिक संदेश और भी प्रभावशाली बना। इस अवसर पर देवीपाटन मंडल व जनपद बहराइच के उपनिदेशक प्रोबेशन, जिला कार्यक्रम अधिकारी (बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती) तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक से पूर्व मंत्री श्रीमती मौर्य ने जनपद में आयोजित तिरंगा यात्रा रैली में भी भाग लिया।

# पांच जून तक अवश्य करा लें नालों की सफाई: आयुक्त

## पशु पक्षियों के लिए अपने घरों करें पानी की व्यवस्था - आयुक्त

गोण्डा। मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने को मंडलायुक्त कार्यालय सभागार में मंडल के सभी जनपदों के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थानीय निकायों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नगर निकायों में जनहित से जुड़े कार्य व विकास पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को विभिन्न दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 5 जून तक नगर निकायों में स्थित नालों की सफाई हर हाल में पूरी कर लिया जाए, जिससे बरसात में कहीं भी जल निकासी प्रभावित न हो और लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### पशु पक्षियों और जानवरों के करें पानी पीने की व्यवस्था

आयुक्त ने सभी आमजन से अनुरोध करते हुए अपील की है कि वह गर्मी के मौसम में अपने-अपने घर के सामने या आसपास जानवरों, पशु पक्षियों हेतु उचित स्थान पर पानी पीने की व्यवस्था अवश्य करें। गर्मी में हम सभी को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पशु पक्षियों एवं जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। यह हम सबका दायित्व है।

- *जागरूकता फैलाकर पॉलीथिन का प्रयोग हो बंद – आयुक्त

### आमजन के लिए नगर निकायों में हो प्याऊ की व्यवस्था*

उन्होंने नगर निकाय से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी को देखते हुए नगर क्षेत्र में आमजन के साथ-साथ जानवरों के लिए भी पानी का इंतजाम किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर में साफ सफाई के लिए भी निरंतर रूप से अभियान चलाया जाए। आम लोगों के लिए साफ पानी के प्याऊ की व्यवस्था किया जाए। निकायों में आवश्यकता के अनुसार वाटर कूलर भी स्थापित किए जाएं।

### प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ चलाया जाए अभियान

*आयुक्त ने सभी अपर जिलाधिकारी को यह भी निर्देशित किया कि वह पॉलिथीन को प्रतिबंधित करने के लिए विशेष अभियान चलाएं। पॉलिथीन का प्रयोग कम से कम हो। मानक के अनुरूप ही पॉलिथीन का प्रयोग किया जाए। यह एक जहर है जो आने वाले समय में मानवता के लिए खतरा बनेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्कूलों व जनता के बीच जागरूकता अभियान चलाकर पॉलिथीन का प्रयोग रोकने का प्रयास किया जाए। बैठक में अपर मंडल आयुक्त कमलेश चंद्र, समस्त प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अपर जिलाधिकारी के साथ गोण्डा बहराइच बलरामपुर व श्रावस्ती के समस्त अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।*

# इसमें कोई राजनीति नहीं है: 'ऑपरेशन सिंदूर' संबंधी प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व पर थरूर ने कहा



तिरुवनंतपुरम (भाषा) आतंकवाद पर पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रुख रखने के लिए विदेश में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के केंद्र के निमंत्रण को स्वीकार करने के अपने फैसले पर कायम कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा, "मुझे इसमें कोई राजनीति नहीं दिखती"।

साथ ही उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के लिए कांग्रेस द्वारा किसी नाम के सुझाव के बारे में जानकारी होने से इनकार करते हुए कहा कि यह पार्टी और केंद्र सरकार के बीच का मामला है।

थरूर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने विदेश मामलों को भालने के उनके पिछले अनुभव को देखते हुए हाल ही में उन्हें प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया और "मैंने तुरंत सहमति दे दी"।

तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद ने कहा, "मुझे इसमें कोई राजनीति नहीं दिखती। मेरे अनुसार, जब हमारा एक राष्ट्र होता है तो राजनीति महत्वपूर्ण हो जाती है। हम सभी भारतीय हैं। जब राष्ट्र संकट में होता है और केंद्र सरकार किसी नागरिक की मदद मांगती है, तो आप इसके अलावा और क्या जवाब देंगे।" उन्होंने आगे कहा कि सभी ने पाकिस्तान के साथ 88 घंटे तक चली लड़ाई देखी है और इसलिए, "दुनिया हमारे बारे में क्या कह रही है, इसमें हम सभी की भूमिका होनी चाहिए।" थरूर ने कहा, "इसी भावना के साथ मैंने इस पर सहमति जताई।"

# ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ पोस्ट करने के आरोप में निलंबित विधि छात्रा को अदालत से तत्काल राहत नहीं मिली

मुंबई (भाषा) मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप में कॉलेज द्वारा जांच लंबित रहने तक निलंबित की गई एक विधि छात्रा को तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति रोहित जोशी ने 14 मई के अपने आदेश में कहा कि प्रथमदृष्टया 'सिम्बायोसिस लॉ स्कूल' द्वारा की गई कार्रवाई दंडात्मक नहीं लगती, बल्कि यह प्रशासनिक कार्रवाई थी।

अंतिम वर्ष की छात्रा को स्वतंत्र पत्रकार और केरल के डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स एसोसिएशन (डीएसए) के सदस्य राजस मादेपड्डी उर्फ सिद्दीक के साथ पाये जाने के बाद पुलिस ने पूछताछ की, हालांकि उसे गिरफ्तार नहीं किया गया।

सिद्दीक को सात मई को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में आलोचनात्मक पोस्ट लिखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

महिला ने पिछले सप्ताह अदालत में याचिका दायर कर अपने निलंबन तथा कॉलेज द्वारा उसके खिलाफ शुरू की गई जांच को रद्द करने का अनुरोध किया था।

उसे तत्काल राहत देने से इनकार करते हुए उच्च न्यायालय ने संस्थान के इस आश्वासन पर गौर किया कि यदि जांच में उसे आरोप मुक्त कर दिया जाता है तो बाद में उसके लिए विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। याचिकाकर्ता के अनुसार उसकी परीक्षा 15 मई से शुरू होनी थी।

उच्च न्यायालय ने संस्थान को 25 मई तक जांच पूरी करने और उसी दिन याचिकाकर्ता को निर्णय से अवगत कराने का निर्देश दिया।

# डीएम व एसपी ने तहसील तरबगंज में फरियादियों की सुनी समस्याए

## समाधान दिवस में आये हुये शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से करें निस्तारित अधिकारी-जिलाधिकारी



गोण्डा मई। शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज में जिलाधिकारी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान तहसील तरबगंज में कुल 107 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 08 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना, तहसीलदार तरबगंज, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला कृषि अधिकारी, एक्सईएएन ग्रामीण अभियंता विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रभाव से पर्यावरणीय मंजूरी पर न्यायालय का आदेश स्वागत योग्य: नीति विशेषज्ञ



नयी दिल्ली, (भाषा) नीति विशेषज्ञों ने शनिवार को उस फैसले का स्वागत किया, जिसमें सरकार को पूर्व प्रभाव से पर्यावरणीय मंजूरी देने से रोक दिया गया है, लेकिन साथ ही उन्होंने चेताया कि पर्यावरण कानूनों में खामियां अब भी मौजूद हैं और नागरिकों को अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए सतर्क रहना चाहिए।

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने का अधिकार मौलिक अधिकार का हिस्सा है और मानदंडों का उल्लंघन करने वाली परियोजनाओं को पूर्वव्यापी प्रभाव से या बाद की अवधि में पर्यावरणीय मंजूरी देने वाले केंद्र के कार्यालय ज्ञापन को भी खारिज कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अनिवार्य रूप से पर्यावरणीय मंजूरी के बिना शुरू की गई परियोजनाओं को बाद में वैध नहीं किया जा सकता। इसने कहा कि जानबूझकर कानून की अनदेखी करने वाले उल्लंघनकर्ताओं को संरक्षण नहीं दिया जा सकता।

वनशक्ति के निदेशक स्टालिन डी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि नागरिकों को अब यह सुनिश्चित करना होगा कि अदालत के निर्देशों का पालन किया जाए। उन्होंने कहा, ''फैसले में साफ कहा गया है कि सरकार उल्लंघनकर्ताओं को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने की कोशिश नहीं कर सकती। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे संवैधानिक ढांचे का किसी भी तरह से उल्लंघन न हो।'' उन्होंने कहा, ''इस आदेश में एक और बहुत प्रासंगिक बात यह है कि जिन लोगों ने इसका उल्लंघन किया है, वे अशिक्षित व्यक्ति नहीं हैं। वे शिक्षित, उच्च संपर्क वाले, धनी लोग हैं, जिन्हें पता था कि वे उल्लंघन कर रहे हैं, जिसे अब रोकने की जरूरत है।''

भारतीय वन सेवा की सेवानिवृत्त अधिकारी प्रकृति श्रीवास्तव ने कहा कि यह एक अच्छा आदेश है, लेकिन पर्यावरण मंत्रालय और परियोजना समर्थकों के इतिहास को जानने के बाद वे इसका कोई रास्ता निकाल लेंगे।

साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रिवर्स एंड पीपल के समन्वयक हिमांशु ठक्कर ने कहा कि यह निर्णय स्वागत योग्य है, लेकिन इसे पहले ही आ जाना चाहिए था। उन्होंने इसके क्रियान्वयन को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, ''यह फैसला स्वागत योग्य है, लेकिन यह पहले भी आ सकता था। इससे पता चलता है कि हमारी प्रणाली प्रतिक्रिया देने में बहुत धीमी है।''

ठक्कर ने कहा, ''दूसरी बात, यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऐसा न हो, आपकी विश्वसनीय निगरानी प्रणाली कहां है? तीसरी बात यह है कि कानून को दरकिनार किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, भूमि अधिग्रहण की अनुमति तब भी दी जाती है, जब पर्यावरण मंजूरी नहीं होती। यदि आपने पहले ही भूमि अधिग्रहण कर लिया है, तो आप प्रभाव पैदा कर रहे हैं, लोगों को विस्थापित कर रहे हैं।''

'विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी' में जलवायु और पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख देबादित्यो सिन्हा ने कहा कि ईआईए प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य विकल्पों का मूल्यांकन करना, पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों का आकलन करना और किसी भी परियोजना को मंजूरी मिलने से पहले सार्वजनिक परामर्श को सक्षम बनाना है। लॉ फर्म केएस लीगल एंड एसोसिएट्स की 'मैनेजिंग पार्टनर' सोनम चांदवानी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का फैसला मौजूदा व्यवस्था को हिला सकता है, लेकिन यह सभी चीजों का समाधान नहीं है। हिमालय नीति अभियान के समन्वयक गुमान सिंह ने कहा कि उन्होंने पूर्वव्यापी पर्यावरणीय मंजूरी देने के सरकार के कदम का विरोध किया था।

## राष्ट्रीय हित में प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने का फैसला किया: माकपा

नयी दिल्ली, (भाषा) मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने शनिवार को कहा कि वह पहलगाम हमले और राष्ट्रीय हित के मद्देनजर विदेश जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने के लिए सहमत हुई। पार्टी ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी मांग दोहराई।

माकपा ने कहा, '' यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद के घटनाक्रम पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने से इनकार कर दिया।''

वाम दल ने कहा, ''हम सरकार से तुरंत संसद सत्र बुलाने, भारत के लोगों को हालिया घटनाक्रमों से अवगत कराने और स्पष्टीकर का आग्रह करते हैं।'' 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश लेकर सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश जाएंगे, जिनमें से चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ दलों के नेता जबकि तीन की अगुवाई विपक्षी दलों के नेता करेंगे।

# मोटापा खामोश सुनामी, 2050 तक एक-तिहाई भारतीय होंगे मोटापे से पीड़ित : विशेषज्ञ



नयी दिल्ली, (भाषा) मोटापा भारत में सर्वाधिक ध्यान दिये जाने वाले और कम पता चलने वाले स्वास्थ्य संकटों में से एक के रूप में उभरा है और विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इसने अब आबादी में फैलने वाली एक खामोश सुनामी का रूप ले लिया है।

'द लैंसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक लगभग एक तिहाई भारतीय या लगभग 44.9 करोड़ लोग मोटापे से पीड़ित होंगे, जिसमें अनुमानित रूप से 21.8 करोड़ पुरुष और 23.1 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि मोटापा का सीधा संबंध 'टाइप 2' मधुमेह, हृदय संबंधी बीमारियों, फैटी लीवर, हार्मोनल विकारों, संतान पैदा करने में सक्षम न होना और यहां तक कि कुछ कैंसर जैसी बीमारियां बढ़ने से है।

भारत में मधुमेह पीड़ित लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जो अनुमानित 10.1 करोड़ से अधिक है। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों का निदान कम उम्र में ही किया जा रहा है। एम्स के मेडिसिन विभाग में अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. नीरज निश्चल ने कहा कि 20 और 30 की उम्र के लोगों में गैर-संचारी रोगों में खतरनाक वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण शरीर का वजन बढ़ना है।

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, दिल्ली में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और हेपेटोलॉजी विभाग के निदेशक और प्रमुख तथा एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष एवं डीन डॉ. राजेश उपाध्याय ने कहा कि मोटापे की महामारी का तत्काल समाधान नहीं किया गया तो यह देश के स्वास्थ्य सेवा ढांचे और आर्थिक उत्पादकता पर असहनीय बोझ डालेगी। उन्होंने कहा कि मोटापा अब व्यक्तिगत पसंद नहीं रह गया है।

उपाध्याय ने कहा, ''मोटापा कोई दिखावटी समस्या नहीं है। यह एक नैदानिक, प्रणालीगत चिंता है जो फैटी लीवर, मधुमेह, जठरांत्र संबंधी जटिलताओं और हृदय रोग जैसी बीमारियों में वृद्धि का कारण बन रही है। अपने चिकित्सकीय परामर्श में, मैं हर दिन इसके परिणाम देखता हूं। इस संबंध में, हमें जागरूकता अभियानों से आगे बढ़कर स्कूलों, कार्यालयों, अस्पतालों और यहां तक कि चिकित्सा पाठ्यक्रम में गहन निवारक सुधारों के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।''

सर गंगा राम अस्पताल में आंतरिक चिकित्सा के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. मोहसिन वली ने कहा कि यह संकट खामोशी से बढ़ रहा है, लेकिन इसके परिणाम विनाशकारी हैं। उन्होंने कहा, ''यह भारत की खामोश सुनामी है। यह दिखाई नहीं देता, लेकिन इसका असर अस्पताल में भर्ती होने वालों, लंबी बीमारियों में वृद्धि और कम उम्र में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के होने से स्पष्ट है। हमें इसे राष्ट्रीय आपातकाल के रूप में देखना चाहिए। रोकथाम संस्थागत स्तर पर शुरू होनी चाहिए - हम स्कूल और अस्पताल की कैंटीन में क्या परोसते हैं, हम युवा चिकित्सकों को क्या सिखाते हैं और हम जोखिम की जांच कैसे करते हैं - इन सभी में बदलाव होना चाहिए।''

# पाकिस्तान को आईएमएफ के कर्ज पर अमेरिकी दबाव के आगे झुक गई सरकार : कांग्रेस



नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा पाकिस्तान को कर्ज दिए जाने के मामले में अमेरिका के दबाव के आगे झुक गई और विरोध में मतदान नहीं किया।

भारत ने पाकिस्तान को कर्ज दिये जाने का विरोध करते हुए आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की बैठक में मतदान से दूरी बनाई थी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अब 9 मई, 2025 को पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर से अधिक का ऋण मंजूर करने के लिए आईएमएफ की आलोचना कर रहे हैं, जबकि 29 अप्रैल को ही, मोदी सरकार के जागने से पहले कांग्रेस ने स्पष्ट रूप से कहा था कि आईएमएफ़ के कार्यकारी बोर्ड की बैठक 9 मई को होने जा रही है और भारत को पाकिस्तान को दिए जाने वाले इस ऋण प्रस्ताव का मजबूती से विरोध करना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि हुआ यह कि नौ मई को भारत ने सिर्फ मतदान से दूरी बना ली।

रमेश के अनुसार, जब यह सामने आया कि भारत ने मतदान में भाग ही नहीं लिया, तो बाद में मोदी सरकार के ढोल पीटने वालों, जयजयकार करने वालों और सरकार का बचाव करने वालों ने यह दलील देना शुरू कर दिया कि भारत के पास इसके अलावा कोई और विकल्प ही नहीं था। उन्होंने दावा किया, ''यह सरासर झूठ है। आईएमएफ की कार्यकारी बोर्ड में ''ना'' में मतदान करने का स्पष्ट प्रावधान है। रूस ने सितंबर 2016 में यूक्रेन को दिए जाने वाले ऋण प्रस्ताव पर ''ना'' में वोट दिया था, और भारत ने भी 11 सितंबर 2005 को ज़िम्बाब्वे को निष्कासित करने के मुद्दे पर ''ना'' में मतदान किया था।''

रमेश ने आरोप लगाया, ''जहां चाह, वहां राह! लेकिन 9 मई को आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड की बैठक में मोदी सरकार स्पष्ट रूप से अमेरिकी दबाव के आगे झुक गई।''

## विदेश जा रहे सरकारी प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य समस्याओं के चलते शामिल नहीं हो पाऊंगा: बंद्योपाध्याय

नयी दिल्ली, (भाषा) तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद विभिन्न देशों में भेजे जा रहे सरकार के प्रतिनिधिमंडलों में वह स्वास्थ्य कारणों से शामिल नहीं हो पाएंगे। सरकार ने घोषणा की है कि वह पहलगाम आतंकवादी हमले व 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश लेकर सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजेगी। बंद्योपाध्याय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्हें संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू और विदेश मंत्रालय से फोन आया था तथा अमेरिका जाने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने उन्हें सूचित किया कि वह स्वास्थ्य कारणों से नहीं जा पाएंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, 'सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल हर तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने की भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को सामने रखेंगे।

# भाजपा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रतिनिधिमंडल के लिए थरूर को नामित न करने पर कांग्रेस से सवाल किया



नयी दिल्ली, 17 मई (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत का संदेश पहुंचाने के लिए विदेश में राजनयिक संपर्क प्रतिनिधिमंडलों के लिए कांग्रेस द्वारा नेताओं की पसंद पर शनिवार को सवाल उठाया और आश्चर्य जताया कि क्या उसने पार्टी सांसद शशि थरूर को इसलिए नामित नहीं किया क्योंकि वे आलाकमान से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

सरकार ने विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष थरूर को आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रुख रखने के वास्ते विदेश जाने वाले सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व करने के लिए नामित किया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी की तरफ से पाक प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का रुख रखने के लिये चार नेताओं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई, राज्य सभा सदस्य सैयद नासिर हुसैन और लोकसभा सदस्य अमरिंदर सिंह राजा वडिंग को नामित किया गया है।

रमेश के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''शशि थरूर की वाकपटुता, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी के रूप में उनके लंबे अनुभव और विदेश नीति के मामलों पर उनकी गहरी अंतरदृष्टि को कोई नकार नहीं सकता।''

उन्होंने कहा, ''तो फिर कांग्रेस पार्टी - और विशेषकर राहुल गांधी - ने प्रमुख मुद्दों पर भारत की स्थिति स्पष्ट करने के लिए विदेश भेजे जाने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल में उन्हें नामित क्यों नहीं किया?'' उन्होंने कहा, ''क्या यह असुरक्षा है? ईर्ष्या है? या फिर 'हाईकमान' से बेहतर दिखने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति असहिष्णुता है?''

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, ''इसलिए, जयराम रमेश अपने ही कांग्रेसी शशि थरूर को संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए चुने जाने का विरोध कर रहे हैं।''

भंडारी ने पूछा, ''राहुल गांधी भारत के लिए बोलने वाले हर व्यक्ति से नफरत क्यों करते हैं, यहां तक कि अपनी पार्टी में भी?'' 'एक्स' पर एक अन्य पोस्ट में मालवीय ने आरोप लगाया कि भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए कांग्रेस की तरफ से दिये गये विकल्प न केवल ''चौंकाने वाले'' हैं, बल्कि ''गंभीर रूप से संदिग्ध'' भी है।

भाजपा नेता ने कहा, ''उदाहरण के लिए, भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधिमंडल में सैयद नासिर हुसैन को शामिल करना, वाकई चौंकाने वाला है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह उनके समर्थक ही थे जिन्होंने राज्यसभा में उनकी जीत का जश्न मनाते हुए विधान सौध के अंदर ''पाकिस्तान जिंदाबाद'' के नारे लगाए थे।'' उन्होंने बताया कि बेंगलुरु पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की रिपोर्ट, परिस्थितिजन्य साक्ष्य और गवाहों के बयानों के आधार पर घटना के सिलसिले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

मालवीय ने कहा, ''गौरव गोगोई के बारे में जितना कम कहा जाए, उतना अच्छा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गोगोई पर पाकिस्तान में 15 दिन बिताने का आरोप लगाया है और कहा है कि अटारी सीमा पर उनके आगमन और प्रस्थान को आधिकारिक रूप से दर्ज किया गया था।''

## थरूर पर कटाक्ष: कांग्रेस में होने और कांग्रेस का होने में फर्क

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने विदेश जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शशि थरूर के शामिल होने की घोषणा के बाद उन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए शनिवार को कहा कि ''कांग्रेस में होने और कांग्रेस का होने में जमीन-आसमान का फर्क है।''

उल्लेखनीय है कि सरकार ने शनिवार को कहा कि विदेश जाने वाले सात प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व थरूर करेंगे। थरूर ने विदेश जाने वाले सात प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलने के बाद कहा कि जब राष्ट्रीय हित को बात होगी तो वह अपनी सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शशि थरूर का नाम लिए बगैर कहा कि ''कांग्रेस में होने और कांग्रेस के होने में जमीन आसमान का फर्क है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने इस मामले में ईमानदारी नहीं सिर्फ शरारत दिखाई है और वह ध्यान भटकाने का खेल खेल रही है क्योंकि उसका विमर्श 'पंचर' हो गया है।

# गंगा में रासायनिक संदूषण से लुप्तप्राय गंगेटिक डॉल्फिन को खतरा: अध्ययन



नयी दिल्ली, (भाषा) गंगा में मिले विषैले रसायनों का खतरनाक स्तर लुप्तप्राय 'गंगेटिक डॉल्फिन' के स्वास्थ्य और अस्तित्व के लिए खतरा बन रहा है। एक वैज्ञानिक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है।

'हेलियन' पत्रिका में प्रकाशित भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया कि मीठे पानी के ये जलीय जीव अपने भोजन के माध्यम से रसायनों के खतरनाक मिश्रण के संपर्क में आ रहे हैं। शोधकर्ताओं ने 'गंगेटिक डॉल्फिन' द्वारा खाए जाने वाली मछली की प्रजातियों में 39 प्रकार के अंतःस्रावी-विघटनकारी रसायनों का विश्लेषण किया। अध्ययन के मुताबिक, निष्कर्षों से पता चला कि डॉल्फिन द्वारा शिकार की जाने वाली मछलियों में औद्योगिक प्रदूषक 'डाइ फथलेट' (डीईएचपी) और 'डाइ-एन-ब्यूटाइल फथलेट' (डीएनबीपी) जैसे महत्वपूर्ण जैव संचयन होते हैं।

अध्ययन में बताया गया कि इन मछलियों में डीडीटी और लिंडेन (-एचसीएच) जैसे प्रतिबंधित कीटनाशकों के अवशेष भी मिले हैं, जो गंगा बेसिन में पर्यावरण नियमों को खराब तरीके से लागू किये जाने की ओर इशारा करते हैं।

गंगा में रहने वाली डॉल्फिन की आबादी में 1957 के बाद से 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है और भारत के राष्ट्रीय जलीय जानवर के रूप में नामित होने के बावजूद उनकी संख्या लगभग एक चौथाई कम हो गई है।

दुनियाभर में नदियों में पाई जाने वाली डॉल्फिन की केवल पांच प्रजातियां बची हैं और ये सभी खतरे में हैं। अध्ययन में चेतावनी दी गयी कि भारत में यांग्त्जी नदी त्रासदी जैसी घटना हो सकती है, जहां अनियंत्रित मानवीय गतिविधियों के कारण एक समान प्रजाति विलुप्त हो गई थी। अध्ययन में प्रदूषण के लिए कई स्रोतों को जिम्मेदार ठहराया गया है, जिसमें खेती में इस्तेमाल किये जाने वाले कीटनाश्क व खरपतवार, कपड़ा क्षेत्र से अनुपचारित औद्योगिक अपशिष्ट, वाहनों से उत्सर्जन, खराब ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ता पर्यटन शामिल है।

अंतःस्रावी-विघटनकारी रसायनों के प्रभाव विशेष रूप से चिंताजनक हैं क्योंकि 'गंगेटिक डॉल्फिन' के अंदर हार्मोनल प्रणालियों को प्रभावित कर सकते हैं, उनमें प्रजनन संबंधी समस्याएं पैदा कर सकते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र में लंबे समय तक बने रह सकते हैं।

'गंगेटिक डॉल्फिन' को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची 'आई' के तहत संरक्षित किया गया है लेकिन अध्ययन में इस बात पर जोर दिया गया कि अगर इस प्रजाति को जीवित रखना है तो कागज पर संरक्षण को कार्रवाई योग्य नीति व प्रदूषण नियंत्रण में बदलना होगा।

## आप से असंतुष्ट दिल्ली नगर निगम के 13 पार्षदों ने बनाई नयी राजनीतिक पार्टी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में एक नया राजनीतिक मोड़ आया जब शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के 13 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और विकास कार्य ठप होने तथा आंतरिक असंतोष बढ़ने का हवाला देते हुए एक अलग संगठन - इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी - के गठन की घोषणा की।

वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल, जो नई पार्टी के अध्यक्ष होंगे, ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "हमारे चुनाव के बाद से ढाई साल में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। पार्टी अंदरूनी कलह और आरोप-प्रत्यारोप में ही व्यस्त रही। हमने नेतृत्व के समक्ष बार-बार अपनी चिंताएं रखीं, लेकिन किसी ने नहीं सुनी।" आप की तरफ से इस घटनाक्रम पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गयी।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' और ओसामा बिन लादेन को ढेर किए जाने की कार्रवाई में समानताएं हैं: धनखड़



नयी दिल्ली, (भाषा) उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' और पाकिस्तान में अमेरिकी सेना द्वारा ओसामा बिन लादेन को ढेर किए जाने के बीच समानताएं हैं।

उपराष्ट्रपति ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमलों को भारत द्वारा ''अब तक का सबसे बड़ा सीमा पार हमला'' बताया और 11 सितंबर, 2001 को अमेरिका में हुए आतंकवादी हमलों का जिक्र किया। लादेन का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि अमेरिका में 11 सितंबर के हमलों की योजना बनाने और उसे अंजाम देने वाले एक वैश्विक आतंकवादी को अमेरिकी सेना ने दो मई, 2011 को ''इसी तरह'' निपटाया था।

जयपुरिया संस्थानों के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''भारत ने यह कर दिखाया है। और दुनिया के सामने यह किया है।'' उन्होंने कहा, ''एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया गया है। शांति की भावना को बनाए रखते हुए, आतंकवाद पर प्रहार करना उद्देश्य रहा है। पहली बार, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के गढ़ों पर अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार सटीक हमले किए गए।''

धनखड़ ने कहा कि हमले इतने सटीक थे कि केवल आतंकवादियों को ही नुकसान पहुंचा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार से वैश्विक समुदाय को एक संदेश दिया था।उन्होंने कहा, ''वह खाली कहने की बात नहीं थी।

## भारत के खिलाफ काम करने वाले देशों की अर्थव्यवस्थाओं की मदद नहीं कर सकते: धनखड़

नयी दिल्ली, (भाषा) उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि लोग आयात या यात्रा के जरिए उन देशों की अर्थव्यवस्थाओं की मदद नहीं कर सकते जो भारत के हितों के प्रतिकूल हैं।

धनखड़ की यह टिप्पणी 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत के साथ सैन्य टकराव में पाकिस्तान को समर्थन देने के बाद तुर्किये और अजरबैजान के व्यापार और पर्यटन बहिष्कार के बीच आई है। उन्होंने कहा, ''क्या हम उन देशों को सशक्त बना सकते हैं जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं? समय आ गया है जब हममें से प्रत्येक को आर्थिक राष्ट्रवाद के बारे में गहराई से सोचना चाहिए।'' उपराष्ट्रपति ने कहा कि हर चीज का मूल्यांकन राष्ट्रवाद के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के आधार पर किया जाना चाहिए। तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया है और 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पड़ोसी देश और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा की है।


दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook


# जैस्मीन शाह ने डीडीसीडी पद से हटाए जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय में दायर याचिका वापस ली



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता जैस्मीन शाह को वह याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी है जिसमें उन्होंने 2022 में दिल्ली संवाद एवं विकास आयोग (डीडीसीडी) के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करने से रोकने संबंधी दिल्ली सरकार के आदेश को चुनौती दी थी।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने इस महीने की शुरुआत में पारित आदेश में कहा, ''याचिकाकर्ता के वकील वर्तमान याचिका को वापस लेना चाहते हैं। इसलिए इसे वापस लिया गया मानकर खारिज किया जाता है।' दिल्ली सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि याचिका कायम नहीं रह सकती क्योंकि अधिकारियों का स्पष्ट रुख यह है कि जैस्मीन शाह को पद से हटाना सही था।


जैस्मीन शाह ने अपनी याचिका में दिल्ली सरकार के निदेशक (योजना) द्वारा 17 नवंबर, 2022 को जारी आदेश को चुनौती दी थी। यह आदेश उपराज्यपाल द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जैस्मीन को डीडीसीडी के उपाध्यक्ष के पद से हटाने के अनुरोध पर जारी किया गया था।

डीडीसीडी कार्यालय को ''शाह द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए दुरुपयोग'' को रोकने के लिए सील कर दिया गया था और उन्हें दी गई सुविधाएं भी वापस ले ली गई थीं।

याचिका में जैस्मीन ने कहा था कि ''प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग'' कर उनके खिलाफ अवैध, स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण और अधिकारों से परे जाकर आदेश जारी किया गया।

जैस्मीन ने उनके कार्यालय को बंद करने और सभी सुविधाओं के साथ-साथ विशेषाधिकारों को वापस लेने के आदेशों की भी आलोचना की। याचिका के लंबित रहने के दौरान, उपराज्यपाल के वकील ने बताया कि शाह को हटाने का मामला राष्ट्रपति को भेज दिया गया था।

दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी इलेक्ट्रिक वाहन नीति में जैस्मीन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह फूड ट्रक नीति, इलेक्ट्रॉनिक सिटी और शॉपिंग फेस्टिवल समेत दिल्ली सरकार की विभिन्न पहल का खाका तैयार करने में शामिल डीडीसीडी के उपाध्यक्ष थे।

# सड़क किनारे मच्छरदानी बेच रही लड़की से बारातियों ने की छेड़छाड़

## विरोध करने पर परिवार को पीटा, नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली। मामला बारादरी क्षेत्र का है जहां डोहरा रोड पर रहने वाले एक गरीब परिवार के साथ गुरुवार रात बारात में शामिल युवकों ने मारपीट की। आरोप है कि पीड़िता की भतीजी दुकान बंद कर रही थी, तभी कुछ युवक दुकान पर आए और मच्छरदानी का रेट पूछने लगे। रेट बताने पर युवती के साथ अभद्रता की। पीड़ित ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ सड़क किनारे झुग्गी डालकर रहता है और मच्छरदानी व अन्य सामान बेचकर गुजारा करता है। गुरुवार की रात करीब 10:20 बजे उसकी भतीजी दुकान बंद कर रही थी, तभी एक बारात वहां से गुजर रही थी। बारात में शामिल 8-10 युवक दुकान पर आकर मच्छरदानी के दाम पूछने लगे। जब लड़की ने दाम बताया तो युवकों ने अभद्र टिप्पणी और अश्लील इशारे किए। शोर सुनकर पीड़ित और उसका बेटा व पत्नी मौके पर आए और इसका विरोध किया तो युवक भड़क गए, और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान पीड़ित और उसका बेटा बुरी तरह घायल गए। शोर सुनकर आस-पास के लोग दौड़े और किसी तरह बचाव किया। आरोपी युवक पुलिस की गाड़ी की आवाज सुनते ही मौके से भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित ने बारादरी थाने में तहरीर देकर सम्राट अशोक नगर के विरेंद्र सिंह, सुदेश कुमार, गुरजीत सिंह, दुर्गानगर के अखिलेश सिंह, बिचपुरी के आशीष व उमेश सिंह, एक बदायूं निवासी और एक शाहजहांपुर निवासी युवक पर एफआईआर दर्ज कराई है। बारादरी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# जांच से आहत ग्रामीण पहुंचे डीएम और बीएसए के पास

## शिकायत हेड मास्टर के आचरण की जिस पर निलंबन हुआ, जांच अधिकारी कर रहे हैं मिड डे मील की जांच

**ग्रामीणों का कहना गलत आचरण के हेडमास्टर की स्कूल में दोबारा बहाली ना हो अगर बहाली होती है तो हम सभी ग्रामीण अपने बच्चों के भविष्य के लिए एकत्र होकर धरने के लिए मजबूर होंगे**










**नेशनल एक्सप्रेस / पवन त्रिपाठी ब्यूरो**

बरेली जैसा कि आपको विदित है प्राथमिक विद्यालय सहजनपुर हेतराम के हेड मास्टर पर स्कूल मे कार्य करने वाली महिला रसोइया के साथ विद्यालय परिसर में बच्चों के सामने ही अमानवीय हरकतें और स्कूल परिसर में धूम्रपान संबंधित शिकायत की गई थी। जिस पर इरअ बरेली ने संज्ञान लेते हुए हेड मास्टर को निलंबित कर दिया था और हेड मास्टर के विरुद्ध जांच के आदेश दिए थे। जिसकी जांच रामनगर इएड को सौंपी गई। इएड रामनगर सहजनपुर हेतराम विद्यालय में जांच के लिए मौके पर पहुंचे

जहां ग्रामीणों ने एक ही बात रखी की हमें इस हेड मास्टर की बहाली इस विद्यालय में नहीं चाहिए ,अन्य किसी विद्यालय में भेज दे। अगर इस हेड मास्टर को इस विद्यालय में बहाली के बाद दोबारा भेजा गया तो हम सारे ग्रामवासी स्कूल मे धरने पर बैठेंगे और कार्रवाई की मांग करेंगे। क्योंकि इन हेड मास्टर का आचरण अच्छा नहीं है गलत आचरण के चलते इन्हें सस्पेंड किया गया था और इनके गलत आचरण का प्रभाव कहीं ना कहीं बच्चों के भविष्य पर पड़ रहा था। जिसका ग्राम वासियों ने कड़ा विरोध किया।

ग्राम वासियों का कहना है हेड मास्टर के गलत आचरण के वजह से इनको सस्पेंड किया गया था तमाम गंभीर आरोप लगे थे आरोपों के साक्ष्य सोशल मीडिया के माध्यम से अधिकारियों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। उन्हें अनदेखा कर हेड मास्टर द्वारा एक कागज पर इस विद्यालय में अपनी पुन बहाली को लेकर फर्जी हस्ताक्षर कर आख्या के लिए जांच अधिकारी को सौपा गया है। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि जांच अधिकारी द्वारा हेड मास्टर के आचरण की जगह मिड डे मील की जांच की जा रही है ।और जांच को दूसरी दृष्टि से देखा जा रहा है, तमाम साक्ष्य होने के बावजूद भी जांच अधिकारी द्वारा इन्हें अनदेखा किया जा रहा है। जांच अधिकारी इन्हें बहाली के बाद पुनः विद्यालय देने की कोशिश में लगे हुए हैं। जिसका ग्राम वासियों द्वारा विरोध किया जा रहा है और हेड मास्टर की पुन बहाली होने पर विद्यालय में धरने की बात कही जा रही है।

# पहले ही भू-माफिया घोषित हो चुके एलायंस बिल्डर पर एक और मुकदमा दर्ज





- रुद्रपुर में फ्लैट दिलाने के नाम पर कई लोगों से करोड़ों की ठगी
- आरोपियों की करोड़ों की सम्पत्ति पर पहले हो चुकी है कुर्की की कार्रवाई

**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली। एलायन्स बिल्डर के नाम से प्रचार कर सस्ते फ्लैट बेचने का झांसा देकर लाखो रुपयों की ठगी करने वाले बिल्डरों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर एक और मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित लखीमपुर खीरी निवासी मुकेश गुप्ता ने थाना बारादरी में आरोपियों में अमनदीप सिंह, रमनदीप सिंह, हनी सिंह भाटिया, समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सभी को पहले ही भू-माफिया घोषित किया जा चुका है और प्रशासन ने उनकी सम्पत्ति जब्त कर ली है।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें लक्ष्मीनारायण गुप्ता निवासी पलिया कलां, लखीमपुर खोरी ने बताया कि वर्ष 2006 में एलायन्स बिल्डर के नाम पर अमनदीप सिंह, रमनदीप सिंह निवासी शहदाना थाना बारादरी, हनी सिंह भाटिया निवासी रेजिडेंस गार्डन बारादरी, अरविंदर सिंह, युवराज सिंह, व सत्यवीर सिंह निवासी जनकपुरी थाना प्रेमनगर ने रुद्रपुर में एलायन्य सिटीवन के नाम से सस्ते फ्लैट बनाने का विज्ञापन छपवाया। प्रचार सामग्री से प्रभावित होकर मुकेश गुप्ता व उनकी बहन मंजू गुप्ता ने फ्लैट बुकिंग के लिए कुल साढ़े सात लाख रुपये चेक के माध्यम से दिए उन्हें 15 महीने में फ्लैट हैंडओवर करने का वादा किया

गया था।15 महीने का वादा, 18 साल बाद भी खाली हाथउन्हें 15 महीने में फ्लैट देने का वादा किया गया था, मगर 18 साल बाद भी न तो फ्लैट मिला और न ही पैसे लौटाए गए। बिल्डर लगातार टाल-मटोल करते रहे। उनके ऑफिस पर जाने पर स्टाफ मिलाने से इंकार करता था। जब आसपास जानकारी की गई तो पता चला कि ये सभी आरोपी पहले से कई लोगों ठगी कर चुके है। मुकेश गुप्ता ने कई बार थाने और एसएसपी कार्यालय में शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार उन्होंने न्यायालय में चाचिका दाखिल की, जिसके बाद एसीजेएम फस्ट कोर्ट के आदेश पर थाना बारादरी में केस दर्ज किया गया है। भू-माफियाओं की 35 करोड की संपत्तियों को किया जा चुका है जब्त 2023 में बरेली की सिलिंग की जमीनों पर कब्जे में फंसे एलायन्स बिल्डर्स ग्रुप की 35.11 करोड़ रुपये क संपत्ति को लेकर तत्कालीन डीएम के आदेश पर संपत्ति को जब्त कर लिया गया था। इस दौरान पुलिस ने ढोल-नगाड़े बजाकर मुनादी भी कराई थी। जिसमें युवराज की कोठी, निदेशक अमनदीप व रमनदीप की कोठी व दफ्तार, रेजिडेंसी गार्डन में हनी भाटिया व ट्यूलिप टावर में अमनदीप और रमनदीप की चार दुकानों को सील किया गया था।

# नगर निगम द्वारा बनाई गई सड़क पर निकलने का विरोध

## रास्ते के विवाद में मारपीट, बाप-बेटा गंभीर रूप से घायल, दूसरे पक्ष की बुजुर्ग महिला घायल



**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बाबा गरीबदास मंदिर के पास रहने वाले एक व्यक्ति देव ने बताया कि वह शनिवार सुबह सब्जी का ठेला लेकर अपनी दुकान लगाने के लिए सब्जी मंडी जा रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले पिंटू, केक, टीटूऔर भारत नामक चार लोग नगर निगम द्वारा बनाई गई सड़क से निकलने का विरोध कर रहे थे।

देव के अनुसार, जब उन्होंने विरोध की परवाह किए बिना रास्ता पार करने की कोशिश की, तो चारों लोगों ने उनके और उनके पिता मोहन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। वहीं, दूसरे पक्ष की महिला विद्यापति ने पुलिस को बताया कि देव और उनके पिता जबरन उनकी दुकान में घुस आए और मारपीट करने लगे। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने विद्यापति के परिजन गुर्जर और मन को भी उपचार हेतु मेडिकल भेजा।पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# खेत में मिली महिला की लाश, गला रेतकर की गई हत्या, दहशत

## बिथरी चैनपुर क्षेत्र की वारदात, जमीन विवाद में रिश्तेदारों पर शक, पुलिस ने शुरू की पूछताछ जल्द होगा हत्या का खुलासा



**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली। मामला बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र का है जहां शुक्रवार रात एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। महिला का शव शनिवार सुबह खेत में मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस इसे जमीन विवाद से जोड़कर देख रही है और शक के आधार पर कुछ रिश्तेदारों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतका की पहचान 58 वर्षीय हरप्यारी पत्नी रामकुमार निवासी नवदिया हरकिशन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, हरप्यारी का गांव के बाहर एक फार्म हाउस है, जहां उनका बड़ा बेटा पवन और पति रामकुमार रहते हैं। शुक्रवार रात हरप्यारी घर से खाना लेकर फार्म हाउस गई थीं। वहां से पति के कहने पर वह कुछ सामान लेने वापस घर जा रही थीं, तभी रास्ते में उनकी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई।

रात भर परिजन यही सोचते रहे कि हरप्यारी घर पर ही रुक गई होंगी, लेकिन सुबह तक जब वह नहीं लौटीं, तो तलाश शुरू हुई। शनिवार सुबह गांव के पास खेत में उनका शव मिला। गले पर गहरे घाव थे, जिससे स्पष्ट है कि हत्या धारदार हथियार से की गई। सूचना मिलते ही एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र मौके पर पहुंचे।

उन्होंने बताया कि शव सुबह 6 बजे खेत में मिला। परिजनों ने कुछ रिश्तेदारों पर संदेह जताया है। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि जांच तेजी से की जा रही है और जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील मीरगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस

## पूर्व की प्राप्त शिकायतों के संदर्भ में शिकायतकर्ताओ से फोन निस्तारण के संबंध में ली जानकारी



**समस्त अधिकारी सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण**

**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली/ जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज जनपद बरेली की तहसील मीरगंज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन हुआ।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के रजिस्टर का अवलोकन किया तथा रजिस्टर में अंकित शिकायतकताओं से फोन पर वार्ता भी की और पाया कि कुछ शिकायतों का निस्तारण अभी तक नहीं हुआ है तथा रजिस्टर में शिकायत का निस्तारण दिखा दिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को जनसामान्य की समस्याओं का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दर्शन, सम्पूर्ण समाधान दिवस(तहसील दिवस) एवं समाधान दिवस (थाना दिवस) मा0 मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है।

उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त अधिकारी सम्पूर्ण समाधान दिवस में अवश्य आए और जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका त्वरित निस्तारण भी करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में अवैध कब्जा, राशन कार्ड, पेंशन आदि से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में निवासी दोंद आलमपुर ने आम रास्ते पर अवैध कब्जा हटवाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक/लेखपाल को पैमाइश उपरांत चकरोड खाली कराए जाने के निर्देश दिए।

ग्राम प्रधान हल्दी खुर्द द्वारा गौशाला में विद्युत कनेक्शन कराने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को कनेक्शन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

एक आवेदक द्वारा राशन कार्ड में यूनिट जुड़वाने का अनुरोध किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी मीरगंज तृप्ति गुप्ता सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ओमपाल बने मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष

**नेशनल एक्सप्रेस**



मुरादाबाद/अमरोहा/रामपुर। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार कर्मचारी संघ का मुरादाबाद मंडलीय अधिकारी सरदार सिंह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, मिनिस्ट्रियल फेडरेशन सर्विसेज एसोसिएशन उत्तर प्रदेश व सीरी अजीत यादव, प्रांतीय अध्यक्ष तथा अभिषेक बाजपेई प्रांतीय महामंत्री,बाल बाल विकास एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश कर्मचारी संघ की मौजूदगी में संपन्न हुआ। विकास भवन मुरादाबाद में जिसमें मंडल के विभिन्न पदाधिकारीगण सर्वसम्मति से चुने गए।ओमपाल सिंह-मंडल अध्यक्ष ,भूपेंद्र कुमार- मंडल मंत्री, कृष्ण भगवान मंडल कोषाध्यक्ष, शाइस्ता परवीन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपेंद्र मोहन-संगठन मंत्री, विशाल भटनागर-संयुक्त मंत्री, दीनदयाल-कार्यालय सचिव , पंकज कुमार-कनिष्ठ उपाध्यक्ष, शैलेंद्र कुमार-संप्रेक्षक, चुनाव अधिकारी एवं प्रांतीय पदाधिकारियों ने चुने गए सभी पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की गाइडलाइंस के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए, मंडल मंत्री बाल विकास सेवा एवं पुस्तक उत्तर प्रदेश कर्मचारी संघ रहे।

# बच्चों ने टॉक शो के माध्यम से मातृत्व की ममता का जाना सही अर्थ



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/अमरोहा। हैप्पी हाटर्स एन इन्टरनेशनल प्रीस्कूल में माताओं के लिए टॉक शो मातृत्व का आयोजन किया गया। जिसमें हैप्पी हाटर्स एन इन्टरनेशनल प्रीस्कूल की माताओं व उनके बच्चों के शारिरिक व मानसिक हर तरीके के प्रश्नों का जवाब देने के लिए एक्सपर्ट्स बुलाये गये। पहले एक्सपर्ट के रूप में डॉक्टर प्रेमलता श्रीधर आमंत्रित थीं। जो कि मुरादाबाद में 40 वर्षों से जीवन ज्योति अस्पताल चला रही है जो सामाजिक सेविका के रुप में भी जुड़ी हुई हैं। दूसरे एक्सपर्ट के रूप में मिसेज श्रुति अरोड़ा को आमंत्रित किया जो कि मानसिक रोगी बच्चों के लिए होम फॉर स्पेशल नाम से एक स्कूल चला रही हैं।प्रोग्राम की शुरूआत मां तू कितनी अच्छी है मेरी मॉंह्य गीत पर बच्चों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से हुई । इस टॉक शो के माध्यम से विद्यालय ने क्षेत्र की माताओं को जागरुक, शिक्षित, सशक्त बनाने की एक पहल की है। सभी माताओं के महत्वपूर्ण प्रश्नों के एक्सपर्ट्स ने संतोषजनक जवाब दिये व उनके जीवन जीने के तरीके से जुड़े व उनके बच्चों के विकास और व्यवहार से जुड़े बहुत सारे अन्य सवालों के भी जवाब दिये।

# हीरा इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने बढ़ाया मान

- शत-प्रतिशत रहा परिक्षा परिणाम, प्रबंधन में दौड़ी खुशी की लहर
- निदेशक कपिल कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य भगवान सिंह ने छात्र छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कर उनका हौसला बढ़ाया







**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

धनौरा। सीबीएसई बोर्ड कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें नगर के हीरा इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया। स्कूल का इंटरमीडिएट व हाईस्कूल का रिजल्ट पूर्व वर्ष की भांति शत-प्रतिशत रहा। जिससे प्रबंधन में खुशी की लहर दौड़ गई। मंगलवार को सीबीएसई का परिक्षा फल घोषित किया गया। चांदपुर रोड स्थित हीरा इंटरनेशन स्कूल में इंटर के छात्र हर्ष तोमर ने 94 प्रतिशत अंक और छात्रा सुरभि त्यागी ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया। छात्रा हृदयजींत ढिल्लों 92.6 94 प्रतिशत अंकों से दूसरे स्थान पर रही। मालिनी सिंह ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्र यासर ने भी 85.8 प्रतिशत अंक पाकर चौथा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 10वीं में छात्र शुभ गोयल ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया है। छात्र ध्रुव अग्रवाल ने 95.2 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे स्थान पर रहे तथा छात्र हार्दिक शर्मा ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया, स्कूल के छात्र सोहम अग्रवाल ने 93.6 प्रतिशत, केशव कुमार ने 93.6 प्रतिशत, ईशा अग्रवाल ने 93 प्रतिशत, शांतनु ने 92.6 प्रतिशत, आराधिका अग्रवाल ने 91.8 प्रतिशत, प्रेरणा ने 91.6 प्रतिशत, सृष्टि त्यागी ने 91 प्रतिशत तथा आराध्य ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन एवं अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर निदेशक कपिल कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य भगवान सिंह, श्रीकान्त गुप्ता, शिवम अग्रवाल, अर्पित कौशिक, सोनित कुमार, लोकेन्द्र सिंह, कपिल देव शर्मा, शाने आलम, अंशुल अग्रवाल, अचल सिंघल, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी ने किया नगरपालिका व गौशाला का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा





**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

हसनपुर। अपर जिलाधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने नगरपालिका का औचक निरीक्षण किया। पत्रावलियों का गहनता से निरीक्षण कर कान्हा गौशाला पहुंच कर गौवंश की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शनिवार को अपर जिलाधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने नगरपालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह कार्य योजनाओं की पत्रावलियों का निरीक्षण कर पालिका द्वारा संचालित कान्हा गौशाला पहुंच कर गौवंश के रखरखाव का जायजा लिया। गौवंश को गुड़ चोकर खिलाया। भूसा, हरा चारा, खल, चोकर मानक अनुसार मिलने पर पालिका अधिशासी अधिकारी व कर्मचारियों की पीठ थपथपाई। साथ ही निर्देश देते कहा कि गर्मी से गौवंश को बचाव के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, कूलर व पंखे हर समय चलाए जाएं, गौवंश को दिन में दो से तीन बार पानी पिलाया जाए। कहा कि अगर कोई गौवंश बीमार है तो तत्काल पशु चिकित्सक को सूचना दें और उपचार कराया जाए। इस मौके पर करनसिंह, दिनेश कुमार, शारिक, आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका के गर्मी में ठंडे फ्रीजर पड़े खराब, गर्मी में लोग हो रहे है परेशान




**नेशनल एक्सप्रेस मनीष शर्मा**

सम्भल। चंदौसी नगर पालिका परिषद में सार्वजनिक जगहों पर लगे वाटर कूलर खराब पड़े हैं। उनसे गर्म पानी निकल रहा है या फिर खराब पड़े हैं । उनसे कोई फायदा नहीं हो रहा है और लोगों की प्यास नहीं बुझ रही है। भीषण गर्मी में वाटर कूलर ठीक नहीं कराए जाने पर व्यापारियों ने भी नाराजगी जताई नगर में सार्वजनिक जगहों पर लगे वाटर कूलर खराब पड़े हैं। अगर कोई वाटर कूलर ठीक है तो वह चल नहीं रहा है। इस कारण उनसे गर्म पानी निकल रहा है। नगर में लगे वाटर कूलर खराब होने के कारण राहगीरों को ठंडे पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। दुकान से पानी खरीदकर पीना पड़ता है । वाटर कूलर ठीक नहीं कराए गए। दूसरे गांवों से आने वाले लोगों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वाटर कूलर और नल खराब लोगों की प्यास बुझाने के लिए थाने के पास लगाए गए वाटर कूलर खराब हैं। बाजार में आने वाले लोगों को पेयजल की सुविधा के लिए जल्द वाटर कूलर ठीक कराया जाए। पानी खरीदकर बुझानी पड़ रही प्यास भीषण गर्मी में नगर में लगे वाटर कूलरों से गर्म पानी निकलता है। जिस कारण मजबूरी में राहगीरों को दुकानों से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है।

नगर में लगभग ज्यादातर वाटर कूलर खराब पड़े हैं । ऐसी भीषण गर्मी में बहुत से लोग परेशान हैं क्योंकि पानी पीने को नहीं मिल पा रहा है । उधर जल निगम की योजना ने सरकार ने अच्छे को बनाई थी जनता को सुविधा मिले लेकिन चंदौसी में समय से पानी नहीं आ रहा जिससे मोहल्ले वासी परेशान है ।

इस योजना से पहले पानी चार टाइम आता था । लेकिन अब नगर पालिका के जेई का ध्यान नहीं दे रहे हैं ।और पानी दो वक्त व मुश्किल ही आ पता है । शिकायत करो तो बताते हैं की लाइन में लीकेज है ।

**योगेश गोल्डन, व्यापारी**

ठंडा फ्रिज ठीक कराने की टेंडर प्रक्रिया हो गई है। एक सप्ताह में जल सप्लाई और ठंडा फ्रिज दोनों समस्याएं ठीक करा दिए जाएंगे।

**अधिशासी अधिकारी चन्दौसी।**

## जीआरपी व आरपीएफ पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। शुक्रवार की रात्रि लगभग 2 बजे पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान ' पूर्व कुछ दिनों से जीआरपी व आरपीएफ पुलिस ने रेलवे स्टेशन व आसपास सतर्कता जा रही है। जिसको लेकर रेलवे पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया हैं। शुक्रवार की रात्रि 2 बजे जीआरपी व आरपीएफ थाना प्रभारियो अजीत प्रताप सिंह व गोविन्द सिंह के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के आउटर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें वहां से गुजरने वाले लोगों के साथ उनके सामान की तलाशी ली गई। थाना जीआरपी व आरपीएफ पुलिस अपराध की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान चला रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि रेलवे स्टेशन के आसपास काफी संख्या में लोग बेवजह घूमने आते हैं और काफी रात तक रेलवे स्टेशन के आउटर क्षेत्र में घूमते रहते हैं। इसी दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार की रात चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें घुमंतू लोगों की तलाशी ली गई। वहीं उधर से गुजर रहे यात्रियों व सामान की तलाशी। उन्होंने कहा कि यह अभियान यात्रियों की सुरक्षा के साथ अपराध पर रोकथाम के चलाया जा रहा है

## परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र में 6 परिवारों को मिलाया



**नेशनल एक्सप्रेस बिंटू शर्मा**

बहजोई सम्भल। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग शनि वार सुबह 10:30 बजे पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई जहां पति-पत्नी के मध्य हुए आपके विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जहां कुल 69 पत्रावलियों को सुनकर 20 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया जिसमें से 5 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं 6 परिवारों को मिलाया गया तथा 9 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने एवं अन्य कारणों से बंद की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधि परामर्दता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट तथा काउंसलर कंचन महेश्वरी बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता सीमा आर्य तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों को यातायात नियमों से कराया जागरूक

नेशनल एक्सप्रेस /चंदौसी। शनिवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात एवं प्रभारी यातायात दुस्यंत बलियान के नेतृत्व में डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान ३परवाह३ के अंतर्गत चंदौसी के ए. एम. वर्ल्ड स्कूल चंदौसी में मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत,मुख्य आरक्षी विशांत चौधरी एवं मुख्य आरक्षी धर्मेंद्र ने स्कूली बच्चों को ले जाने वाली बसों के चालक एवं परिचालकों को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए आप सब जिम्मेदार हैं चलती बस में ना तो बच्चों को उतारे और ना बच्चों को चढ़ाए, बसों में इस्तेमाल होने वाली मेडिकल किट को समय-समय पर अवश्य चेक करें ,दुरुस्त रखें। गति सीमा को बनाए रखें, ध्यान रखें कि बच्चे बस में से हाथ और सिर बाहर ना निकाले, यह स्कूली बच्चे भारत का भविष्य है उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता दें, हाईवे पर बने संकेतक ,चेतावनी आदि को नजरअंदाज ना करें उसी के अनुसार अपने वाहन को चलाएं। आपकी जरा सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना को कारित कर सकती है, यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। यातायात नियमों एवं सड़क चिन्हों संबंधी पंपलेट वितरित किए गए।

## समाधान दिवस: 60 शिकायतों में से मात्र दस का निस्तारण



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सम्भल। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील सम्भल सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील सम्भल में कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमे 11 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया।और तहसील चंदौसी में कुल 60 शिकायतें प्राप्त हुईं 10 शिकायतों का तत्काल किया निस्तारण किया गया। शेष के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तथा प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए जिससे शिकायतकर्ता शिकायत पुनः लेकर न आए।

## अधिवक्ता परिषद ब्रज इकाई की स्वाध्याय मंडल बैठक हुई आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस /चंदौसी सम्भल। शनिवार को अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद इकाई सम्भल के स्वाध्याय मंडल की बैठक बार रूम सभागार चंदौसी में आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता प्रवीण गुप्ता एडवोकेट ने निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत चेक सम्बन्धी मामलों पर बताया कि किन परिस्थितियों में चेक बाउंस के वाद न्यायालय में लाये जा सकते हैं और ऐसे वाद योजित करते समय क्या क्या सावधानियां रखनी चाहिये। बैंक द्वारा चेक अनादृत कर दिये जाने पर एक माह के अंदर नोटिस देना अनिवार्य है तथा नोटिस अवधि पूरी होने के 1 माह के अंदर न्यायालय में वाद अवश्य योजित हो जाना चाहिए, यदि एक माह में वाद योजित नही किया जा सका तो पर्याप्त कारण होने पर देरी क्षमा किये जाने का भी प्रावधान है। इस सम्बंध में विभिन्न उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय की विधि व्यवस्थाओं के विषय में भी चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता राजीव शर्मा एवं संचालन विकास मिश्रा ने किया। इस दौरान बैठक में विष्णु शर्मा, अमरीश अग्रवाल, विभोर बंसल, सुनील कुमार, रजनी शर्मा, विक्रम चौहान, सचिन गुप्ता, अजय श्रीधर, आकाश मिश्रा, अजय कुमार, ललित कुमार, दिनेश शर्मा, यशपाल, राहुल पाल, कुसुम मिश्रा, संगीता सिंह, नीतू एवं आयुष वार्ष्णेय उपस्थित रहे।

## मंगलायतन विश्वविद्यालय में नर्सिंग विद्यार्थियों ने मानव सेवा की शपथ ली




**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। मंगलायतन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में दीप प्रज्वलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग विद्यार्थियों को उनके पेशे की मयार्दा, सेवा भावना और कर्तव्यों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए नर्सिंग को मानव सेवा का सर्वोच्च उदाहरण बताया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने कहा कि नर्सिंग केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि यह समाज सेवा का ऐसा माध्यम है जिसमें करुणा, सहानुभूति और निष्ठा का समावेश होता है। उन्होंने कहा कि एक आदर्श नर्स को अनुशासित, संवेदनशील और निस्वार्थ सेवा भाव रखने वाला होना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं। मुख्य अतिथि एएमयू के नर्सिंग विभाग की प्रिंसिपल डा. फराह आजमी ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज भी उनके सिद्धांत और जीवन मूल्य नर्सिंग पेशे के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नर्सिंग की शपथ दिलाते हुए सेवा, सच्चाई और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने भी सेवा व समर्पण के पथ पर चलने का संकल्प लिया।

डीन एकेडमिक प्रो0 राजीव शर्मा ने कहा कि नर्सिंग के क्षेत्र में सेवा का भाव सर्वोपरि है। एक नर्स जाति, धर्म, भाषा से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करती है। विशिष्ट अतिथि एएमयू की प्रो. परमिला ने कहा कि नर्सिंग को सिर्फ पेशे के रूप में नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक शैली के रूप में अपनाना चाहिए। डायरेक्टर प्रो. आरके शर्मा ने भी नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नर्सिंग एक ऐसा पेशा है, जो दूसरों की जिंदगी को छूता है और उसमें बदलाव लाने की क्षमता रखता है। आभार प्रिंसिपल प्रो. शिवराज त्यागी ने व्यक्त किया। संचालन प्रो. गजेंद्र पाराशर ने किया। इस अवसर पर प्रो. अशोक पुरोहित, डा. जितेंद्र यादव, मीनाक्षी बिष्ट, अंकिता लाल आदि थे। मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## एमबीए बैच 2025 के लिए अलविदा फिएस्टा विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस**




अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में एमबीए बैच 2025 के छात्रों के लिए भावनात्मक और रंगारंग विदाई समारोह अलविदा फिएस्टा ह्यह्यद बिगिनिंग इज द एंड, द एंड इज द बिगिनिंगह्व का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एमबीए प्रथम वर्ष (बैच 2026) के छात्रों द्वारा किया गया, जिसमें भावनाओं और मनोरंजन का सुंदर संगम देखने को मिला।

शाम की शुरूआत अनस इब्राहीम और वदूद इरतजा की मार्मिक कविता से हुई, जिसके बाद अब्दुल अहद रऊफ और असजद अली ने मधुर संगीत प्रस्तुतियाँ दीं। ह्लडेयर डेविलह्व और ह्लरैपिड फायर राउंडह्व जैसे रोचक खेलों ने समारोह में उत्साह और हास्य का माहौल बना दिया। प्रशांत सिंह बघेल के एकल संवाद (मोनोलॉग) और फराज अनीस द्वारा जीता गया ह्लकी ड्राह्व राउंड भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर 30 अप्रैल 2025 को सेवानिवृत्त हुए डॉ. आफाक खान के सम्मान में अरहम उल्लाह खान ने उनके योगदान पर भाषण दिया और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष उपाधियाँ भी प्रदान की गईं जिनमें मिस्टर ईवनिंग - असजद अली, मिस ईवनिंग (संयुक्त रूप से)- सहर फर्रुख और महविश फातिमा, मिस्टर फेयरवेल मोहम्मद जैद खान, मिस फेयरवेल- सौदा वकील, विभागाध्यक्ष प्रो0 सलमा अहमद ने उपस्थित छात्रों को प्रेरणादायक संबोधन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन मारिया आलम और हसन मोहम्मद खान ने किया, जबकि युसरा नजम ने आभार व्यक्त किया।

## वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति का अधिष्ठापन समारोह संपन्न

**नेशनल एक्सप्रेस**



अलीगढ़। रतन प्रेम डीएवी इंटर कॉलेज नौरंगाबाद में वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति का अधिष्ठापन समारोह संपन्न हुआ। समारोह में सर्वप्रथम गणेश पूजा सभी सम्मानित पदाधिकारियों और सभी संरक्षिकाओ द्वारा किया गया। विद्यालय की ही बालिकाओं द्वारा गणेश वंदना की गई, फिर सभी पदाधिकारियों व संरक्षिकाओं का स्वागत पटका पहनाकर किया गया। इसके साथ ही सभी मातृशक्तियों का भी स्वागत पटका पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए सभी भाइयों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पहलगाम आतंकी हमले के प्रत्युत्तर में चलाए गऐ ऑपरेशन सिंदूर के तहत एक प्रस्तुति समिति की सदस्यों द्वारा दी गई। जिसमें उपस्थित सभी महिलाओं की आंखें नम हो गई। विद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्य भी किया गया। कार्यक्रम में सभी महिलाओं को हाउजी व गेम्स भी खिलाए गए। सभी ने इस प्रोग्राम की बहुत ही सराहना की सभी समिति सदस्यों को उपहार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष रीता ने बखूबी निभाया। बाद में नगर अध्यक्ष रीता वार्ष्णेय ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान गाकर किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष दर्शन गुप्ता, जिला सचिव नूतन गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष रेनू रानी, नगर सचिव डोली वार्ष्णेय, नगर कोषाध्यक्ष अनुवाला के अलावा सभी संरकक्षिकाएं मधु गुप्ता, लाजेश सर्राफ, स्वर कोकिला रविवाला, बीना गुप्ता, के अलावा साधना वार्ष्णेय, कल्पना वार्ष्णेय ,शशि, शीलजा सुदेश, मृदुला, नीरा, रेखा, रागनी आदि उपस्थित रही।

## पुलिस ने हत्या में वांछित दो अभियुक्त किए गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस**



अलीगढ़। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना क्वार्सी पुलिस टीम के द्वारा हत्या के सम्बन्ध में बीएनएस में वांछित अभियुक्त मौहम्मद अली पुत्र हुसैनी वक्श निवासी किराये पर चिठौरा पैट्रोल पम्प के आगे लाल फ्लैटों के पास ओमभाटी का वर्तनों का गोदाम थाना दादरी जिला गौतमबुद्द नगर, मूल पता-गढिया एलमपुर थाना बन्नादेवी जनपद अलीगढ व खैरन्निशा पत्नी चमन खाँ निवासी ताजबाग कालोनी चिलकौरा थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ को अभियुक्ता के मकान ताजबाग कालोनी चिलकौरा से गिरफ्तार किया।

विगत 09 अप्रैल 2025 को अभियुक्ता खैरून्निशा पत्नी मोहम्मद चमन निवासी ताजबाग कालोनी चिलकौरा थाना क्वार्सी अलीगढ ने उपस्थित थाना आकर एक किता तहरीर दी जिसमे अवगत कराया कि दिनांक 6 अप्रैल 2025 समय करीब 3 बजे मेरे पति मोहम्मद चमन खाँ उम्र 40 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और प्रार्थिया के पति को बाहर बुलाया तभी से प्रार्थिया का पति घर वापस नही आये, वादिया की सूचना पर थाना स्थानीय पर गुमशुदगी पंजीकृत कर जाँच उ0नि0 ललित कुमार को दी गयी, उ0नि0 द्वारा दौराने जाँच गुमशुदगी ज्ञात हुआ कि मौहम्मद चमन को उसका बहनोई मोहम्मद अली उसके घर से अपनी मोटर साईकिल पर झूठ बोलकर छलपूर्वक पूर्व नियोजित षडयंत्र से अपने साथ दादरी ले गया था और वहाँ ग्राम सैंथली व ग्राम नगला नैनसुख के मध्य खेत मै ले जाकर ईंट से प्रहार कर उसी दिन उसकी हत्या कर दी और शव को छिपा दिया था शव को थाना दादरी पुलिस द्वारा बरामद कर पंचायतनामा की कार्यवाही कर क्रियाकर्म कर दिया। मौहम्मद चमन की हत्या के षड़यंत्र मे मोहम्मद अली के साथ मौहम्मद चमन की पत्नी खैरून्निशा भी शामिल थी, उक्त सम्बन्ध मे जाँच अधिकारी की जुबानी सूचना पर थाना स्थानीय पर गुमशुदगी को तरमीम कर बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्तगण के गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित की गयी। दौराने विवेचना अभियुक्त की तलाश व पतारसी सुरागरसी से गिरफ्तार अभियुक्त मौहम्मद अली उपरोक्त व खैरून्निशा उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त मौहम्मद अली द्वारा दौराने पूछताछ बताया मैं अपने साले मोहम्मद चमन के घर आता जाता था इसी दौराने चमन की पत्नी खैरुन्निशा से मेरा प्रेम संबंध हो गया, मोहम्मद चमन ने एक दो बार हम दोनो को गलत तरीके से मिलते देख लिया और काफी झगडा हुआ तब मैंने उससे माफी मांग ली थी और फिर मैंने व खैरुन्निशा ने मौहम्मद चमन को हमेशा के लिये रास्ते से हटाने का प्लान बनाया और दिनांक 06 अप्रैल 2025 को प्लान के मुताबिक मैं मोहम्मद चमन को उसके घर से अपने साथ मोटरसाईकिल से ले गया और दादरी जहाँ मैं काम करता हूं ले जाकर शराब पिलाकर ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद खैरुन्निशा ने मेरे कहने पर मोहम्मद चमन की गुमशुदगी आपके थाने पर झूठी दर्ज करा दी।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएमयू की पहली महिला कुलपति की नियुक्ति को वैध ठहराया

**नेशनल एक्सप्रेस**



अलीगढ़। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शनिवार को एक ऐतिहासिक निर्णय में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (अमुवि) की पहली महिला कुलपति प्रोफेसर नइमा खातून की नियुक्ति को चुनौती देने वाली सभी याचिकाएं खारिज करते हुए उनके चयन को कानूनी, निष्पक्ष और विधिसम्मत बताया है। प्रो0 नइमा खातून जो एएमयू के विमेंस कॉलेज की पूर्व प्राचार्या रह चुकी हैं, विश्वविद्यालय के सौ साल से अधिक के इतिहास में पहली महिला कुलपति नियुक्त की गयीं। उच्च न्यायालय ने इस नियुक्ति को संविधान सम्मत तथा महिला सशक्तिकरण और समावेशिता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्र और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने कहा कि नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया एएमयू अधिनियम, विनियमों और प्रावधानों के अनुरूप हुई। यद्यपि प्रो. खातून के पति प्रो. मोहम्मद गुलरेज ने कार्यवाहक कुलपति के रूप में कुछ बैठकों की अध्यक्षता की थी, परन्तु वे केवल औपचारिक भूमिका में थे और उनके होने से चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अदालत ने यह भी कहा कि अंतिम निर्णय भारत के राष्ट्रपति (जो विश्वविद्यालय के विजिटर होते हैं) द्वारा लिया गया, और उनके विवेकाधिकार पर कोई पक्षपात का आरोप सिद्ध नहीं होता। न्यायालय ने माना कि प्रो. नइमा खातून की योग्यता और पात्रता निर्विवाद है, और उनके चयन को चुनौती देने का कोई आधार नहीं बनता। अमुवि कुलपति प्रो0 नइमा खातून ने कहा कि मुझे हमेशा भारत की न्यायपालिका की स्वतंत्रता, गरिमा और निष्पक्षता पर पूरा विश्वास रहा है। यह निर्णय केवल मेरे व्यक्तिगत स्तर पर न्याय नहीं है, बल्कि हमारे उच्च शिक्षा संस्थानों की संस्थागत प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों की पुष्टि भी है। मैं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की सेवा पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समावेशी शैक्षणिक उत्कृष्टता के संकल्प के साथ करती रहूंगी। मैं आशा करती हूँ कि यह निर्णय हम सभी के लिए एक प्रेरणा बने, और विश्वविद्यालय की ज्ञान, न्याय और प्रगति की विरासत को आगे बढ़ाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को और मजबूत करे।

## संपादकीय

# 'बदजुबान' नेता-मंत्री

**मंत्री** और नेता 'बदजुबान' क्यों होने लगते हैं? वे आपत्तिजनक ही नहीं, अश्लील, शर्मनाक और मर्यादाहीन भाषा क्यों बोलने लगते हैं? उच्च न्यायालय को उसे 'गटर की भाषा' क्यों करार देना पड़ता है? वे निजी हमले भी करते हैं और देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता के लिए खतरनाक बोली भी बोलते हैं। यह कानूनन मानहानि ही नहीं, देशद्रोह की परिधि में भी आना चाहिए। मप्र के जनजातीय कल्याण मंत्री और 8 बार के निर्वाचित विधायक विजय शाह तो आदतन और सिलसिलेवार 'गालीबाज' रहे हैं। न जाने क्यों भाजपा अभी तक उन्हें ढो रही है? सिर्फ चुनाव जीतना ही राजनीति नहीं होता। राजनीति के सामाजिक और वैचारिक मूल्य भी होने चाहिए। भाषा अभद्र नहीं होनी चाहिए। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के महासचिव एवं वरिष्ठ सांसद रामगोपाल यादव ने खुलासा किया है कि एयर मार्शल एवं वायुसेना ऑपरेशन के महानिदेशक एके भारती 'यादव' हैं और विंग कमांडर व्योमिका सिंह हरियाणा की 'जाटव' हैं। इन दोनों सैन्य अधिकारियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की कार्रवाई को देश को ब्रीफ किया था। उनके साथ कर्नल सोफिया कुरैशी भी थीं, जिनके खिलाफ मप्र के मंत्री ने 'जहर उगला' था। उन्हें 'आतंकियों की बहन' तक करार दिया था। सवाल है कि इन दोनों नेताओं को बदजुबानी कर क्या हासिल हुआ? सेना और सैनिक का कोई जाति-धर्म नहीं होता। वे सिर्फ 'भारतीय' होते हैं। बेशक मप्र के मंत्री ने बाद में कई बार माफी भी मांग ली, लेकिन वह निर्लज्जता की हंसी भी हंसते रहे। यह हमारे लोकतंत्र के नेताओं-मंत्रियों का चरित्र है। मंत्री विजय शाह का दूसरों के प्रति बदजुबानी का पुराना इतिहास रहा है। उन्होंने 2013 में मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी तक को नहीं छोड़ा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर फब्तियां कसीं। चलो, इसे राजनीति के खाते में डाल देते हैं। किन्नर समुदाय का मजाक उड़ाया और अब आतंकवाद तथा मुस्लिम की आड़ में ऐसे अपशब्दों का प्रयोग किया है, जिन्हें हमारी नैतिकता लिखने से रोकती है। दरअसल यह अलगाववादी सियासत है।

भाजपा में एक तबके की सोच यह है कि मुसलमानों को जितनी गालियां दोगे, हिंदुओं के उतने ही वोट मिलेंगे। यह गलतफहमी है। मप्र उच्च न्यायालय की जबलपुर बेंच ने कर्नल सोफिया के प्रति मंत्री की बदजुबानी का स्वतः संज्ञान लिया है। सहज सवाल किया गया कि मंत्री के संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति 'गटरनुमा भाषा' कैसे बोल सकता है? सर्वोच्च अदालत में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बी. आर. गवई ने इसी आधार पर मंत्री के वकील के जरिए मंत्री को फटकार लगाई और उच्च न्यायालय के प्राथमिकी दर्ज करने वाले आदेश को रद्द करने से इंकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 152, 196-1बी, 197-1सी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। इंदौर पुलिस को देर रात प्राथमिकी दर्ज करनी पड़ी, क्योंकि उसे 'अवमानना' की धमकी दी गई थी, लेकिन पुलिस ने छल और मजाक किया। प्राथमिकी में मंत्री की बदजुबानी का कोई भी ब्यौरा नहीं था। बहरहाल अदालत ने हडक़ा कर प्राथमिकी ठीक कराई और आगे की जांच अदालत की निगरानी में करने का आदेश दिया। बहरहाल शुक्रवार, 16 मई को सर्वोच्च अदालत में सुनवाई थी। उस फैसले का विश्लेषण बाद में किया जा सकता है, लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या भाजपा के राजनीतिक संस्कार यह भी हैं कि उसके नेता और मंत्री अपनी बदजुबान के जरिए देश की सेना और सैन्य अधिकारियों को अपमानित करते रहें? देश में ऐसे तत्त्व निरंकुश क्यों हैं कि कभी वे देश के विदेश सचिव विक्रम मिसरी और उनकी बेटी का सोशल मीडिया पर अपमान करते हैं। 'पहलगाम नरसंहार' में विधवा हुई हिमांशी नरवाल के लिए अलग-अलग विशेषण इस्तेमाल करते हैं। क्या वे ही 'राष्ट्रवादी' हैं? क्या मजहबी नफरत, मवाद, खुन्नस, विद्वेष उनके दिमाग में घुसा है। मप्र के मंत्री ने भी क्या सोचा होगा? रामगोपाल यादव ने सैन्य अधिकारियों की जातियों का जिक्र क्यों किया? ये तमाम तत्त्व ऐसे हैं कि जितना भी जहर उगल लें, लेकिन इनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होती। मंत्री को शायद एहसास नहीं है कि यदि उन्हें तीन साल की सजा हो गई, तो उनकी विधायकी और मंत्री की कुर्सी भी साफ हो जाएगी।

# नर्सें रोगी के लिये करुणा एवं मुस्कान बांटती है



ललित गर्ग

> नर्सिंग देखभाल चिकित्सा दिनचर्या से परे है, यह अक्सर दर्द के दौरान स्थिर हाथ, सर्जरी से पहले आश्वस्त करने वाली आवाज, या ठीक होने की राह पर कोमल प्रोत्साहन होता है। मरीज अक्सर नर्सों के साथ अपने अनुभवों का वर्णन सांत्वना देने वाले, समझदार, धैर्यवान और भरोसेमंद जैसे शब्दों का उपयोग करके करते हैं। एक दयालु नर्स की उपस्थिति शांति, मुस्कान और आशा की भावना लाती है। जब नर्सिंग देखभाल सही तरीके से की जाती है, तो यह न केवल शरीर को ठीक करती है, बल्कि आत्मा को भी ऊपर उठाती है।

दुनिया में नर्सों की सेवा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, हर दिन, नर्सें शांत शक्ति, स्थिर हाथों और करुणा से भरे दिलों के साथ अस्पतालों, क्लीनिकों और विभिन्न सामुदायिक स्थानों पर कदम रखते हुए रोगियों के लिये देवदूत बनती हैं। नर्सें भगवान का रूप होती है, वे ही इंसान के जन्म की पहली साक्षी बनती है और उनमें करुणा का बीज बोती है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ दे देती हैं। रोगी की सेवा करते हुए वे अपना पारिवारिक सुख, करियर, जीवन और वर्तमान सबकुछ झोंक देती है। नोबल नर्सिंग सेवा की शुरुआत करने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर हर साल दुनिया भर में 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस 1965 से इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज द्वारा शुरु हुआ है, बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश एवं दुनिया में नर्सों द्वारा किए गए अद्भुत सेवा कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है 'हमारी नर्सें: हमारा भविष्य-नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है।' यह थीम नर्सों की भलाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए न केवल उनकी व्यक्तिगत भलाई के लिए बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों के अधिक लाभप्रद एवं सशक्त बनाने पर बल देती है। नर्सों को दूसरों की देखभाल करने के लिए जाना जाता है, स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को भी उनकी देखभाल करनी चाहिए। उचित समर्थन के बिना, सबसे कुशल पेशेवर भी उपेक्षा, आर्थिक शोषण, तनाव और थकान का सामना कर सकते हैं।

किसी बीमारी से उबरने में जितना बड़ा योगदान चिकित्सकों, दवाओं और इलाज का होता है, उतना ही सही देखभाल का भी होता है। इसमें डॉक्टर्स से कहीं बड़ी जिम्मेदारी नर्सेज निभाती हैं, जो 24 घंटे मरीज की देखरेख में लगी रहती हैं। वास्तव में उनकी निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनती है और उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। यदि चिकित्सक किसी रोगी के रोग को ठीक करता है तो उसके दर्द को कम एक नर्स करती है। जो अपना जीवन मरीजों की प्यार से देख-रेख में व्यतीत करती है। एक नर्स ना केवल अपना व्यवसाय समझ रोगी की सेवा करती है बल्कि वो उससे भावनात्मक रुप से जुड़ जाती है और उसे ठीक करने में जी-जान लगा देती है। नर्सें ही इंसान के जन्म की पहली साक्षी बनती है और



उनमें करुणा का बीज बोती है, मुस्कान बांटती है।

पूरी दुनिया में हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते है कि नर्सिंग सेवाएं दुनिया में सबसे बड़ी स्वास्थ्य देखभाल का पेशा है। रोगियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बनाये रखने के लिये नर्सों का प्रशिक्षण एवं कौशल विकास अपेक्षित है, भारत की नर्सों को नयी ऊर्जा, नयी दिशा एवं नया परिवेश मिले, उसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार कोई प्रभावी योजना लागू करें ताकि वे और अधिक अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देने में सक्षम हो सके। इससे भारत की नर्सों के लिये गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिये अनुकूल वातावरण सुनिश्चित होगा। इससे नर्सें रोगियों की अधिक प्रभावपूर्ण ढंग से शारीरिक, मानसिक एवं भावात्मक भलाई करने में सक्षम होगी। ऐसी योजनाओं को निजी अस्पतालों को भी प्रोत्साहन देना चाहिए। मरीज जब ठीक होकर मुस्कुराते हुए अपने परिवार वालों के साथ घर जाता है, तो वह खुशी नर्सों को और भी हिम्मत देती है। इलाज के दौरान नर्सों और मरीज के बीच पारिवारिक रिश्ता हो जाता है। सचमुच नर्सों की दुनिया अद्भुत है। वे दवा के साथ उन्हें मानसिक तौर पर मजबूत करती हैं और रोगों से लड़ने की प्रेरणा एवं शक्ति बनती है। यह शक्ति अधिक तेजस्वी एवं प्रखर बने, यही विश्व नर्स दिवस मनाने का मूल उद्देश्य होना चाहिए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नर्सिंग कार्यबल वैश्विक स्वास्थ्य के सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर लॉन्च की जाने वाली विश्व नर्सिंग 2025 की स्थिति रिपोर्ट वैश्विक नर्सिंग कार्यबल का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत करेगी। यह रिपोर्ट नर्सिंग शिक्षा, प्रवास, कार्य स्थितियों और नेतृत्व जैसे प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डालती है तथा आवश्यक डेटा प्रदान करती है जो दुनिया भर में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए भविष्य की नीतियों को आकार देने में मदद कर सकता है। जब नर्सों को अच्छी तरह से समर्थन एवं प्रोत्साहन मिलता है, तो स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां अधिक प्रभावी ढंग से काम करती हैं, जिससे रोगियों और समाजों के लिए बेहतर परिणाम सामने आते हैं। नर्सिंग देखभाल चिकित्सा दिनचर्या से परे है, यह अक्सर दर्द के दौरान स्थिर हाथ, सर्जरी से पहले आश्वस्त करने वाली आवाज, या ठीक होने की राह पर कोमल प्रोत्साहन होता है। मरीज अक्सर नर्सों के साथ अपने अनुभवों का वर्णन सांत्वना देने वाले, समझदार, धैर्यवान और भरोसेमंद जैसे शब्दों का उपयोग करके करते हैं। एक दयालु नर्स की उपस्थिति शांति, मुस्कान और आशा की भावना लाती है। जब नर्सिंग देखभाल सही तरीके से की जाती है, तो यह न केवल शरीर को ठीक करती है, बल्कि आत्मा को भी ऊपर उठाती है।

आने वाले वर्षों में गुणवत्तापूर्ण देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नर्सिंग कार्यबल में निवेश, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन करना आवश्यक है। नर्सिंग स्वास्थ्य सेवा की शांत शक्तियों में से एक है, जो करुणा, कौशल और अथक समर्पण पर आधारित है। चाहे गंभीर देखभाल का प्रबंधन करना हो या सांत्वना के शब्द देना हो, नर्सें उपचार में मानवता लाती हैं। उनकी भूमिका केवल इलाज करना ही नहीं है, बल्कि मरीजों की सबसे कमजोर स्थितियों में उनकी बात सुनना, उनका समर्थन करना और उनके साथ खड़ा होना है। नर्सों की सेवाएं जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही विश्वस्तर पर उनकी जरूरत है। अपेक्षित नर्सों की उपलब्धता न होना, एक चिन्तनीय विषय है। विश्व बैंक की एक ताजा रिपोर्ट में भी कहा गया है कि अच्छे वेतनमान और सुविधाओं के लालच में आज भी विकासशील देशों से बड़ी संख्या में नर्सें विकसित देशों में नौकरी के लिए जाती है जिससे विकासशील देशों को प्रशिक्षित नर्सों की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी वजह से इस समस्या से निपटने के लिए एवं नर्सों की सराहनीय सेवा को मान्यता प्रदान करने के लिए भारत सरकार के परिवार एवं कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगल पुरस्कार की शुरुआत की। पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 12 मई को दिये जाते हैं। यह पुरस्कार प्रति वर्ष महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किये जाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस सिर्फ जश्न मनाने का दिन नहीं है, यह चिंतन और कृतज्ञता का समय है। उनका समर्पण, करुणा और विशेषज्ञता हर जगह स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों की नींव है। अब हमारा यह नैतिक कर्तव्य है कि हम उनकी अनूठी एवं निःस्वार्थ सेवाओं के बदले वापस कुछ लौटाये और उनका भविष्य उन्नत करें। इस दिवस को मनाते हुए हम अपनी नर्सों के करियर को फिर से परिभाषित करे, उनके सेवा का मूल्यांकन करते हुए नए सिरे से उन्नत नर्स सेवा को विकसित करें और कौशल विकास की शक्ति के साथ उनके जीवन को बदले। कोविड़-19 के संकट में एक योद्धा की तरह हर मुश्किल घड़ी में अपनी जान की परवाह किये बिना मरीजों के साथ जो खड़ी रही, वे नर्सें ही थी, जिन्हें हम और आप अक्सर सिस्टर कह कर पुकारते हैं।

आम दिन हो या महामारियों के खिलाफ जंग, ये नर्स बिना किसी डर के सहजता और उत्साह से अपने कर्तव्य का पालन करती है। इसलिए नहीं कि यह उनका काम है और उसके लिए उन्हें पैसे मिलते हैं बल्कि इसलिए कि वह सबसे पहले दूसरों के स्वस्थ होने और उनकी जान की फिक्र करती हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मां के स्वरूप में स्नेहपूर्ण और फिक्र के साथ हर किसी की देखभाल और परवाह करने के शब्द को ही नर्स कहा जाता है। वे अस्पताल की रीड होती है। ऐसी मानवीय सेवा की अद्भूत फरिश्तों के कल्याण एवं प्रोत्साहन का चिन्तन अपेक्षित है। उससे निश्चित ही नर्सों की सेवाएं अधिक सक्षम, प्रभावी एवं मानवीय होकर सामने आयेगी।

## 18 मई : इतिहास की अहम घटनाएं

1955 स्वतंत्रता के लिए ऑपरेशन पास, 310,000 वियतनामी नागरिकों, सैनिकों और फ्रांसीसी-वियतनामी सदस्यों के साम्यवादी उत्तरी वियतनाम से दक्षिण वियतनाम के लिए प्रथम इंडोचाइना युद्ध की समाप्ति के बाद निकासी समाप्त हो गई।

1956 ल्होत्से का मुख्य शिखर पहली बार 18 मई, 1956 को अर्न्स्ट रीस और फ्रिट्ज़ लुचिंगर की एक स्विस टीम द्वारा चढ़ा गया था। यह दुनिया का चौथा सबसे ऊंचा पर्वत है जो 8,516 मीटर की दूरी पर है और तिब्बत और नेपाल की सीमा पर स्थित है।

1965 एली कोहेन, एक जासूस, जिसे सीरिया के खिलाफ छह-दिवसीय युद्ध में इजरायल के असफल होने का श्रेय दिया जाता है, चार महीने पहले सार्वजनिक रूप से पकड़े जाने के बाद सार्वजनिक रूप से फांसी दी गई थी।

1969 अमेरिकी अपोलो अंतरिक्ष कार्यक्रम अपोलो 10 के चौथे मानवयुक्त मिशन को 18 मई 1969 को नासा द्वारा तीन चालक दल के सदस्यों के साथ लॉन्च किया गया था। अपोलो 10 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में 39,897 किमी / घंटा की गति से एक मानव वाहन द्वारा प्राप्त की गई उच्चतम गति के लिए पंजीकृत है।

1980 स्ट्रैटोवोलकानो माउंट सेंट हेलेंस 18 मई, 1980 को स्केमानिया, वाशिंगटन में फटा। यह अमेरिकी इतिहास में सबसे अधिक आर्थिक रूप से विनाशकारी ज्वालामुखी घटना के रूप में गिना जाता है, जिसमें 57 लोग मारे गए। इसने 250 घरों, 47 पुलों, 24 किमी रेलवे, 298 किमी राजमार्गों को भी नष्ट कर दिया।

1980 स्ट्रैटोवोल्केनो माउंट सेंट हेलेंस फट गया , दक्षिणी वाशिंगटन राज्य में 57 लोग मारे गए, सैकड़ों वर्गमीलों को बंजर भूमि में गिरा दिया और यूएस $ 1 बिलियन से अधिक की क्षति हुई।

1991 ब्रिटेन की पहली अंतरिक्ष यात्री हेलेन शर्मन ने अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी। 27 वर्षीय हेलेन सोवियत सोयुज़ नाम की अंतरिक्ष कैपसुल में बैठकर कज़ाख़स्तान से रवाना हुई।

1991 सोमालीलैंड ने 18 मई, 1991 से खुद को स्वतंत्र राज्य घोषित किया, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी अन्य देश या संगठन द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है।

1991 सोमाली राष्ट्रीय युद्ध ने सोमालिया की स्वतंत्रता की घोषणा की, एक वास्तविक राज्य जिसे सोमालिया के स्वायत्त क्षेत्र के रूप में मान्यता प्राप्त है, सोमाली राज्य गृह युद्ध के दौरान केंद्र सरकार के पतन के बाद।

2004 इस्त्रायल के राफा विस्थापित कैम्प में इस्त्रायली सैनिकों ने 19 फिलीस्तीनियों को मौत के घाट उतारा।

2005 हबल स्पेस टेलीस्कोप की एक दूसरी तस्वीर में प्लूटो-निक्स और हाइड्रा के दो नए चंद्रमाओं की थीडिसकवरी की पुष्टि की गई है।

2006 18 मई अधिनियम को जन-अन्दोलन सरकार द्वारा 2006 में पारित किया गया था जिसे नेपाली मैग्ना कार्टा के रूप में वर्णित किया गया है। इस बिल ने राजा की शक्ति को कम कर दिया और राष्ट्र को धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में स्थापित किया।

2006 नेपाल की संसद ने सर्वसम्मति से अपनी कई शक्तियों के राजा ज्ञानेंद्र को हटाने के लिए मतदान किया।

2009 18 मई, 2009 को श्रीलंकाई सेना ने तमिल टाइगर्स (लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तमिल ईलम) को हरा दिया और इस तरह 26 साल के सैन्य अभियान के बाद श्रीलंकाई गृहयुद्ध समाप्त हो गया। सरकार ने देश के उत्तर और पूर्व हिस्से का नियंत्रण ले लिया, जो पहले LTTE के नियंत्रण में था।

2012 सोशल नेटवर्किंग कंपनी फेसबुक इंक ने नास्डैक में ट्रेडिंग करना शुरू किया।

## समसामयिक

# गज़ा 'फ्रीडम ज़ोन' : ट्रंप का नया शिगूफ़ा



ऋषभदेव शर्मा

**जी हाँ,** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का हालिया बयान एक नया शिगूफ़ा ही तो है। देखिए न, अब वे गज़ा पट्टी को अमेरिका के कब्जे में लेकर इसे 'फ्रीडम ज़ोन' बनाने की बात कह रहे हैं! उनका यह बयान मध्य पूर्व के जटिल भू-राजनीतिक समीकरणों को तो प्रभावित करने वाला है ही। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति, क्षेत्रीय स्थिरता और अमेरिका की विदेश नीति की दिशा पर गहरे सवाल भी उठाता है। उनके इस अप्रत्याशित बयान के अभिप्राय, इसके औचित्य और संभावित निहितार्थों की पड़ताल ज़रूरी है। वैश्विक शांति और संतुलन में अहम भूमिका निभाने वाले भारत जैसे देश के लिए तो यह और भी चिंतनीय मुद्दा है।

ट्रंप का यह बयान उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का विस्तार प्रतीत होता है, जो उनके पहले कार्यकाल से ही उनकी विदेश नीति का आधार रही है। गज़ा को 'फ्रीडम ज़ोन' बनाने की बात कहकर वे शायद उस इलाके को इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के चक्रव्यूह से निकालकर एक नए आर्थिक और सामरिक ढाँचे में ढालना चाहते हैं। उनका ख़याल है कि अमेरिकी पूँजी और तकनीक के माध्यम से गज़ा का पुनर्निर्माण इस तरह किया जाए कि वह इलाका मध्य पूर्व का एक आर्थिक केंद्र बन जाए। ट्रंप पक्के व्यवसायी हैं; शायद इसीलिए वे इसे 'रियल एस्टेट' परियोजना की तरह देख रहे हैं। यह बात अलग है कि इस प्रस्ताव का आधार यथार्थ से अधिक महत्वाकांक्षा पर टिका प्रतीत होता है। गज़ा भले ही दशकों से युद्ध, अवरोध और मानवीय संकट का केंद्र रहा है; लेकिन उसे अमेरिकी कब्जे में लाना न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक विरोध को बुलावा देना भी है।

कहना न होगा कि ट्रंप महोदय के प्रस्ताव का औचित्य संदिग्ध है। गज़ा पर अमेरिकी नियंत्रण की बात न तो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और न ही इसमें फिलिस्तीनी जनता की आत्मनिर्णय की आकांक्षा का सम्मान निहित है। कई देशों सहित संयुक्त राष्ट्र ने गज़ा को फिलिस्तीनी क्षेत्र के रूप में मान्यता दे रखी है। इसे किसी बाहरी शक्ति द्वारा कब्जे में लेना संप्रभुता के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। ट्रंप महोदय का यह दावा कि गज़ा के लोग 'विनाश' के बाद इसे छोड़ने को मजबूर हैं, फिलिस्तीनी अस्मिता और उनके ऐतिहासिक अधिकारों की अनदेखी करता है। इसके अलावा, गज़ा को 'फ्रीडम ज़ोन' बनाने का विचार अमेरिका की एकपक्षीय छवि को और मजबूत करता है, जो पहले से ही इजराइल के पक्ष में होने के कारण आलोचना का पात्र रहा है। यह प्रस्ताव ईरान, तुर्की और मिस्र जैसी उन क्षेत्रीय शक्तियों के साथ तनाव को बढ़ा सकता है, जो ग़ज़ा में अपनी रणनीतिक रुचियाँ रखते हैं।

ग़ौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बेतुके बयान के निहितार्थ बहुत व्यापक और काफी जटिल हो सकते हैं। यह बयान मध्य पूर्व में शांति प्रक्रिया को और कमजोर कर सकता है। फिलिस्तीनी नेतृत्व और जनता इस प्रस्ताव को कभी स्वीकार नहीं करेंगे, जिससे अमेरिका की मध्यस्थता की विश्वसनीयता और कमजोर होगी। ज़ाहिर है कि इससे वैश्विक स्तर पर अमेरिका के साम्राज्यवादी इरादों की छवि पुष्ट होती है। इसलिए न केवल अरब देशों, बल्कि यूरोप और अन्य क्षेत्रों में भी इसका विरोध हो सकता है। इजराइल और फिलिस्तीन दोनों के साथ संतुलित संबंध रखने वाले भारत जैसे देशों के लिए भी यह स्थिति कूटनीतिक चुनौती पेश करती है। अंततः ट्रंप का यह बयान उनकी अटपटी शैली का हिस्सा हो सकता है – विवादास्पद, ध्यानाकर्षक और ध्रुवीकरण करने वाला! लेकिन ठोस नीति के अभाव और क्षेत्रीय जटिलताओं की अनदेखी के कारण इसकी अव्यावहारिकता स्वयंसिद्ध है। गज़ा का भविष्य वहाँ के लोगों की इच्छा और अंतरराष्ट्रीय सहमति से तय होना चाहिए, न कि किसी बाहरी शक्ति के एकतरफा फैसले से। भारत को इस मुद्दे पर अपनी स्वतंत्र और संतुलित नीति बनाए रखनी चाहिए, ताकि वैश्विक शांति और न्याय के लिए उसका योगदान अक्षुण्ण रहे।

# देश को एक ऐसे प्रधानमंत्री पर गर्व है जिसने दिखाया है कि दुनिया आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं कर सकती



अशोक भाटिया , मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर राष्ट्र को संबोधित किया। अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने पाकिस्तान के साथ सीजफायर पर सहमत होने के पीछे की पूरी कहानी भी बताई। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर ये युग युद्ध का नहीं है, लेकिन ये युग आतंकवाद का भी नहीं है। टेररिज्म के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, एक बेहतर दुनिया की गारंटी है। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने आतंक के ये हेडक्वार्टर्स उड़ा दिए। भारत के इन हमलों में 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया। इसके पहले पाकिस्तान की गुहार सुनकर मोदी विरोधी गैंग ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए यह खबर फैलाई कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को निलंबित कर दिया है। सुबह, दोपहर, शाम पाकिस्तान के गुण गाते हुए, मोदी को हराने के लिए पाकिस्तान को अपने साथ ले जाने की कोशिश करते हुए, यह कहते हुए कि शांति वार्ता होनी चाहिए। जो लोग आतंकवादियों को हाफिज साहब कहते थे और जो पाकिस्तानी आतंकवादियों के हमले में हिंदू संगठनों को लामबंद करने में सबसे आगे थे, वे सभी बताने लगे कि मोदीजी कैसे गलत थे। इंदिरा गांधी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आने लगीं। तुलना शुरू हुई। मोदी का सीना नापने की होड़ शुरू हो गई। खड़गे और राहुल बाबा संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहते थे, लेकिन यह कांग्रेसी इस वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र को ढंकने के लिए तैयार नहीं था।

1948 में देश आजाद हुआ। विभाजन के घाव अभी भी गीले थे और इस बीच पाकिस्तानी टिड्डियां कश्मीर पर हमला कर रही थीं। सीधे श्रीनगर पहुंचना। अपर्याप्त युद्ध सामग्री होने पर भारतीय सेना ने उन्हें पीछे धकेल दिया। भारतीय सेना उन्हें कश्मीर से बाहर निकालने के लिए वीरता और बहादुरी की सीमा तक पहुंच रही थी। हमारे शांति दूत संयुक्त राष्ट्र के प्रधान मंत्री के पास गए। जैसे ही स्थिति का क्रम सामने आया। परिणाम हमारे कश्मीर का एक हिस्सा था। यह हम पर थोपा गया था।

1962 में हिंदी-चीनी भाई-भाई के नारे लगाने और कबूतर उड़ाने वाले शांतिदूतों ने सेना को मजबूत नहीं किया, न ही उन्होंने अपने दुश्मनों की पहचान की। नतीजतन 1962 के युद्ध में साजो-सामान के अभाव में हमारे वीर जवान शहीद हुए, संसाधनों की कमी के कारण उनकी बहादुरी बेकार चली गई और हमने हजारों एकड़ जमीन खो दी। ये वही शांति दूत प्रधानमंत्री थे जिन्होंने असमिया भारतीयों के भाग्य को भगवान के भरोसे पर छोड़ दिया था क्योंकि मेरा दिल असमियों के साथ जाता है। ये वही शांति दूत थे जिन्होंने चीन को जमीन दी थी क्योंकि घास का एक पत्ता भी नहीं उग सकता था। ये वही शांति दूत थे जिन्होंने कृष्ण मेनन जैसे आदमी को रक्षा मंत्री बनाकर चीन को युद्ध दिलाया था।

1965: पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण किया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर विजय प्राप्त की। ताशकंद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। लाल बहादुर शास्त्री को दबा दिया गया था। रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। हमने जो जमीन जीती थी उसे खो दिया, लेकिन हमने लाल बहादुर शास्त्री जैसे बेटे को खो दिया। परिणाम हमारे देश में बाहरी हस्तक्षेप था। 1971: भारत-पाकिस्तान युद्ध! हमने बांग्लादेश बनाते समय पाकिस्तान में एक स्थायी घुसपैठ समस्या पैदा की। 80,000 सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था। हमने उन्हें बिना शर्त रिहा करते हुए साधारण पीओके की वापसी की मांग नहीं की, हमने युद्ध जीता और इसे खो दिया।

जनरल मानेकशॉ वास्तव में इस युद्ध के नायक थे। लेकिन हमने देश के प्रधानमंत्री के रूप में इंदिराजी को श्रेय दिया। तब वो प्रधानमंत्री थीं जिन्होंने शिमला समझौते पर हस्ताक्षर करके भारतीयों की आकांक्षाओं को पानी पिलाया। जिन लोगों ने यह नबाब बजाया था कि 26/11 के 26/11 के बम धमाके, अक्षरधाम हमले, विभिन्न बम धमाकों में आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, उन्होंने भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और देश की सीमा सुरक्षा को ताक पर लगा दिया था। इसकी सीमाओं और स्वाभिमान में एक निश्चित गर्व और गर्व है, जबकि युद्ध और संवाद देश के हितों की सेवा करते हैं। दुर्भाग्य से, देश को विभाजन में धकेलने वाली पार्टी की सरकार ने देश की रक्षा तैयारियों को कभी महत्व नहीं दिया। रक्षा खरीद को पैसा कमाने का व्यवसाय बना दिया गया था और इसीलिए इसने इसे कभी हथियारों में आत्मनिर्भर नहीं बनाया। वैज्ञानिक और सैन्य अधिकारी स्वतंत्र नहीं थे। परिणामस्वरूप, भारत रक्षा उपलब्धियों में पिछड़ गया। निर्भरता बढ़ गई।



अटल जी के तहत, हम परमाणु सशस्त्र हो गए। दुनिया ने हमें दबाया, लेकिन अटल जी ने उन सभी दबावों को धता बताते हुए भारत रत्न एपीजे अब्दुल कलाम की पहल के तहत देश में रक्षा क्षेत्र में क्रांति को जन्म दिया। मिसाइलें बनने लगीं। लेफ्ट इकोसिस्टम ने कलाम को 'मिसाइल मैन' कहना शुरू कर दिया। लेकिन इस मिसाइल नीति ने हमें अजेय बना दिया।अजेय निकला। मोदीजी के नेतृत्व में रक्षा तैयारियों को उच्च प्राथमिकता दी गई। इस बीच यूपीए सरकार ने अपनी रफ्तार रोक दी थी, लेकिन मोदी जी ने इसे काफी तेज गति से शुरू किया था। करगिल युद्ध में अटलजी को अटल जी का जवाब कि अमेरिकी पुलिस और क्लिंटन ने उनसे कहा था कि परमाणु युद्ध का खतरा है, भारत आधा हो जाएगा, लेकिन अटल जी का उन्हें जवाब कि कल सूर्योदय तक पाकिस्तान दुनिया के नक्शे पर नहीं होगा और अब परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ध्यान रखना होगा कि ये मोदी जी के कथन एक ही राष्ट्रीय स्वाभिमानी जाति के हैं। इस पृष्ठभूमि में, जब हम ऑपरेशन सिंदूर के बारे में सोचते हैं, तो सेना के चल रहे ऑपरेशन और कल के प्रधानमंत्री मोदी जी के भाषण के बारे में सोचते हैं, तो भारतीय गर्व से भर जाते हैं। ऐसा नेतृत्व और ऐसी विजयी सेना दुनिया में अपना प्रभुत्व स्थापित करने में कामयाब रही है।

1982/85 के बाद से, कश्मीर की आतंकवादी गतिविधियों ने जेकेएलएफ नामक संगठन के साथ गति पकड़ी। एक भारतीय अधिकारी रवींद्र म्हात्रे की ब्रिटेन में हत्या कर दी गई, जिसके बाद कई पंडितों की हत्या कर दी गई। कई मौखिक धमकियां दी गईं। शिशुपाल अपराध कर रहा था और सुदर्शन चक्र 100 अपराध होने का इंतजार कर रहा था। पहलगाम 100वां अपराध बन गया और पाकिस्तान विनाश की ओर बढ़ने लगा। अमेरिका, तुर्की, चीन में कोई भी हस्तक्षेप करे आतंकवाद को युद्ध माना जाएगा, अब सिर्फ पीओके पर बात करें, आतंक और बातचीत, आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चलेगा, खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा।

वास्तव में, भारत दुनिया की ओर से आतंक के खिलाफ इस लड़ाई को लड़ रहा है और भारी नुकसान उठा रहा है। भारत के साथ खड़े होने के बजाय, अमेरिका और चीन दोहरी नीति अपना रहे हैं। यह मानवता और दुनिया के लिए बहुत हानिकारक है। हमें एक ऐसे प्रधानमंत्री पर गर्व है जिन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि दुनिया आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं कर सकती है, जैसे युद्ध दुनिया के लिए वहन नहीं कर सकता। अंत में, हमें एक ऐसे प्रधानमंत्री पर गर्व है जिसने दिखाया है कि दुनिया आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं कर सकती। अंत में, हमें एक ऐसे प्रधानमंत्री पर गर्व है जिसने दिखाया है कि दुनिया आतंकवाद बर्दाश्त नहीं कर सकती। अंत में, हमें एक ऐसे प्रधानमंत्री पर गर्व है जिसने दिखाया है कि दुनिया आतंकवाद बर्दाश्त नहीं कर सकती। अंत में, हमें एक ऐसे प्रधानमंत्री पर गर्व है जिसने दिखाया है कि दुनिया आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं कर सकती। अंत में, हमें एक ऐसे प्रधानमंत्री पर गर्व है जिसने दिखाया है कि दुनिया आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं कर सकती। सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा थी। बुद्ध ने दुनिया को शांति का संदेश दिया, लेकिन अगर बुद्ध प्रतिमाओं को नष्ट करने की प्रवृत्ति फैलने वाली है, तो इसे प्रबंधित करने की शक्ति आवश्यक है। तो यह नहीं भुलाया जा सकता कि बौद्ध पूर्णिमा से पहले नरसिंह जयंती भी थी, और भारत बौद्धों का ही देश नहीं है, बल्कि नरसिंह का भी देश है जिसने हारे हुए हिरण्यकश्यप को यमसदन भेजा था।

ओवैसी का रुख मोदी घृणा से अंधे वामपंथी और कांग्रेस आधारित पाकिस्तान स्थित पारिस्थितिकी तंत्र की तुलना में अधिक स्वागत योग्य है। तथाकथित हस्तियां छोटी-छोटी बातों पर ट्वीट करती हैं, लेकिन वे भारतीय सेना की प्रशंसा नहीं करना चाहती थीं। लोगों ने यह भी महसूस किया है कि स्वरा भास्कर जैसी महिला सशस्त्र बलों और भारतीयों को नीचा दिखाने में सबसे आगे है ।मोदी जी ने नजरअंदाज किया और अमेरिका को अपनी जगह दिखा दी, जो दुनिया की पुलिस बन गई है, लेकिन यह स्पष्ट कर दिया है कि हम अब हथियारों के निर्यातक हैं और हमारा ब्रह्मास्त्र ब्रह्मोस हमारी रक्षा करने के लिए तैयार है ।पूरी दुनिया और भारत के देशद्रोही इस बात से वाकिफ हैं कि पहलगाम की घटना, उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान के तबाह आतंकी ठिकानों, एयरबेस कैंपों और सैनिक शिविरों के बाद भारतीयों की एकता ने भारतीय शेर को जगा दिया है। यह रूप छद्म धर्मनिरपेक्ष लोगों को डराता रहता है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में तहसील रसूलाबाद में सुनी शिकायतें, निस्तारण के लिए निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस, डी के सिंह




कानपुर देहात मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन० ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील रसूलाबाद में जन समस्याएं सुनी गई। जिसमे उनके द्वारा सर्वप्रथम पूर्व में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की जन शिकायतों की समीक्षा की गयी एवं शिकायत रजिस्टर का अवलोकन किया गया। जिसमे पूर्व समाधान दिवस में की गयी कुछ शिकायतों का गुणवत्तापूर्णत निस्तारण नहीं किया गया था जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सबंधित तहसीलदार एवं खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त शिकायत का तत्काल सर्वे पूर्ण करवाते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए जिसका अंकन शिकायत रजिस्टर में भी किया जाए। जिसके पश्चात महोदया द्वारा तहसील रसूलाबाद की जन समस्याएं सुनी गयी जिनमें कुल 108 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से राजस्व विभाग से 62, विकास विभाग 12, पुलिस विभाग 15 एवं विधुत विभाग 03, आपूर्ति 06, चकबंदी 08 एवं सबरजिस्ट्रार 02 थी जिंसमे से कुल 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। उन्होंने कहा कि जनता को अनावश्यक जिला मुख्यालय के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें, इसलिए जो समस्या जिस स्तर की है, उस समस्या का उसी स्तर पर निस्तारण हो जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी समस्याऐं लेकर जो भी व्यक्ति आये, उसकी समस्या को पूरी शालीनता एवं तन्मयता से सुना जाये और समस्याओं का निस्तारण एवं समाधान उचित ढंग से किया जाये। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाल हर आगंतुक संतुष्ट होकर जाये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनता से मिलने के लिए समय निर्धारित रखे। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है उन सभी समस्याओं का समबद्धता एवं प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायत कर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं, सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को आनलाइन किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

## जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा आज 15 एमएलडी एसटीपी, बनियापुर का औचक निरीक्षण किया

कानपुर नगर से सीवर लाइन 1000 mm ट्रंक लाइन (डीपीएस स्कूल कल्याणपुर से धानूपुर एलपीएस तक) और राइजिंग मेन 3350 से पानी आने की आज तक व्यवस्था नहीं की गयी है। उक्त परियोजना को जुलाई 2024 में पूरा करना था लेकिन उसके बाद नवंबर 2024 तक का समय लिया गया तब भी काम पूरा न किया गया उसके बाद 4 मई 2025 तक कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया लेकिन आज निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अभी तक उक्त परियोजना पूर्ण नहीं की गई और जुलाई 2025 तक का समय और मांग लिया गया।इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि यदि 2 जुलाई 2025 तक कार्य पूरा नहीं होता है, तो संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि एसटीपी में लगे लोहे की पाइप पर जंग लगी हुई है पाइप लगाने के समय ही एंटी रस्ट पेंटिंग नहीं की गई थी जिसके कारण पाइप की दशा अत्यंत खराब हो गई है।

# प्रेमी ने पार्क में बुलाकर प्रेमिका को बेरहमी से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो


आरोपी युवक

कानपुर शहर में BA की छात्रा को अपराधी युवक से दोस्ती करना भारी पड़ गया। वहीं इंस्टाग्राम से दोस्ती और नजदीकी के बाद पता चला कि उसका ब्वॉयफ्रेंड अपराधी भी है। इतना ही नहीं बल्कि उसके कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं जिसके बाद युवती ने उससे दूरी बनाने की कोशिश की इसके बाद आरोपी ने शादी का दबाव बनाते हुए पार्क में बेरहमी से पीटा साथ ही दुपट्टे से गला घोंटकर मारने का प्रयास किया। लोगों ने किसी तरह से छात्रा की जान बचाई।

वहींपीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। साथ ही आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें छापेमारी भी कर रही हैं। दरअसल पूरा मामला ग्वालटोली में रहने वाली 18 साल की छात्रा ने बताया कि वह बीए की स्टूडेंट है। उसकी इंस्टाग्राम सोशल मीडिया के जरिए अमन सोनकर नाम के लड़के से दोस्ती हो गई थीं फिर दोस्ती के बाद दोनों का मिलना-जुलना भी शुरू हो गया। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं तो लड़का शादी का दबाव बनाने लगा। इसी बीच छात्रा को पता चला कि अमन सोनकर आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके ऊपर कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं।

मामले का पता चलने पर युवती ने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद अमन ने उसे धमकाते हुए कहा कि अगर शादी नहीं की तो तुम्हारी हत्या कर दूंगा।अमन ने युवती को ग्वालटोली के एक पार्क में निजी तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर बुलाया।लड़की वहां पहुंची तो शादी का दबाव बनाने लगा, लेकिन लड़की ने इनकार कर दिया।युवती की चीख-पुकार सुन आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी भाग निकला। युवती ने घर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी दी।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी मिलते ही आरोपी घर छोड़कर भाग निकला। इसने धमकी दी है कि अगर तुम मेरी नहीं हो सकती तो मैं किसी और की भी नहीं होने दूंगा। इससे सहमी छात्रा अपनी मां के साथ शनिवार को दोबारा पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंची और आरोपी अमन सोनकर के खिलाफ तहरीर दी है।पुलिस कमिश्नर ऑफिस में जनसुनवाई कर रही एसीपी लॉ एंड ऑर्डर श्वेता ने पीड़िता की पूरी बात को सुना।उन्होंने ग्वालटोली थाने की पुलिस को आरोपी को जल्द से जल्द अरेस्ट कर जेल भेजने की बात कही पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में जुटी है। आरोपी घर से परिवार सहित फरार है।

# लाला लाजपत राय चिकित्सालय में विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कालेज से सम्बद्ध लाला लाजपत राय चिकित्सालय (हैलट) के मेडिसन विभाग में विश्व हाइपरटेंशन दिवस मनाया गया। विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर उप प्राचार्या डॉ रिचा गिरी एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ आर.के.सिंह ने जागरूक करते हुए हाइपरटेंशन के बारे में जानकारी दी।

विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर उप प्राचार्या डॉ रिचा गिरी ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष कि 17 मई को उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है। अबकि बार इसकी थीम है कि "अपने रक्तचाप की जांच करवाये और लम्बा जीवन जिये" उन्होंने जागरुक करते हुए बताया कि नियमित व्यायाम करने व नमक का कम सेवन करने से अपने ब्लड प्रेशर को हम कंट्रोल कर सकते है। उन्होंने बताया कि हाई ब्लड प्रेशर एक साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है। क्योकि इसका लोगो को पता नही चलता है। जब मरीज हमारे पास आते है तो उनको नही पता होता है कि उनका ब्लड प्रेशर कितना बढ़ा हुआ है। बढ़े ब्लड प्रेशर के कारण ब्रेन स्ट्रोक होता है जिससे मरीज को फालिस भी मार सकता है। इसके साथ ही हार्ट में भी बढ़े ब्लड प्रेशर के कारण कई बार एमआई करना पड़ता है। इसके साथ ही हाई ब्लड प्रेशर किडनी को डैमेज करता है और शरीर के अन्दर के सभी आर्गनस को डिस्टर्ब करता है। इसी क्रम में प्रमुख अधीक्षक डॉ आर.के. सिंह ने बताया कि हाइपरटेंशन यानी की उच्च रक्त चाप बहुत ही खतरनाक होता है। कई बार यह हदय रोग और किडनी को अपना निशाना बना कर उन्हें खराब कर देता है। सभी को अपना ब्लड प्रेशर जरूर समय- समय पर जरूर जांच करवाते रहना चाहिए ताकि इन सभी खतरो से बचाव हो सके। स्त्री एवं प्रसूति रोग की सीएमएस डॉ अनीता गौतम ने अपने सम्बोधन में कहा कि हाई ब्लड प्रेशर सामान्य के साथ गर्भवती महिलाओं के लिए भी घातक साबित होता है अगर समय पर इसकी जांच न करवाये तो हाई ब्लड प्रेशर शरीर के कई अंगो को क्षति पहुंचा कर उन्हें पूरी तरह से खराब कर देता है।

इस जागरुकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से हैलट सीएमएस डॉ नीलेशचन्द्र त्रिपाठी, वरि. चिकित्सक डॉ जे.एस. कुशवाहा, मेडिसन विभाग के प्रो0 डॉ एस.के. गौतम, डॉ एम.पी.सिंह, डॉ ललित कुमार, डॉ ब्रजेश कुमार समेत समस्त मेडिसन विभाग का स्टॉफ मौजूद रहा।

## प्रवर्तन विभाग ने 25 वाहनों के खिलाफ की कार्यवाही, 3.16 लाख का लगाया जुर्माना

**कानपुर।** उ.प्र. परिवहन आयुक्त के निर्देश पर अनाधिकृत रूप से संचालित हो रही बस व यात्री वाहनों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 15 मई से 17 मई 2025 तक परिवहन विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त तत्वाधान में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आरटीओ प्रवर्तन श्रीमती विदिशा सिंह के निर्देश पर कानपुर नगर की सड़कों पर अवैध और अनियमित रूप से संचालित अनाधिकृत यात्री वाहनों एवं बसो के कारण होने वाले यातायात नियंत्रण और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा कुल 25 बसे व यात्री वाहनों के विरुद्ध चालान व बंद की कार्रवाई की गई तथा 3.26 लाख जुर्माना भी लगाया गया। संभागीय परिवहन विभाग के परिवर्तन अधिकारियों ने समस्त वाहन चालकों एवं जनमानस को यातायात नियमों का पालन करने हेतु उन्हें जागरुक किया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील रसूलाबाद के कंपोजिट विद्यालय भैसाया का किया औचक निरिक्षण, दिए निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



- छात्रों की उपस्थिति पर विद्यालय प्रशासन रखे विशेष ध्यान, शतप्रतिशत उपस्थिति रहे पूर्णः मुख्य विकास अधिकारी

कानपुर देहात मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन० ने तहसील रसूलाबाद के कंपोजिट विद्यालय भैसाया का औचक निरिक्षण किया निरिक्षण के समय *विद्यालय में कक्षा 01 से 05 तक नामांकित 100 छात्र छात्राओं के सापेक्ष मात्र 16 छात्र छात्रा एवं कक्षा 06 से 08 तक नामांकित 64 छात्र छात्राओं के सापेक्ष मात्र 04 छात्र छात्रायें उपस्थित पाए गए इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए साथ ही विद्यालय का कंपोजिट ग्रांट रजिस्टर जिसमें पी०पी०ए० रिकॉर्ड दर्ज किया जाता है वो भी मौक पर नहीं* पाया गया जो कि प्रधानध्यापक द्वारा की जा रही वित्तीय अनियमितता को दर्शाता है इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानध्यापक श्री आदर्श कुमार सिंह के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मध्याह्न भोजन पंजिका को देखा गया जिसमे उपस्थित से अधिक बच्चों को दर्शाया गया था इससे यह स्पष्ट होता है कि मध्याह्न भोजन पंजिका में अधिक छात्र संख्या अंकित कर वित्तीय अनियमितता की जा रही है। *मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कहा कि इस प्रकार कि लापरवाही कदापि बर्दास्त नहीं की जायेगी, उन्होंने कहा कि शासनादेश में वर्णित दिशा-निर्देशों के क्रम में जनपद के अन्य सभी कंपोजिट विद्यालयों की जांच उपजिलाधिकारियों से करवाई जायेगी यदि कोई भी प्रकरण प्रकाश में आता है तो सम्बंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।* इसके पश्चात उन्होंने विद्यालय में साफ़-सफाई देखि गयी जो कि पर्याप्त मात्रा में नहीं पायी गयी मुख्य विकास अधिकारी ने साफ़-सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए तथा विद्यालय में पेंटिंग बोर्ड, टेबल, कुर्सी, लाइट, पंखा इत्यादि को व्यवस्थित तरीके से लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को समय से पोषण आहार उपलब्ध कराए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए, इसके उपरांत उन्होंने उपस्थित अध्यापकों को विद्यालय में साफ सफाई के भी निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि मिड डे मील बच्चों को समय से दिया जाए तथा निर्देशित किया कि मिड डे मील हेतु बच्चों के बैठकर खाने की व्यवस्था समुचित ढ़ंग से करायी जाये, अध्यापक विद्यालय में समय से उपस्थित हो इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, बच्चों को ड्रेस, मोजा, जूता, पुस्तके इत्यादि समय से उपलब्ध कराई जाए।

# ईंट भट्टे उगल रहे जहरीला धुआं प्रदूषण से जनमानस को खतरा

नेशनल एक्सप्रेश ब्यूरो



कानपुर - सरसौल क़स्बा स्थित ईंट भट्टो में मानको को ताक पर रख कर लोगो के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है.क़स्बा में ईंट भट्टे में ईंटे पकाने में पुराने जूते- चप्पल रबर प्लास्टिक की कुट्टी बनाकर ईटों को पकवाने का काम किया जा रहा है.इससे निकलने वाला जहरीला धुआं स्वास्थ्य के लिये बहुत ही हानिकारक हैं.दरअसल ईंट भट्टे में ईंटो को पकाने के लिये लकड़ी और कोयले का उपयोग किया जाता है. लेकिन क्षेत्र के नामचीन ईंट भट्टे में लकड़ी कोयले के साथ पुराने जूते-चप्पल, रबर व प्लास्टिक की कुट्टी बनाकर ईटों को पकवाने का काम किया जा रहा है.भट्टे की चिमनियों से निकलने वाला काला धुआं क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य की सांसों को तकलीफ पहुंचा रहा है वहीं क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य के साथ इस तरह के कार्य कर क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. इस संबंध में जब भट्टा में काम कर रहे मज़दूरों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी भट्टा इसी तरह के कार्य कर रहे है। लोगों का कहना है कि जूते- चप्पलों के जलाने से निकलने वाला जहरीला धुआं प्रदूषण फैला रहा है जो लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है. अधिकांश ईंट भट्टे राजनीतिक पहुंच वाले ही चलाते हैं.लेकिन कोई शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता यदि कोई शासन में शिकायत कर देता है तो उसे धन- बल से चुप कर दिया जाता है. क्या क्षेत्र में प्रदूषण फैला रहे ईंट भट्टे का विभागीय अधिकारियों को पता नहीं है या फिर जानकर भी अनजान बन रहें हैं.

## पानी भरवाने के साथ ही नहरों से जोड़े जा रहे 972 तालाब

कानपुर देहात गर्मी के चलते ट्यूबेल या पंपिंग सेट से जिले के करीब 205 तालाबों में पानी भरा गया है। पूर्व वर्षो में जनपद में कुल 654 तालाब नहरों से भरे जा रहे है। *वर्तमान वर्ष में और 318 तालाबो को गुल/ नाली बनाकर नहरों से जोड़कर कराया गया है। *इस प्रकार इस वर्ष कुल 972 तालाब नहरों के पानी से तालाब भरवाये जा रहे है।* जिससे तालाबों को नहरों से नियमित पानी मिलता रहेगा।

भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने नहरों से ऐसे तालाबों को जोड़ने पर जोर दिया था, जो करीब हों। इसकी समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अधिशाषी अभियंता सिंचाई खंड एवं डीसी मनरेगा को निर्देश दिए है कि शेष तालाबों में पानी भराए जाने का शीघ्र ही पूर्ण करें। डीसी मनरेगा द्वारा बताया गया कि जिले में अब तक 318 नालियों का निर्माण/सफाई कार्य कराया जा चुका है।

# रॉयल ड्रीम वर्ल्ड इंटर कॉलेज बिठूर में स्कॉलर बैज वितरण समारोह का आयोजन किया गया



**कानपुर,** शनिवार को रॉयल ड्रीम वर्ल्ड इंटर कॉलेज बिठूर में स्कॉलर बैज वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन रोहित मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा रॉयल ब्रेवरी अवॉर्ड की शुरुआत की गई। इस पुरस्कार के पहले प्राप्तकर्ता रहे ऋषि,आदर्श, सिद्धांत,आरुष और अंकुश,जिन्होंने एक जानवर की जान बचाकर साहस और संवेदना का परिचय दिया। साथ ही काव्या सिंह ने विषम परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना कर उदाहरण प्रस्तुत किया। इन सभी विद्यार्थियों को रॉयल ब्रेवरी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। स्कॉलर बैज वितरण समारोह में वर्ष भर 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बैज और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। चेयरमैन रोहित मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा बच्चों की सफलता और साहसिक कार्य हमें गर्व से भर देते हैं। ऐसे आयोजन छात्रों का मनोबल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्या सपना सिंह ने कहा हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास नहीं,बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक ज़िम्मेदारी का भी विकास करना है। रॉयल ब्रेवरी अवॉर्ड उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 623 अप्रयुक्त बोर से जनपद की ग्राम पंचायतों में बनेगा रिचार्ज सॉफ्ट, किया जाएगा जल संरक्षण का कार्य

कानपुर देहात जनपद में जल संरक्षण कार्य को प्राथमिकता में कराये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन० द्वारा कई विशेष पहल की गयी उनमे से एक पहल यह भी है कि अब जनपद की ग्राम प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण हेतु अप्रयुक्त हैण्डपम्प के बोर का प्रयोग रिचार्ज सॉफ्ट बनवाये जाने में किया जा रहा है। इसी क्रम में जल जागरूकता बढ़ाये जाने हेतु करसा ग्रे-वाटर मनेजमेंट के तहत वाटर रिचार्ज हेतु 24000 लीटर/दिन की कैपेसिटी का वॉटर पिट बनाया गया है जो कि उस ग्राम में स्थित घरों एवं नलियों से निकलने वाले गंदे पानी फिल्टर किए जाने उपरांत उसे एकत्र करेगा, *प्रथम चरण में यह कार्य जनपद की 25 ग्राम पंचायतों में पूर्ण कर लिया गया है।

वर्तमान में जनपद के 10 विकास खण्ड में से 7 विकास खण्ड एनआरएम घोषित कर दिये गये है।

# किटबा के नवीन संघ कक्ष के उद्घाटन का कार्यक्रम संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस, स्वप्निल तिवारी



**कानपुर** आयकर अधिवक्ता संघ ने अपने नवकक्ष में आधिकारिक प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त विवेक मिश्रा तथा अतिथि आयकर आयुक्त (मुख्यालय) शिवदान सिंह भदोरिया थे। संघ के अध्यक्ष नरपत जैन ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा कहा कि संघ की संख्या में वृद्धि के अनुसार बड़ा तथा सुसज्जित कक्ष आयकर विभाग ने भूमि तल पर उपलब्ध कराया है। जिससे संघ अधिक कुशलता से कर प्रणाली के संग्रह में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकता है। मुख्य अतिथि विवेक मिश्रा प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त ने कहा कि संघ अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है। कर सलाहकारों के सहयोग से ही सरकार प्रगति तथा सुरक्षा हेतु आवश्यक कर का संग्रह करती है उन्होंने बार एसोसिएशन के प्रति विश्वास जताते हुए उन्हें उपयुक्त सुविधा देने का आश्वासन दिया। सभा को आयकर आयुक्त मुख्यालय शिवदान सिंह भदोरिया ने भी संबोधित किया तथा संघ कक्ष को पूर्णता सुविधाओं देने पर अपनी सहमति जताई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कितबा के समर्पित एवं दूरदर्शी अध्यक्ष नरपत जैन ने की एवं बैठक के सफल समन्वयन में महासचिव शैलेश शर्मा ने विशेष दक्षता का प्रदर्शन किया।

संघ के सांस्कृतिक सचिव आशीष जौहरी ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और हमारे मुख्य अतिथि और सम्माननीय अतिथि का आभार व्यक्त किया। कितबा की कार्यकारिणी ने माला पहनाकर और एवं बुके देकर उनका स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया। कार्यक्रम में शैलेंद्र,सचिन,नवीन भार्गव,डी सी शुक्ला,राजीव मेहरोत्रा,एस एम जौहरी,जेपीसी भाटिया, शरद शेखर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# बसपा नेता पिंटू सेंगर मर्डर केस से दीनू और अरिदमन का नाम निकालने वाले विवेचक इंस्पेक्टर सभाजीत मिश्रा को पुलिस कमिश्नर ने सस्पेंड कर दिया

नेशनल एक्सप्रेश ब्यूरो



- समीक्षा के दौरान खेल पकड़ में आया इसके साथ ही उसकी विभागीय जांच भी शुरू कर दी है साक्ष्य होने के बाद भी हत्यारोपी दीनू व अरिदमन का नाम किया था बाहर

कानपुर के चर्चित बसपा नेता पिंटू सेंगर मर्डर केस से दीनू और अरिदमन का नाम निकालने वाले विवेचक इंस्पेक्टर सभाजीत मिश्रा को पुलिस कमिश्नर ने सस्पेंड कर दिया है। आरोप है कि एफआईआर में दोनों की हत्या में नामजदगी और पर्याप्त साक्ष्य होने के बाद भी दोनों का नाम केस से बाहर करते हुए क्लीन चिट दे दी थी।

विवेचना की समीक्षा के दौरान खेल पकड़ में आया तो पुलिस कमिश्नर ने जांच करने वाले इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही उसकी विभागीय जांच भी शुरू करा दी है।

साक्ष्य होने के बाद भी हत्यारोपी दीनू और अरिदमन का नाम किया था बाहर जाजमऊ में 30 जून 2020 में बाइक सवार शूटरों ने बसपा नेता पिंटू सेंगर की गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी थी। पिंटू के भाई धर्मेंद्र सेंगर ने पप्पू स्मार्ट, सउद अख्तर, महफूज अख्तर, मनोज गुप्ता, कथित अधिवक्ता दीनू उपाध्याय और अरिदमन सिंह के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

विवेचना में वीरेंद्र पाल, श्याम सुशील मिश्रा, शूटर राशिद कालिया, अहसान कुरैशी, सलमान बेग, फैजल कुरैशी, साफेज हैदर और असलम कुलरेज, मकबूल उर्फ बबलू सुल्तानपुरी, तनवीर बादशाह और मोहमम्द आयाज उर्फ टायसन के नाम सामने आए थे। राशिद का इनकाउंटर कर दिया गया था। आरोप है कि इस मामले में चकेरी में तैनात तत्कालीन इंस्पेक्टर सभाजीत मिश्रा ने सभी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में पेश की थी, लेकिन नामजद होने के बावजूद दीनू उपाध्याय उर्फ धीरज और अरिदमन सिंह का नाम साठगांठ करके बाहर निकाल दिया था। दोनों के खिलाफ फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर पिंटू सेंगर मर्डर केस की साढ़े चार साल बाद अग्रिम विवेचना शुरू हुई तो तत्कालीन विवेचनाधिकारी सभाजीत मिश्रा का खेल सामने आ गया।

साक्ष्यों के बावजूद दीनू और अरिदमन का नाम निकालने के मामले में पुलिस कमिश्नर ने उन्हें निलंबित कर दिया। हत्या जैसी गंभीर विवेचना होने के बाद भी लाभ के लिए दो हत्यारोपियों का नाम केस से बाहर कर दिया था। इस वजह से विभागीय जांच का भी आदेश दिया है। वर्तमान में वह कर्नलगंज थाने में अतिरिक्त निरीक्षक तैनात थे।

**दीनू को भेजा जेल, अरिदमन की बारी**

पिंटू सेंगर मर्डर केस में साढ़े चार साल बाद जांच में दीनू उपाध्याय और अरिदमन का नाम सामने आने के बाद दोनों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। पिंटू सेंगर मर्डर केस में दीनू को तो पुलिस ने अरेस्ट करके जेल भेज दिया। अब अधिवक्ता अरिदमन सिंह को पुलिस कभी भी अरेस्ट करके जेल भेज सकती है। अरिदमन सिंह की मां का निधन और उसे लीवर से संबंधित बीमारी के चलते फिलहाल पुलिस अरेस्ट नहीं कर रही है। कभी भी पुलिस उसे अरेस्ट करके जेल भेज सकती है।

## अमर्यादित्त टिप्पणी के विरोध में एससीएम सप्तम को ज्ञापन दिया गया

कानपुर, समाजवादी युवजन सभा कानपुर महानगर अध्यक्ष अर्पित त्रिवेदी और अल्पसंख्यक सभा अध्यक्ष अरमान खान द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से एससीएम सप्तम रामशंकर को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारत की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी को अपमानित किया गया और मध्य प्रदेश भाजपा के विधायक बालमुकुंद आचार्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे से मुंह पोंछा गया जो कि देश का अपमान है भाजपा के दोनों नेताओं पर त्वरित कार्यवाही हो और इनको बर्खास्त किया जाए। भाजपा अपने नेताओं द्वारा लगातार दूसरों को अपमानित करने के लिए मनोबल बढ़ाती है,अब भाजपा का यही चाल,चरित्र,चेहरा जनता के सामने उजागर होता जा रहा है। जनता 2027 में अखिलेश यादव की पीडीए सरकार बनाएगी।

# जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस अंतर्गत तहसील मैथा में सुनी समस्याएं, दिये निर्देश

नेशनल एक्सप्रेश ब्यूरो




कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह ने जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील मैथा में लोगों की समस्याओं/शिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 78 शिकायतें प्राप्त हुई, इनमें राजस्व विभाग की 57, पुलिस विभाग की 03, विद्युत की 07, आपूर्ति विभाग 02, खण्ड विकास अधिकारी की 05, पीडब्लूडी की 01 व जल निगम की 01 शिकायत प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त समस्याओं/ शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें, शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, छोटे-छोटे मामलों को भी गंभीरता पूर्वक लेकर आवश्यक कार्यवाही की जायें। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों की शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष लोगों द्वारा रखी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारी को शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराकर, निस्तारण आख्या से अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस व तहसील दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अन्त में जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि गर्मी के दृष्टिगत सभी तालाबों को पानी से भराया जाये तथा इसकी रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी को उपलब्ध करायें। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि जहां कही नालियां साफ नही है उन्हें डीसी मनरेगा से समन्वय स्थापित करते हुए सफाई करायी जाये, इसमें किसी प्रकार की लपरवाही न होने पाये। मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंह, डीएफओ एके द्विवेदी, परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुबोध कुमार, उप जिलाधिकारी राजकुमार, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अलग-अलग विधानसभाओं में ड्यूटी लगाने से नाराज शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन**



मूंढापांडे। शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र मूंढापांडे में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा मूंढापांडे मुरादाबाद की एक बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा के उपरांत से शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी मूंढापांडे राजेश चतुर्वेदी को दिया गया।

ज्ञापन में मूंढापांडे विकास क्षेत्र के अध्यापक अध्यापिकाओं की बीएलओ ड्यूटी अन्य विधानसभा जैसे मुरादाबाद ग्रामीण, मुरादाबाद नगर में नियुक्ति स्कूल से 30-45 किलोमीटर दूर बीएलओ के रूप में नियम विरूद्ध ड्यूटी लगायी गई है। जिससे विभागीय कार्य निर्वाचन कार्य सम्पन्न करने में बहुत बड़ी दिक़्क़त होती है।

जबकि संबंधित विधानसभा में भी पर्याप्त संख्या में कर्मचारी उपलब्ध हैं। मांग की गई है कि दूसरी विधानसभाओं से विकास खंड के अध्यापकों की नियम विरुद्ध ड्यूटी निरस्त की जाए। यदि स्थानीय स्तर पर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तब संगठन मजबूरन चुनाव आयोग की शरण में जाने के लिए बाध्य होगा। साथ ही चयन वेतनमान की ऑनलाइन प्रक्रिया जब तक शुरू नहीं होती है,तब तक चयन वेतनमान से संबंधित प्रकरण ऑफलाइन ही अग्रसारित करने का निवेदन किया गया है। बैठक की अध्यक्षता संजय कुमार सिंह ने की और संचालन हिमांशु वशिष्ठ ने किया। मुहम्मद हारून, नीरज शर्मा, विनोद यादव, सुरेंद्र कुमार, शिव चरन ,राजेश कुमार,अमान अली,सतेन्द्र कुमार सिंह, लवकुश यादव,राजीव सिंह, मनोज यादव, देश दीपक, भूपेन्द्र यादव, सुमित कुमार, प्रतीक शर्मा, योगेश सक्सेना,पूनम सक्सैना, बबिता, बंदना शर्मा,अंजलि गुप्ता,स्वाति शर्मा,गरिमा आदि उपस्थित रहे।

## नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान, कच्ची दुकानों को किया जमींदोज



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुरादाबाद। बुध बाजार में चला नगर निगम का बुलडोजर 13 कच्ची दुकानों को किया गया जमींदोज बाजार के सौंदर्यीकरण कार्य में बन रही थी बाधा कोर्ट ने दुकानदारों का स्टे खारिज किया था। नगर निगम अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण को हटवाया गया। मुरादाबाद नगर निगम की टीम ने शनिवार को बुध बाजार इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया।

टीम ने सड़क और फुटपाथ पर अवैध रूप से लगाए गए दुकानों और निर्माण सामग्री को हटवाया।

इस दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध करने की कोशिश की लेकिन प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई पूरी करवाई,अधिकारियों ने कहा कि शहर को जाम और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है, नगर आयुक्त के निर्देश पर एक बार फिर स्मार्ट सिटी में बाधा डाल रहे अतिक्रमण को बुध बाजार व सिविल लाइंस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस के बाहर फलों का ठेला लगाने वालों को हटाने की कार्रवाई की गई इसी प्रकार पीली कोठी से महिला थाना पुलिस लाइन होते हुए जिगर कॉलोनी तक अतिक्रमण को हटाया गया।

नगर आयुक्त ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले लोग खुद ही अपना अपना अतिक्रमण हटा लें, वरना नगर निगम बुलडोजर चलवाकर कार्रवाई करेगा, इसकी जिम्मेदारी अतिक्रमण करने वालों की होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### उपनिरीक्षकगण के साथ की समीक्षा बैठक

मुरादाबाद।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कटघर द्वारा थाना कटघर पर थाना प्रभारी व उपनिरीक्षकगण के साथ विवेचनाओं के निस्तारण हेतु चलाये गए अभियान की समीक्षा करते हुए गोष्ठी की गई तत्पश्चात पुलिसकर्मियों को बीट प्रणाली तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### अवैध चाकू के साथ एक युवक को पकड़ा

मुरादाबाद।शनिवार को हे0 का0 प्रविन्दर सिंह द्वारा मय हमराह पुलिस बल के अभियुक्त आबिद पुत्र शाबीर निवासी ग्राम ढक्का थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया।थाना मझोला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को किया जागरूक



भोजपुर।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना भोजपुर पुलिस द्वारा स्टेट हाईवे काशीपुर रामनगर रोड व मुख्य चौराहो पर पम्पलैट वितरित कर लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी।

### मृत्यु हो जाने के आरोपियों को थाना ठाकुरद्वारा पुलिस ने किया गिरफ्तार



ठाकुरद्वारा।वादी इन्तखाब आलम पुत्र स्व0 मौ0 इब्राहीम निवासी ग्राम दूल्हापुर पट्टी चौहान थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के भाईयों व भतीजे के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने तथा जान से मारने की नियत से लाठी, छुरियों व सरियों से जानलेवा हमला कर देने तथा जान से मारने की धमकी देने तथा उपचार के दौरान एक भाई की मृत्यु हो जाने के संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया,नदीम पुत्र नन्हे निवासी ग्राम दूल्हापुर पट्टी चौहान थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद ,फईम पुत्र नन्हे निवासी ग्राम दुल्हापुर पट्टी चौहान थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया पुलिस ने दोनों आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को घरेलू हिंसा की दी जानकारी



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज 05 शनिवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया ।

## बसपा की भाईचारा कमेटी की बैठक हुई आयोजित

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**




मुरादाबाद। शनिवार को बसपा जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संयुक्त रूप से जिला मुरादाबाद पार्टी कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई।

सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राज्यसभा सदस्य बाबू मुनकाद अली प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश रहे। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए बूथ स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर व जिला स्तर तक कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत करने की अपील की। पूर्व सांसद लोकसभा नगीना गिरीश चन्द्र ने बसपा भाईचारा कमेटी में सभी से एकजुट रहने की अपील की।

सतपाल सिंह मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद, मण्डल डॉ.रणविजय सिंह एड मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल,अरुण कुमार टिंकू, मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मण्डल,निर्मल सिंह सागर एड जिला अध्यक्ष मुरादाबाद,चन्द्रपाल सैनी जिला महासचिव,अमर सिंह जिला प्रभारी मुरादाबाद ,सुनील आज़ाद जिला प्रभारी, सतपाल कश्यप जिला संयोजक भाईचारा कमेटी,ऋषिपाल प्रधान जिला संयोजक भाईचारा,जिला सचिव करतार सिंह ,पूर्व विधानसभा प्रभारी शिव शंकर सागर ,पूर्व पार्षद ऋषिपाल ,नगर विधानसभा प्रभारी मुकेश कुमार ,सुरेन्द्र सिंह फ़ौजी विधानसभा प्रभारी,कांठ आदि बहुजन समाज पार्टी के सभी कार्यकर्ता रामपुर,मुरादाबाद मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आई जन शिकायतों का किया निस्तारण, संबंधित को दिए आवश्यक निर्देश

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




ठाकुरद्वारा। शनिवार को क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा रुद्रकुमार सिंह मुरादाबाद द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील ठाकुरद्वारा पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये।

ठाकुरद्वारा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। इस दिवस में फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई और अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को सुना, तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा रुद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई और उनकी समस्याओं को सुना गया। इस दौरान, कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## सड़क पर स्टंट करने से बचें, छात्र-छात्राओं को बताये नियम



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुरादाबाद। शनिवार को सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत टीएसआई जसवीर सिंह द्वारा श्रीमती श्यामों देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज पीतल बस्ती जिला मुरादाबाद में छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर उनको शपथ दिलाई।

जसवीर सिंह द्वारा रोड सेफ्टी मिशन 2025 के अंतर्गत स्कूल के लगभग 700 विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी रूल्स के बारे में अवगत कराया। प्रधानाचार्य शशि शर्मा की उपस्थिति में सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। दो पहिया वाहन हेलमेट व चार पहिया वाहन सीट बेल्ट का पालन करेंगे। मोबाइल प्रयोग करते हुए वाहन नही चलाना है। नशे का सेवन करके वाहन नही चलाना है।

अधिक गति सीमा से वाहन नही चलाना है। ओवरटेक नही करना है, सड़क पर स्टंट नहीं करना है। घायल व्यक्ति की मदद करनी है। नाबालिग द्वारा वाहन नही चलना है, इत्यादि नियमों से अवगत कराया। समस्त स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को पम्पलैट बांटकर उनको जागरूक किया।

## पर्दाफाश: धोखाधडी व ठगी करने वाले तीन अन्तर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**



मुरादाबाद। वादिनी निवासी थाना सिविल लाइन्स क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा 28-04-2025 को रोडवेज चौकी बस स्टैण्ड के पास वादिनी को बहला-फुसलाकर व धोखे, छल से वादिनी के कानों के टॉस, मंगलसूत्र आभूषण उतरवा कर ले जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना गलशहीद पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कटघर के पर्यवेक्षण में थाना गलशहीद पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त निरीक्षण घटनास्थल व सीसीटीवी कैमरे, फुटेज से साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई जिसके फलस्वरूप शुक्रवार रात्रि में संभल फाटक चौराहा पर चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण सुभाष पुत्र जगदीश भगत निवासी सावदा जेजे कालोनी थाना कंझावला नई दिल्ली,रोहित पुत्र संतोष कुमार निवासी के 662 सावदा जेजे कालोनी थाना कंझावला नई दिल्ली हाल निवासी चंचल पार्क पप्पू कालोनी गुलदार विहार आर 9 लास्ट वाली गली थाना रनौला नई दिल्ली,मुकेश पुत्र रामदेव निवासी शिव विहार जेजे कालोनी उत्तम नगर थाना रनौला नई दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 35,600 रुपये नकद व एक जोडी पीली धातु के कुण्डल व दो कीपैड मोबाईल व घटना में प्रयुक्त एक वैगनार कार अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा बताया गया कि हम लोगो से धोखाधडी और ठगी का काम करते है। 28-04-2025 को हम तीनो व हमारा एक अन्य साथी धर्मा सोलंकी उर्फ बूच्चा, सभी लोग मिलकर पुराने केस के सिलसिले में टनकपुर उत्तराखण्ड जा रहे थे तो हमने खर्चे पानी के लिए जनपद मुरादाबाद मे पुराना रोडवेज बस स्टैण्ड के पास एक औरत से धोखाधडी और ठगी करके उसके कानो के पीली धातु के कुण्डल व पीली धातु का मंगलसूत्र ले लिया था और फिर वहां से हम लोग उत्तराखण्ड चले गये थे। हम चारों ने मिलकर उस घटना को अंजाम दिया था। हमारे द्वारा जो ठगी की गई थी, उसमें से कुण्डल अभी भी हमारे पास थे। जो पुलिस ने हमसे बरामद किये है तथा मंगलसूत्र को हमारे अन्य साथी धर्मा उर्फ बूच्चा ने अपने पास रखकर हमारे हिस्से के रूपये हमे दे दिए थे। जिसमें से बचे हुए 35,600 रुपये हमारे पास बचे थे। हम लोग कई बार अलग-अलग राज्यों से भी जेल जा चुके है। आज हम लोग नैनीताल से आ रहे थे। पुलिस द्वारा पकड लिये गये। मुकदमा उपरोक्त मे वांछित एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

# प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में स्थापित हों आयुष महाविद्यालयः मुख्यमंत्री योगी

### मुख्यमंत्री ने कहा- आयुष की सभी विधाओं को इंटीग्रेटेड करते हुए एक ही कैम्पस में उपलब्ध कराएं



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयुष विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में एक इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय की स्थापना सुनिश्चित की जाए, जिसमें आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत आयुष की सभी पद्धतियों को एक ही परिसर में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आयुष चिकित्सा पद्धति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य-आधारित शिक्षा प्रणाली को भी सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयुष संस्थानों में नेचुरोपैथी और योग सेंटर की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए और सभी स्वीकृत शैक्षणिक व चिकित्सकीय पदों को शत-प्रतिशत भरने की कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर जनपद में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रारंभ किए जाएं, जो सरकारी या पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड में संचालित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से हो और प्रदेश भर में आयुष विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं को भी प्राथमिकता से पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निजी क्षेत्र को भी इस क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि निजी निवेशकों को आयुष सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र में संचालित आयुष महाविद्यालयों एवं चिकित्सालयों के बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, फैकल्टी एवं स्टाफ की गुणवत्ता का गहन परीक्षण कराया जाए ताकि कोई कमी न रह जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद में पंचकर्म जैसी विशिष्ट पद्धतियां गंभीर बीमारियों के उपचार में अत्यंत प्रभावी हैं, इसलिए इन पद्धतियों को प्रदेश के सभी आयुष संस्थानों में बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सा की लोकप्रियता को देखते हुए यह समय है जब भारत की परंपरागत चिकित्सा को वैज्ञानिक रूप से प्रस्तुत कर वैश्विक मंच पर स्थापित किया जाए।

#### एमओयू के माध्यम से चिकित्सालयों में हो आयुष दवाओं की नियमित आपूर्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि डाबर, वैद्यनाथ और पतंजलि जैसी आयुर्वेदिक उत्पादक संस्थाओं के साथ एमओयू कर सभी आयुष चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी मरीज को चिकित्सकीय उपचार के लिए दवा की कमी न हो।

#### सभी आयुष संस्थानों की निरंतर करें मॉनिटरिंग

बैठक के दौरान आयुष विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्तमान में प्रदेश में 2,127 आयुर्वेदिक, 259 यूनानी और 1,598 होम्योपैथिक चिकित्सा संस्थान संचालित हैं, जो आयुष सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन संस्थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए और आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

#### योग दिवस के लिए अभी से शुरू हो तैयारी

मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मण्डलों, जनपदों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और सरकारी विभागों में योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके लिए प्रत्येक जनपद में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जो जनसामान्य को योग प्रशिक्षण दे सकें।

# अमेठी सांसद किशोरीलाल शर्मा ने में क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनता की समस्याएं सुनी

### गौरीगंज कांग्रेस केंद्रीय कार्यालय में जनसुनवाई का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस



अमेठीः अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अपने 25 वें अमेठी क्षेत्र भ्रमण के दौरान आज दिनांक 16मई 2025 दिन शुक्रवार को पूर्वांहन 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक अमेठी में जनता की समस्याएं सुनीं।

सांसद किशोरीलाल शर्मा ने गौरीगंज कांग्रेस कार्यालय में जनसुनवाई की जिसमे सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्या रखीं। फरियादियों ने सांसद के प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किये। अमेठी के गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण जनसुनवाई का आयोजन हुआ। सांसद किशोरीलाल शर्मा ने इस जनसुनवाई की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में सैकड़ों स्थानीय नागरिकों, प्रधानों,क्षेत्र पंचायत सदस्यों व जिला पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य जनों ने जन समस्यायों पर चर्चा की लोगों ने बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं इसके अलावा नहरों में पानी, खाद आवास, पेंशन, राशन, पुलिस,जिला प्रशासन, राजस्व और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित शिकायतें भी की गईं।

सांसद ने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कार्यालय प्रभारी बृजेश तिवारी को कई समस्याओं के तत्काल समाधान के निर्देश दिए। सांसद शर्मा ने अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उन्हें हल करना उनकी पहली जिम्मेदारी है। अमेठी का हर नागरिक मेरे लिए सम्मानित है क्षेत्र का यह 25वॉं दौरा है कांग्रेस का छोटा बड़ा पदाधिकारी या आम जन सब मेरे लिए बराबर हैं बिचौलिये की कोई जरुरत नहीं चुनाव मे जनता से जो वादा किया था उसी अनुरूप जनता की सेवा कर रहा हूँ।

सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा अमेठी के हर नागरिक की आवाज को संसद व दिशा बैठक में जनहित के मुद्दों को उठाता रहता हूँ।

कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल,सुल्तानपुर जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राना, ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस और सेवा दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांसद ने कहा सदैव की भांति निरंतर जनसुनवाई नियमित रूप से आयोजित होती रहेगी इससे लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु यथा सम्भव प्रयास रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चार दर्जन स्कूली वाहनों का पंजीयन निरस्त, 144 स्कूली वाहन रडार पर

गोंडा ।सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा लगभग चार दर्जन स्कूली वाहनों का पंजीकरण निरस्त करते हुए लगभग 150 स्कूली वाहनों के फिटनेस के लिए स्कूल प्रबंधकों को नोटिस भेजते हुए हिदायत दिया गया है कि यदि अतिशीघ्र स्कूली वाहनों का फिटनेस कि जांच करवाकर फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त न किया गया तो आगामी दिवस में उक्त स्कूली वाहनों का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा ।यह जानकारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आर0 सि0 भारतीय ने दिया। अधिकारी ने बताया कि उक्त स्कूलों के प्रबंधन को पूर्व में कई बार फिटनेस हेतु पत्र अथवा फोन के माध्यम से सूचित किया जा चुका है परन्तु स्कूल प्रबंधकों द्वारा संज्ञान में न लेकर तथा वाहनों का फिटनेस न करवाकर विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है।

### फर्जी अभिलेखों के सहारे शिक्षिका बनी पिंकी बर्खास्त, मुकदमा दर्ज

गोंडा ।जिले के बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी पाने का एक और मामला सामने आया है ।बताते चलें कि 12 सितंबर 2018 से सहायक अध्यापक के पद पर कार्य कर रही सहायक अध्यापिका पिंकी वर्मा को सत्यापन के दौरान फर्जीवाड़ा मिलने पर बर्खास्त कर दिया गया है ।रमाबाई नगर के छतरसा गांव निवासिनी पिंकी वर्मा ने वर्ष 2013 का टेट प्रमाण पत्र नौकरी के लिए आवेदन करते समय लगाया था जिसमें 150 में से 95 अंक दर्शाया गया था जो कि दौरान सत्यापन फर्जी पाया गया जिसके संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कई बार नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा गया जिसका सहायक अध्यापिका पिंकी वर्मा द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया ।जिसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी द्वारा सहायक अध्यापिका पिंकी वर्मा को बर्खास्त कर दिया गया है तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी झंझरी समय प्रकाश त्रिपाठी ने शिकायत दर्ज कराया है जिसके आधार पर पिंकी वर्मा के विरुद्ध धोखाधड़ी व दस्तावेजों में हेराफेरी का मुकदमा दर्ज किया गया है ।प्रकरण कि विवेचना नगर कोतवाली के उप निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह द्वारा किया जा रहा है।

# गर्मी से गोवंशों को बचाने की पहल : बोरे व तिरपाल से ढके गए गौशाला

### 89 निराश्रित गौशालाओं में की गईं विशेष व्यवस्थाएं



रायबरेली। रायबरेली में भीषण गर्मी के चलते जिले की गौशालाओं में गोवंशों के लिए विशेष व्यवस्थाएं व प्रबंध किए गए हैं।जिले की 89 निराश्रित गौशालाओं में गोवंशों को गर्मी से बचाने के लिए उनके बाड़ों को बोरे और तिरपाल से ढँक दिया गया है।इतना ही नहीं इन बोरों और तिरपाल पर दिनभर में कई बार पानी का छिड़काव किया जा रहा है,जिससे लू के प्रकोप को कम किया जा सके।

मुख्य पशुधन विकास अधिकारी अनिल कुमार के मुताबिक जिले की सभी 89 निराश्रित गौशालाओं में लू और गर्मी से पशुओं को बचाने के लिए उन्हें गीला भूसा दिया जा रहा,चरही को दिन में तीन से चार बार भरा जा रहा है,बाड़ों के चारों ओर लगाए गये तिरपाल व बोरों को लगातार गीला रखा जा रहा है। गौशालाओं के कर्मचारियों को इन गतिविधियों का वीडियो बनाकर अधिकारियों के ग्रुप में भेजना होता है।

इन वीडियो के वायरल होने से आम लोग भी अपने पशुओं की देखभाल में इसी तरह की व्यवस्थाएं अपना रहे हैं।इससे गर्मी से पशुओं को राहत मिल रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया नवनिर्मित जिला जेल चौकी का उद्घाटन

### पूजा अर्चना कर जेल चौकी का फीता काटकर किया उद्घाटन, पुलिस अधीक्षक के साथ जेल अधीक्षक व जेलर रहे मौजूद



रायबरेली। जिले की कानून व्यवस्था सहित जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।शुक्रवार को शहर कोतवाली की आठवीं पुलिस चौकी का उद्घाटन पूजा पाठ के साथ जेल परिसर में किया गया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे और उन्होंने विधि-विधान से पूजा-पाठ के बाद चौकी का उद्घाटन किया।यह नई पुलिस चौकी जेल की बाहरी सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेगी,जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने में मदद मिलेगी।पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने इस पहल को जेल की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।उन्होंने कहा कि पुलिस और जेल प्रशासन मिलकर समन्वय स्थापित कर जेल की सुरक्षा को चाक-चौबंद रखने के लिए प्रतिबद्ध है।साथ ही साथ कहा कि यह नई चौकी जेल अपराधियों पर नकेल कसने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का प्रयास है कि जनपद में अपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए जिससे आम जनता को सुरक्षा का अहसास हो।इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।एसपी के नेतृत्व में सभी ने नई चौकी जेल के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान पुलिस टीम ने आश्वासन दिया कि वह जनता की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के लिए पूरी मेहनत से काम करेगी।यह नई चौकी जेल अपराधियों को त्वरित सजा दिलाने और कानूनी प्रक्रिया को तेज करने में सहायक होगी।इसके साथ ही,यह पुलिस की कार्यक्षमता को बढ़ाएगी और आम नागरिकों के लिए सुरक्षा का वातावरण सुनिश्चित करेगी।इस अवसर पर एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने पुलिस कर्मियों से अपील की कि वे निष्पक्ष और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें,ताकि जनता का विश्वास पुलिस प्रशासन पर बना रहे।इस उद्घाटन समारोह में जेल प्रशासन के कई उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे।सभी ने इस नई पुलिस चौकी की स्थापना को सुरक्षा की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया और उम्मीद जताई कि इससे जेल परिसर और उसके आसपास के क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनी रहेगी। इस पहल से जेल कर्मचारियों और आसपास के निवासियों ने भी राहत की सांस ली है।

# भारतीय सेना के सम्मान में गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय पार्क से निकाली गई तिरंगा यात्रा

### राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, सालोन विधायक अशोक कोरी, बीजेपी जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी यात्रा में हुए शामिल



रायबरेलीः जनपद में भारतीय सेना के सम्मान में विशाल तिरंगा-शौर्य-यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने श्री गोविंद सिंह पार्क में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सैनिकों के सम्मान की गौरव गाथा है।

तिरंगा शौर्य यात्रा श्री गुरु गोविंद सिंह पार्क से निकलकर शहीद चौक(डिग्री कॉलेज चौराहा), हाथी पार्क, अस्पताल चौराहा दीवानी न्यायालय, घंटाघर चौराहा, सुपर मार्केट, खालसा चौक होते हुए चंदापुर कोठी परिसर में स्थित श्री जगमोहनेश्वर महादेव मंदिर पर सम्पन्न हुई। जहां पर उद्यान मंत्री ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ भारतीय सैनिकों को शक्ति प्रदान करने के लिए पूजा अर्चना की। तिरंगा शौर्य यात्रा में सभी पंथ, वर्ग, दलों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

इस यात्रा में सलोन विधायक अशोक कुमार,भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, रामदेव फौजी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, सुरेंद्र सिंह दाढ़ी,तिरंगा यात्रा संयोजक शरद सिंह, नन्द किशोर तिवारी, पप्पू लोहिया, देवेन्द्र सिंह, जन्मेजय सिंह, अनुज मौर्य,अभिषेक वर्मा विवेक शुक्ला आशुतोष पांडेय, रेनू सिंह, अनीता श्रीवास्तव, वंदना कश्यप, प्राची शालू,आकांक्षा शुक्ला, सुधा अवस्थी, विधु सिंह,सरिता सिंह, अन्य लोग शामिल हुए।

# ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी के गोदाम में मारपीट,दर्जनों की संख्या में युवकों ने मचाया उत्पात



लालगंज(रायबरेली)।कस्बे के बरदाही मोहल्ला स्थित एक ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी के गोदाम में शुक्रवार सुबह दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई।यह पूरी घटना गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।घटना के संबंध में दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है।सर्वोदय नगर निवासी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वह कंपनी में डिलीवरी पहुंचाने का काम करता है।सुबह करीब साढे 8 बजे साकेत नगर निवासी एक युवक एक महिला के साथ गोदाम पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा।विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी।वीरेंद्र ने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों ने गोदाम में रखे सामान को नुकसान पहुंचाया।वहीं दूसरी ओर आजाद नगर निवासिनी तैय्यबा ने पुलिस को दी,तहरीर में कहा कि गोदाम के दो कर्मचारी बीते तीन दिनों से उसके मोबाइल पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे।जब वह आपत्ति जताने पहुंची तो वहां मौजूद लोगों ने उसके साथ मारपीट की।कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। दोनों पक्षों की गलती थी।उनकी आपस में सुलह हो गई है।

# अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की सौगात

- अयोध्या में साढ़े आठ करोड़ में 14 हजार स्क्वायर मीटर में तैयार हुई आधुनिक पार्किंग
- 150 से अधिक कार के लिए बने हैं ब्लॉक, ईवी स्टेशन भी

लखनऊ। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए योगी सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिला कारागार के पीछे 14 हजार स्क्वायर मीटर के विशाल क्षेत्र में साढ़े आठ करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक पार्किंग का निर्माण कराया है। नगर निगम द्वारा तैयार इस पार्किंग में 48 बड़े वाहन, 150 से अधिक चार पहिया वाहन और बड़ी संख्या में मोटरसाइकिल खड़ी हो सकेंगी। यह सुविधा न केवल वाहनों की पार्किंग को सुगम बनाएगी, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी।

योगी सरकार में अयोध्या अब वैश्विक स्तर पर धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। यहां हर दिन लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंच रहे हैं। राम मंदिर के दर्शन के लिए देश-विदेश से आने वाले लोगों की सुविधा के लिए योगी सरकार ने इस पार्किंग को प्राथमिकता के आधार पर तैयार कराया है। यह पार्किंग शहर की भीड़भाड़ को कम करने और यातायात को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

#### प्रकाश व अन्य व्यवस्थाएं भी हैं

पार्किंग में विभिन्न प्रकार के वाहनों के लिए अलग-अलग क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं। यहां पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए गए हैं। यह सुविधा पर्यावरण के अनुकूल यात्रा को बढ़ावा देगी और उन पर्यटकों के लिए लाभकारी होगी जो इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करते हैं। पार्किंग क्षेत्र को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए उचित प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी की गई है।

#### जेल की दीवारों पर पेंटिंग और सेल्फी पॉइंटइस

पार्किंग को पर्यटकों के लिए आकर्षक भी बनाया गया है। जिला कारागार की दीवारों को रंग-बिरंगी पेंटिंग्स से सजाया गया है, जिनमें रामायण के दृश्य, अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक महत्व को दर्शाया गया है। इन दीवारों के पास पहुंच पेंटिंग के साथ सेल्फी ले सकेंगे।

#### पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए राहत

अयोध्या में पहले पार्किंग की कमी के कारण पर्यटकों को अपने वाहन सड़कों पर या असुरक्षित स्थानों पर खड़े करने पड़ते थे, जिससे यातायात जाम और असुविधा की स्थिति उत्पन्न होती थी। इस नई पार्किंग के बनने से न केवल पर्यटकों को राहत मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी यातायात व्यवस्था सुगम होगी। रायबरेली, प्रयागराज व अम्बेडकनगर से हाईवे होकर नाका में प्रवेश करने के बाद मक़बरा से ओवर ब्रिज होकर पार्किंग स्थल पर पहुंचा जा सकेगा।

#### होंगी सभी मूलभूत सुविधाएं

पार्किंग स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाओ की व्यवस्था की गई है। नगर निगम निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पुनीत ओझा ने बताया पार्किंग स्थल की सतह आरसीसी से बनी है। शौचालय के भी प्रबंध हैं। बूम बैरियर इत्यादि लगना है। स्टैंड के चार्ज के लिए जल्द टेंडर निकाला जाएगा।

# उत्तर प्रदेश राज्य संग्रहालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन






लखनऊ। संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के अधीन राज्य संग्रहालय, लखनऊ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर अटल आवासीय विद्यालय, मोहनलालगंज, लखनऊ में विविध शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की गई। इस अवसर पर "हमेशा बदलते समुदायों में संग्रहालय का भविष्य" विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को राज्य संग्रहालय की कलाकृतियों पर आधारित छायाचित्र एवं अनुकृति प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। साथ ही "संग्रहालय का महत्व एवं उपयोगिता" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता तथा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिनमें लगभग 200 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई।

इस संपूर्ण आयोजन का सफल संचालन राज्य संग्रहालय, लखनऊ की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन के निर्देशन में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मीनाक्षी खेमका, सहायक निदेशक, एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा अटल आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के सहयोग से की गई, तथा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखवीर सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों के लिए राज्य संग्रहालय को पुनः आमंत्रित किया। इस अवसर पर डॉ. अनिता चौरसिया, धनंजय राय, शारदा प्रसाद त्रिपाठी, सुश्री प्रीती साहनी, प्रमोद कुमार सिंह, श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव, राहुल सैनी सहित संग्रहालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मैक्स लोडर ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत दो घायल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। शुक्रवार रात को जनपद के नारखी-बछगांव रोड पर तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर में बाइक सवार पवन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो साथी घायल हो गए है। पुलिस ने मौके पर पहुँच कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है साथ ही घायलों को इलाज हेतु भेजा।



पूरा मामला नारखी-बछगांव रोड का है। पवन अपने दोस्तों के साथ बाइक से लौट रहा था तभी रोड पर सामने से आ रहे मैक्स लोडर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में तीनों युवक सड़क पर गिर गए।पवन के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही दोनों साथियों का इलाज चल रहा है। लोडर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने बताया कि मैक्स लोडर में आटा लदा हुआ था। टायर फटने से लोडर अनियंत्रित हो गया था शायद इसी कारण टक्कर हुई है। पुलिस का कहना है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

### लखनऊ में मिला फिरोजाबाद के दो कोचों को लाइसेंस और प्रमाण पत्र

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। जनपद के सुशांत कुमार और अर्पित यादव को कोच लाइसेंस पूरा करने के बाद लखनऊ में लाइसेंस और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। लखनऊ में चौक स्टेडियम में कोच लाइसेंस पूरा करने के बाद फिरोजाबाद के दो कोचों अर्पित यादव शिकोहाबाद और सुशांत कुमार टूंडला को ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव राज कुमार और कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने लाइसेंस और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। इस मौके पर रामज्ञान सिंह, गोविंद अग्रवाल, रितेश कुमार यदुवंशी, सुरेंद्र सिंह नौहवार, उपेन्द्र उपाध्याय, सुरेंद्र सिंह सभी ने बधाई दी।

### पूर्व एमएलसी ने दंडवत परिक्रमा कर कराया भंडारा

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/ शिकोहाबाद । बालाजी मंदिर के निकट स्थित एफ एस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पूर्व एम एल सी डॉ दिलीप यादव ने गोवर्धन महाराज की सपरिवार सप्तकोसीय दंडवत परिक्रमा कर भंडारे का आयोजन किया। डॉक्टर दिलीप यादव ने अपने बेटों योगेश यादव, राहुल यादव तथा नितिन यादव के अलावा अन्य परिवारीजनों के साथ गोवर्धन ( मथुरा) में पहुंचकर पहले दंडवत सप्तकोसीय परिक्रमा की तथा इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान विश्विद्यालय से जुड़े अन्य लोग भी मौजूद रहे ।

### जेडा झाल पर मिला महिला का शव बरामद

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना । एक महिला का शव बरामद। एका के अंतर्गत जेडा झाल में एक महिला का शव बहकर जा रहा था । ग्रामीणों को दिखाई दिया तो उन्होंने एका थाने में सूचना दी । थाना अध्यक्ष एका ने बताया कि महिला की उम्र करीब 35 वर्ष है वह कहीं बाहर से नदी में बहकर आ रहा था जिसकी अभी शिनाख्त शवाना पत्नी शाहन आलम उम्र 35 निवासी बिल्सी जिला बदायूं शादी के बाद कासगंज में दरगाह पर चादर चढ़ाने आई थी किसी नहर पर नहाने के दौरान उनका पैर फिसल गया और महिला की मौत हो गई ।



### चोरी के माल सहित तीन बाल अपचारी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस ने चैकिंग के दौरान तीन बाल अपचारियों को चोरी के माल सहित पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस ने 03 बाल अपचारियों को सनक सिंह के भट्टा के पास खाली पड़े मैदान से चोरी के बिजली के कॉपर के तार वजन 10.3 किग्रा0 व एसी के कापर के पाईप वजन 9.5 किग्रा0 सहित गिरफ्तार किया गया है। बाल अपचारी को न्यायालय के समक्ष पेश कर कार्यवाही की जा रही है।

### राजपूती होली में रात भर झूमते रहे ग्रामीण, लिया आनंद



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सिरसागंज। तहसील क्षेत्र के गांव जायमई में शुक्रवार रात्रि के समय राजपूती होली का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने रात भर भरपूर आनंद लिया। तहसील सिरसागंज क्षेत्र के गांव जायमई में शुक्रवार रात्रि को ठाकुर जी महाराज मेला कमेटी द्वारा राजपूती होली का आयोजन किया गया । होली का शुभारंभ प्राथमिक शिक्षक संघ मदनपुर के ब्लॉक अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया गया। कमेटी के लोगों ने अतिथियों का स्वाफा बांध कर सम्मान किया । राजपूती होली के विख्यात गायकार प्रताप सिंह निवासी राजाखेड़ा , धौलपुर , राजस्थान ने रात भर भरपूर होलिया सुनाई, जिस पर लोग घूमते रहे। इस मौके पर हरेंद्र , उपेंद्र , अवनेन्द्र, दीपक , विनोद , नर्वेस , नरेंद , प्रवेश आदि कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

### समाधान दिवस मे डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद ने सुनी जन शिकायतें, अधिनस्थ को दिया निर्देश



नेशनल एक्सप्रेस/धनौरा। तहसील सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने संपूर्ण समाधान दिवस मे आने वाले फरियादियों की फरियाद सुन शिकायतों से संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायतों के निस्तारण के दिशा निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे राजस्व विभाग की 23 पुलिस विभाग की 4 विकास विभाग की 5 चकबंदी विभाग की 4 विद्युत विभाग की 7 वन विभाग की 2 नगर पालिका की 3 जल विभाग की 1 स्वास्थ्य विभाग की 1 पी डब्लू डी की 1 गन्ना विभाग की 1 आपूर्ति विभाग की 1 शिकायत सहित 53 शिकायतें दर्ज हुईं। जिसमें से राजस्व विभाग की पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। व शेष शिकायतों से संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायतों का निस्तारण करने के दिशा निर्देश जारी किए गए। वहीं समाधान दिवस से पूर्व जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने तहसील के न्यायिक और राजस्व कार्यों की बैठक कर समीक्षा की बैठक में तहसीलदार नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक मौजूद थे जिलाधिकारी ने न्यायालय में एक से तीन वर्ष तीन से पांच वर्ष व पांच वर्ष से अधिक धारा 34 और 67 के पुराने वादों के निस्तारण न होने लंबित रहने व लगातार तारिक पर तारिक लगाए जाने पर नायब तहसीलदार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें जमकर फटकार लगाई और हिदायत देते हुए कहा कि पहले कोर्ट चलाना सीखें पेशकार और वकील के भरोसे कोर्ट न चलाएं। नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सभी फाइल ट्रांसफर करने के दिशा निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि मई के अंत तक यदि धारा 34 और 67 के मामले खत्म नहीं हुए तो बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के निदेर्शानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी चंद्रकांता, तहसीलदार धनौरा, पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर, मुख्य चिकित्साधिकारी, धनौरा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, बछरायूं थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार, धनौरा नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा, बछरायूं नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी दीपालिका यादव सहित कई आदि अधिकारी गण मौजूद रहे।

# टूंडला बस स्टैंड बना किराये का स्टैंड, कुल्फीवालों का कब्जा बरकरार

**रोड पर सरकारी बसें खड़ी होने से लगता है जाम, जनता परेशान**

**प्रशासन के आदेश के बाद भी नहीं दिखी कार्यवाही**



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद/टूंडला। जनपद फिरोजाबाद के नगर टूंडला के सुभाष चौराहे पर बना सरकारी बस स्टैंड अब किराए का स्टैंड बन कर रह गया है। रोडवेज बसों के लिए स्टैंड के अन्दर बसें खड़ी करने की जगह नहीं है और न ही निकासी की जगह है। रोडवेज बस स्टैंड के अन्दर हीरालाल कुल्फी वाले ने कब्जा कर रखा है। कुल्फी और भल्ला खाने के लिए तमाम राहगीर बस स्टैंड के अंदर अपने-अपने प्राइवेट वाहन खड़ा करके कुल्फी का लुफ्त उठाते हैं। बस स्टैंड की निकासी की तरफ रोडवेज विभाग की तरफ से लोहे के गाटर गाढ़ दिए गए हैं जिससे रोडवेज बसों की निकासी बिल्कुल बंद हो गई है।और गाटर के दूसरी तरफ ऑटो चालकों ने अपनी पार्किंग बना रखी है जिससे एटा रोड पर जाम की समस्या उत्पन्न होती है। बीते दिन एसडीएम टूंडला अनुराधा सिंह ने हीरालाल कुल्फी वाले को प्राइवेट वाहन न खड़े करने के सख्त निर्देश दिए थे।लेकिन एसडीएम टूंडला के आदेश को हीरालाल कुल्फी वाले हवा में उड़ाते नजर आ रहे हैं। रोडवेज बसों के बस स्टैंड में खड़े होने से काफी हद तक एटा रोड पर जाम की समस्या का समाधान हो जाएगा। लेकिन हीरालाल की कुल्फी के चक्कर में कार्यवाही ढीली दिख रही है। आदेशों के बाद भी निचले स्तर पर कार्य शून्य दिखाई दे रहा है। आखिरकर कब्जा हटें भी तो कैसे अगर सूत्रो की माने तो हीरालाल कुल्फी वाले हजारों कुल्फी फ्री में खिला रहे है। जनता पूछ रही है कि आखिरकर कब प्रशासन सख़्त रवैया अपनाएगा और कब निजी पार्किंग में तब्दील हुए बस स्टैंड को बसों के लिए मुक्त किया जायेंगा।

## दाऊदयाल गर्ल्स इंटर कॉलेज में मेधावियों और उनकी शिक्षिकाओं का हुआ सम्मान




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबादः- नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय दाऊदयाल गर्ल्स इंटर कॉलेज, फिरोजाबाद। के उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावियों के साथ उनकी शिक्षकाओ का सम्मान समारोह विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजुमा रियाज के संयोजन में किया गया। जिसमें कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष ब्रजेश यादव, प्रबंधक मयंक शर्मा, जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं श्रीमती अंजुमा रियाज ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। अंजुमा रियाज ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय का हाई स्कूल परीक्षाफल 97% और इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 90% रहा है। जिसमे हाई स्कूल की 133 छात्राओं और इंटरमीडिएट की 54 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण करके जनपद में विद्यालय का नाम रोशन किया है। ब्रजेश यादव ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मयंक शर्मा ने सभी छात्राओं को उनके लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विद्यालय की ओर से सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्राची जैन ने प्रथम, अन्नू ने द्वितीय और चिंकी ने तृतीय स्थान एवं हाई स्कूल में रानी ने प्रथम, मनु ने द्वितीय और निधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय पर सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। इसी के साथ बोर्ड परीक्षा से सम्बंधित शिक्षकाओं क्रमशः श्रीमती रंजना शुक्ला, प्रतिभा राजपूत, डॉ प्रतिभा, दिव्या रतन, पिंकी गौतम, अनु वर्मा, निधि सिंह, रुचिता श्रीवास्तव, विनीता सिंह, रिमशा, रितु जैन, अनम, संगीता तिवारी, सोनम को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ प्रतिभा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## जिलाधिकारी के प्रयास से फूड प्रोसेसिंग भी ओडीओपी में अतिरिक्त उत्पाद के रूप में शामिल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन के प्रयासों से एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में ग्लास वेयर के साथ-साथ फूड प्रोसेसिंग को भी एक अतिरिक्त उत्पाद के रूप में ओडीओपी योजना में शामिल किया गया है, इस पहल से नवीन इकाईयां जनपद में स्थापित होंगी, जिससे एक लाख से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा, जिलें में इससे आलू प्रसंस्कृरण इकाईयों में सुधार होगा, इससे किसानों की दशा एवं दिशा सुधरेगी, जिलें में देखा जाए तो इस समय कुल 1.78 लाख हे0 कृषि क्षेत्र है, जिसमें से कुल 48000 हे0 पर आलू की खेती की जा रही है, आलू प्रसंस्करण इकाई के अलावा कृषि आधारित उत्पादों जैसे- आचार, मुरब्बा, चिप्स जैम और जैली जेसे प्रोडक्शन यूनिटों को इससे फायदा पहुेचेगा, फूड प्रोसेसिंग इकाईयों से युवाओं और तकनीकी रूप से कुशल लोगों को नये रोजगार मुहैया होंगे, ओडीओपी के तहत अतिरिक्त उत्पाद में फूड प्रोसेसिंग के रूप में शामिल करने से युवाओं को नए क्षेत्र में कारोबार करने का मौका मिलेगा, जैसा कि विदित है कि लोकल को ओकल करने के विचार से छोटे शहरों के उत्पादों को अंतराष्ट्रीय पहचान दिलाने के उददेश्य से उ0प्र0 सरकार ने 24 जनवरी 2018 को ओडीओपी योजना की शुरूआत की प्रमुख उददेश्य था लघु कुटीर और मध्यम उद्योगों का विकास करना जिससे न केवल क्षेत्रीय उत्पादों को पहचना मिलेगी अपितु इससे बडी संख्या में युवाओं को रोजगार भी मिलेगा, इस योजना को संचालित करने के लिए पुरूषों को एक लाख रू0 और महिलाओं को डेढ लाख रू0 की लोन सब्सिडी दी जाएगी, इस योजना से परम्परागत उद्योगों को एक नया जीवन मिलेगा अपितु इन व्यवस्याओं से जडे. हुए लोगों को भी आर्थिक रूप से सम्बल बनाने में मदद मिलेगी।

## भारतीय वीर जवानों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा, लोगों में दिखा जोश



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

सिरसागंज। नगर सिरसागंज में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमलों के बाद भारतीय सेना के पराक्रम को लोगो ने भारत शौर्य तिरंगा यात्रा के रूप में मनाया गया। नगर पालिका सिरसागंज से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया । पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने तिरंगा यात्रा को तिरंगा दिखाकर शुरू किया। यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई नगर पालिका सिरसागंज पर पहुंची। तिरंगा यात्रा में नंगला गुलाल से आए पूर्व सैनिको का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकियों के हमलों का भारतीय सेना के वीर जवानों ने पाक के घर में घुसकर जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर चलाकर कई आतंकी अड्डों का सफाया किया। इसके बाद पाकिस्तान के हमलों का ऐसा मुंहतोड़ जबाव दिया कि पाकिस्तान कराहा उठा और रहम की भीख मांगने को मजबूर हो गया। यात्रा में पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह , जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष रंजना सिंह, पूर्व सैनिक, डॉक्टर गुरुदत्त सिंह, नितिन प्रताप सिंह, श्वेता पोडवाल, अश्वनी जैन, ज्योति गुप्ता व नगर के गणमान्य महिला , पुरुष आदि लोग लोग शामिल हुए।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस: 61 शिकायतें में से 10 का मौके पर निस्तारण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्ग निर्देशन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सिरसागंज में किया गया, इस दौरान राजस्व, पुलिस, पूर्ति विभाग, जिला पंचायत, बेसिक शिक्षा विभाग इत्यादि से संबंधित शिकायतें आई, जिनमें से कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया और कुछ का जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व और पुलिस की टीम बनाकर निस्तारित करने के आदेश दिए गए।

इस दौरान एक मामला राम बहादुर पुत्र गौरी शंकर निवासी ग्राम जहांगीरपुर का आया जिसमें पक्की मुडडी गड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर राजस्व निरीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी चकबंदी, एस एच ओ सिरसागंज को इस मामले को निस्तारण करने के आदेश दिए गए, निस्तारण के उपरांत नियुक्त टीम जिलाधिकारी को भी अवगत कराएगी।

इसी तरह धर्मवीर, लाखन सिंह, मंजेश कुमार ने शिकायत की, की राम हटी अपने गुंडागर्दी व ताकत के बल पर सरकारी रास्ता व ग्राम सभा के घुरे के गढ्ढ़ों पर अतिक्रमण कर अपने खेतों में जबरन मिला रखा है, और रास्ते को भी बंद कर रखा है, जिससे ग्राम वासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही साथ गांव के सभी घरों के पानी की निकासी भी नहीं हो पा रही है।

इस प्रार्थना पत्र पर पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर जांच करने के आदेश दिए गए, इसी तरह विजेंद्र पुत्र कांता प्रसाद जो की मलाहपुर शाहजहांपुर पोस्ट धातरी का निवासी है, उसने शिकायत की, कि वह अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए कई बार ग्राम पंचायत अधिकारी मलाहपुर शाहजहांपुर के पास गया, परंतु उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया, इस पर खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया, कि संपूर्ण मामले की जांच कर आख्या उपलब्ध कराऐं, इसी तरह कुल मिलाकर 61 शिकायतें आयीं, जिनमें 10 का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, इस दौरान उप जिलाधिकारी सिरसागंज विकल्प, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिरसागंज एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

## पुलिस की बड़ी कार्यवाही गैंगस्टर अपराधी की संपत्ति की कुर्क

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर क्षेत्र में गैंगस्टर अपराधी भूरा कुरैशी की 93 लाख 99600 की संपत्ति को मुनादी के बाद कुर्क कर दिया। गैंगस्टर भूरा कुरेशी पर पशु कटान, बलवा, जान से मारने की धमकी, गाली गलौज, डराना धमकाना जैसे कई संगीन मामलों में मुकदमे दर्ज है। पुलिस के मुताबिक थाना रसूलपुर क्षेत्र के रहने वाले भूरा कुरैशी पर कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। यह गैंगस्टर का आरोपी है।

पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों से अर्जित की गई संपत्ति के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए भूरा कुरैशी की 93 लाख 99 हजार 600 रुपये की अचल संपत्ति थाना रसूलपुर इलाके में स्थित उसके मकान जो कि उसकी पत्नी

फरजाना बेगम के नाम पर दर्ज है इस संपत्ति पर पुलिस ने फिरोजाबाद सदर की राजस्व टीम और सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे के नेतृत्व में मुनादी कर संपत्ति जब्ती कारण की कार्रवाई की। क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार चौरसिया के मुताबिक गम्भीर अपराध कारित करने वाले अपराधियों के विरूद्ध गिरोहबंद अधिनियम की धारा 14(1) के तहत की जा रही है। हाजी भूरा कुरैशी ने गम्भीर अपराध कारित करते हुए कई अवैध अचल सम्पत्ति अर्जित की गयी थी। रसूलपुर पुलिस टीम व राजस्व टीम ने गैंगस्टर एक्ट के तहत धारा 14(1) की कार्यवाही करते हुए गैंगलीडर का सम्पत्ति एक पक्का आवासीय निर्मित भवन मूल्य 93,99,600 रुपए ( 93 लाख 99 हजार छः सौ रुपए) की सम्पत्ति को कुर्क करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है।

## झोपड़ी में लगी आग, अनाज और भूसा जलकर राख

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद। जनपद के थाना क्षेत्र टूण्डला में नगला केशों में खेत में बनी झोंपड़ी में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि पास में बनी भूसे की बुर्जियों को भी चपेट में ले लिया। किसानों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके सूचना पर पहुची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।



पूरा मामला थाना क्षेत्र टूण्डला के गांव नगला केशों अनवारा का है। हुंडीलाल की खेत पर बनी झोंपड़ी में अचानक आग लग गई। आग लगने से झोंपड़ी के आसपास तीन बेटों की भूसे की बुर्जियां में भी आग लग गई। सूचना मिलते ही हुंडीलाल अपने बेटों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया। आग बढ़ती ही जा रही थी काबू कर पाना मुश्किल दिख रहा था। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। झोंपड़ी में रखा अनाज, भूसे की बुर्जियां, और अन्य सामान जलकर राख हो चुका था।

## मानवता हुई शर्मसार, जन्म देकर बच्चे को निर्माणाधीन बिल्डिंग में फेंका

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद। जपद की कोतवाली टूंडला में इंसानियत तारतार होते देखी गई। यहां एक नवजात बच्ची का शव एक निमार्णाधीन बिल्डिंग में पड़ा हुआ मिला है। यह नवजात रेलवे कोच में मिलने वाली चादर में लिपटा हुआ मिला था। सूचना पर पहुची पुलिस ने नवजात बच्ची के शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

फिरोजाबाद के टूंडला कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास एक नवजात बच्ची का शव मिलने से हड़कंप मच गया। यह शव रेलवे स्टेशन के बाहर बने चर्च के पीछे बन रही नई बिल्डिंग में पड़ा हुआ मिला। नवजात बच्ची के लावारिस पड़े होने की सूचना रेलवे बिल्डिंग में काम करने पहुंचे मजदूर द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना देने वाले तेज किशोर के मुताबिक उन्होंने शुक्रवार देर रात तक यहां इस बिल्डिंग में काम किया था तब तक यहां कुछ नहीं था। लेकिन शनिवार सुबह जब वहां वह काम करने पहुंचे तो एक चादर में लिपटा हुआ एक बच्चा पड़ा मिला। तेज किशोर ने बच्चे को देख पास के ऑटो स्टैंड से कुछ ऑटो चालकों को बुलाकर पुलिस को सूचित कराया। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस नवजात शिशु को जन्म देने के बाद इसकी माँ के द्वारा इस लावारिस हालत में फेंक दिया गया है। इस नवजात शिशु को जन्म के बाद ट्रेन एसी कोच में मिलने वाली चादर में लपेटकर चर्च के पीछे निर्माण अधीन बिल्डिंग में छोड़ दिया गया। सूचना पर टूंडला कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने बच्ची के शव का पंचनामा भरवा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टूंडला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अंजीश कुमार बच्ची के शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है रेलवे की चादर में लिपटे हुए बच्चों के मामले में रेलवे फोर्सज को भी सूचना दी गई है। यह बच्चा कब कैसे और कौन छोड़कर गया है यह सब जांच के बाद ही सामने आ पाएगा आसपास के सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग भी चेक कराई जा रही है कि इस बच्ची को कौन और किस वक्त छोड़ कर गया है।

# मुख्यमंत्री ने जीपीओ,पटना के पास नवनिर्मित बहुमंजिला पार्किंग भवन और पटना जंक्शन तक भूमिगत पथ का किया लोकार्पण

नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार



पटना(बिहार)।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज जीपीओ,पटना के पास नवनिर्मित बहुमंजिला पार्किंग भवन(मल्टी मॉडल हब)और पटना जंक्शन तक भूमिगत पथ(सब-वे) का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर लोकार्पण किया।रिमोट के माध्यम से नवनिर्मित बहुमंजिला पार्किंग भवन(मल्टी मॉडल हब)से बसों एवं यात्री वाहन के परिचालन का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया।लोकार्पण के पश्चात् नवनिर्मित भूमिगत पैदल यात्री मार्ग(सब-वे)का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया।इस दौरान मुख्यमंत्री ने ट्रैवेलेटर,एस्केलेटर आदि का जायजा लिया और यात्री सुविधाओं तथा कनेक्टिविटी के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि इसकी शुरूआत होने से पटना जंक्शन और इसके आसपास के इलाकों में भीड़भाड़ कम होगी और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ होगी।जीपीओ गोलम्बर के नजदीक मल्टीलेवल हब को पटना जंक्शन से जोड़ने हेतु भूमिगत पैदल यात्री मार्ग(सब-वे) का निर्माण कराया गया है।इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र अन्तर्गत यातायात व्यवस्था को विकसित करना है।इस भूमिगत पैदल यात्री मार्ग(सब-वे)एवं बहुमंजिला पार्किंग भवन का लोकार्पण होने से पैदल चलनेवाले लोगों को पटना जंक्शन तक आवागमन में काफी सुविधा होगी।मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि हमने पूर्व में भी कई बार इस परियोजना के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था।उस दौरान बेहतर एवं व्यवस्थित ढंग से निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया था।आपको बता दे कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा 84.83 करोड़ रुपये की लागत से पटना जंक्शन के समीप भूमिगत पथ(सब-वे)का निर्माण कराया गया है।यह पटना जंक्शन के पास से प्रारंभ होकर जीपीओ गोलम्बर तक जाता है,जिसकी लम्बाई 440 मीटर है।इस परियोजना में जीपीओ गोलंबर के नजदीक 66.81करोड़ रूपये की लागत से बहुमंजिला पार्किंग भवन(मल्टी मॉडल हब)का निर्माण किया गया है जहां बस,ऑटो,टैक्सी एवं निजी वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है।पटना शहर के विभिन्न स्थानों से इस बहुमंजिला पार्किंग स्थल तक वाहन से पहुंचने के बाद पैदल यात्री भूमिगत पथ में नव निर्मित स्वाचालित ट्रैवेलेटर से पटना जंक्शन तक आसानी से पहुंच सकते हैं।लोगों की सुविधा के लिए भूमिगत पथ तक पहुंचने के लिए दो लिफ्ट तथा दो स्वाचालित सीढ़ियां(एस्केलेटर)भी लगायी गयी है तथा पूरी लंबाई में एयरकंडीशनिंग की सुविधा भी दी गयी है।भूमिगत पथ में बुद्ध स्मृति पार्क के निकट एक अतिरिक्त प्रवेश और निकास की सुविधा भी दी गयी है।भविष्य में इस भूमिगत पथ को निर्माणाधीन पटना मेट्रो स्टेशन से भी जोड़ने की योजना है।

# एनएमसीएच के मेडिसिन वार्ड का हुआ विस्तार,100 बेड जोड़े गए: मंगल पांडेय,मंत्री

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार



पटना(बिहार)।नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मेडिसिन विभाग में 750 लाख की लागत से नवनिर्मित 100 बेड वाले वार्ड का उद्घाटन बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय एवं विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव द्वारा किया गया।इस अवसर पर अपने संबोधन में नंदकिशोर यादव ने कहा कि बिहार की स्वास्थ्य सेवाएं दिन प्रतिदिन बेहतर हो रही है।अस्पतालों में दवा आपूर्ति से लेकर चिकित्सकों की अब कोई कमी नहीं है।बिहार की जनता को राज्य के भीतर उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने अपने संबोधन में सबसे पहले सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों को नमन किया और हाल ही में शहीद हुए बिहार के चार वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी।उन्होंने कहा कि आज पीएम मोदी के नेतृत्व में सैनिकों का मान व सम्मान बढ़ा है।देश को वीर सैनिकों पर गर्व है।श्री पांडेय ने कहा कि 100 बेड वाला मेडिसिन वार्ड ऊपरी मंजिल पर बनाया गया है,जिससे बारिश के मौसम में जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी।वर्तमान में जनरल मेडिसिन विभाग में बेडों की संख्या 128 है।अब अतिरिक्त 100 के साथ कुल मिलाकर बेडों की संख्या 228 हो जाएगी।भविष्य में यहां 400 और बेड जोड़े जाने की योजना है।वर्तमान में एनएमसीएच में कुल 1189 बेड हो चुके हैं,जो पहले मात्र 650 थे।अस्पताल की सुविधाएं लगातार बढ़ रही हैं।हर बेड पर अब ऑक्सीजन पाइपलाइन की व्यवस्था है,दवा की उपलब्धता है।वहीं भोजन एवं साफ-सफाई की जिम्मेदारी जीविका दीदियों को सौंपकर सेवा की गुणवत्ता में बड़ा सुधार लाया गया है।उन्होंने कहा कि बिहार लगातार दवा आपूर्ति के मानकों पर आठ महीनों से नंबर 1 है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडो नेपाल बॉडर के रक्सौल से करोड़ों रूपये के अफीम बरामद



नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार

पटना(बिहार) ।मोतिहारी के एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर हरैया थानाध्यक्ष ने बड़ी कार्रवाई की है ।पुलिस ने अफीम के बड़ी खेप के साथ एक बाईक सवार तस्कर को गिरफ्तार किया है ।आपको बता दे कि पुलिस ने उक्त तस्कर के पास से लगभग 5 किलो अफीम को बरामद किया है ।यह बरामदगी हरैया थाना क्षेत्र के एनएच 28 ओवर ब्रिज के पास बाईक सवार तस्कर से हुआ है ।गिरफ्तार तस्कर जितना थाना क्षेत्र के बेला जितपुर का रंजीत कुमार बताया जाता हैं ।इस अफीम को नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही थी ।जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में करोड़ो रूपये जप्त अफीम की कीमत हैं।

### मधुबनी:सड़क दुर्घटना में तीन युवक की मौत

नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार

पटना(बिहार) ।सूबे बिहार के मधुबनी जिले के लौकहा थाना क्षेत्र के मझौरा गांव में तकरीबन 8 बजे के आसपास तेज आंधी तूफान के बीच एक तेज रफ्तार पिकअप और बाइक की टक्कर में बाइक सवार तीन युवक,धर्मेंद्र कुमार यादव,लक्ष्मण कुमार यादव जो रिश्ते में दोनों सहोदर भाई हैं और एक युवक विवेक कुमार यादव की मौत हो गई ।बताया जाता हैं कि तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर के लौकहा बाजार से अपने घर बलानपट्टी की ओर जा रहे थे,इसी दौरान पिकअप की टक्कर से घटनास्थल पर तीनों युवक की मौत हो गई ।टक्कर इतना जबरदस्त था की बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक हवा में उछलकर सड़क पर जा गिरे ।जिसके कारण गंभीर स्थिति में तीनों की मौत हो गई ।सूचना पाकर पहुंची लौकहा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए सदर हॉस्पिटल भेज दिया है ।पुलिस ने पिकअप को जप्त कर लिया है वहीं चालक फरार बताया जाता है।

# तेजस्वी पर श्रम संसाधन मंत्री का वार, कहा-चुनाव आते ही याद आती है जनता




नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार

पटना(बिहार)।भागलपुर पहुंचे श्रम संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सिंह ने प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा।मंत्री ने कहा कि तेजस्वी यादव को जब-जब बिहार की जनता ने मौका दिया तब वे विकास की बजाय जाति और पार्टी की राजनीति में उलझे रहे।तेजस्वी यादव को बिहार की जनता ने जब जिम्मेदारी सौंपी तब उन्हें न विकास दिखाई दिया ना बिहार की चिंता रही लेकिन जैसे ही चुनाव आते हैं उन्हें सब कुछ याद आने लगता है।मंत्री संतोष कुमार सिंह ने नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को सराहते हुए डबल इंजन की सरकार को बिहार के विकास की रीढ़ बताया।आज डबल इंजन की सरकार में वो बिहार जिसे कभी लोग नजरअंदाज करते थे अब देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है।बिहार में जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं नेताओं की बयानबाज़ी भी तेज होती जा रही है।

# बोधगया में बौद्ध भिक्षु के वेश में बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, सुरक्षा एजेंसी ने की कार्रवाई

## अवैध तरीके से भारत में प्रवेश कर हिमाचल प्रदेश का फर्जी आधार कार्ड बनाया

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार




पटना(बिहार)।अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल बोधगया में एक बांग्लादेशी नागरिक को बौद्ध भिक्षु के रूप में सुरक्षा एजेंसी ने गिरफ्तार किया है।आपको बता दे कि

उक्त बांग्लादेशी नागरिक बिना वीजा पासपोर्ट के एक माह पूर्व भारत में प्रवेश कर गया था।बताया जाता हैं कि बांग्लादेशी नागरिक बौद्ध जयंती के मौके पर बोधगया पहुंचा था।जिसे सुरक्षा एजेंसी ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया है।बोधगया में भिक्षु बनकर रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को पुलिस ने स्लीपिंग बुद्धा टेंपल में मोनेस्ट्री से गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार भिक्षु बांग्लादेश के इमामी जिले के काठ खाली थाना अंतर्गत जुनुमा छड़ा गांव का 62 वर्षीय पवन कांती बरूआ है।बांग्लादेशी निवासी भारत के अरुणाचल प्रदेश का फर्जी आधार कार्ड बनवाकर खुद को भारतीय नागरिक बता रहा था।सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचते हुए स्लीपिंग बुद्धा टेंपल परिसर में छुपा था।ये बुद्ध जयंती को लेकर बोधगया आया था।पुलिस से पूछताछ में उसने पहले अपना पहचान अरुणाचल प्रदेश के लोहित चौखाम निवासी प्रोपुल चकमा बता रहा था।इस पत्ते का एक आधार कार्ड भी दिखाया।जांच में पता चला कि आधार कार्ड फर्जी है और आरोपी असली पहचान छुपा रहा है।वह बिना वीजा-पासपोर्ट के भारत में अवैध रूप से प्रवेश कर गया था। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।जांच में पता चला कि आधार कार्ड फर्जी है और आरोपी अपना असली पहचान छुपा रहा है।बाद में गहन पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसका वास्तविक नाम पवन कांती बरूआ है और वह बांग्लादेश का मूल निवासी है।आरोपी ने यह भी खुलासा किया कि वह बिना वीजा-पासपोर्ट के एक माह पूर्व भारत में अवैध रूप से प्रवेश कर गया था।वह अरुणाचल प्रदेश जाकर फर्जी दस्तावेज बनवाया।फिर बोधगया स्लीपिंग बुद्धा टेंपल में पिछले 15 दिनों से रहना शुरू कर दिया था।ताकि कोई उसे पहचान न सके।बोधगया थाना में आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नामजद प्राथमिकी दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया,जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।सुरक्षा एजेंसियां मामले की विस्तृत जांच में जुटी हैं।इस संबंध में सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल ने बताया कि बोधगया क्षेत्र में सुरक्षा के मद्दे नजर होटल में और मोनेस्ट्री में सुरक्षा जांच की जा रही है।पुलिस को सूचना मिली थी बोधगया 100 फीट स्लीपिंग बुद्ध मूर्ति जो वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित मोनेस्ट्री में बांग्लादेशी नागरिक छिपकर रह रहा हैं।उसे हिरासत में लिया गया और उससे पूछताछ की की गई।

## खेल समाचार

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक की अवनि बनीं चैंपियन

मुंबई (भाषा) कर्नाटक की अवनि उडिपी शनिवार को यहां अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स फिडे रेटिंग टूर्नामेंट में महाराष्ट्र के मयूरेश पारकर के मुकाबले बेहतर टाईब्रेकर स्कोर के आधार पर चैंपियन बनीं। बीस वर्षीय अवनि (फिडे रेटिंग 1669) ने पारकर (फिडे रेटिंग 1757) के समान सात अंक हासिल किए। मुख्य निर्णायक अजिंक्य पिंगले ने उन्हें विजेता घोषित किया।
अवनि ने 36.5 का टाई-ब्रेक स्कोर हासिल किया जबकि पारकर ने 32 का स्कोर बनाया। छह प्रतियोगियों ने 6.5 अंक हासिल करके तीसरे से आठवें स्थान पर जगह बनाई।

### पंजब की नजरें प्ले ऑफ पर, अंतिम मैच में प्रतिष्ठा बचाने उतरेगा राजस्थान रॉयल्स

जयपुर (भाषा) पंजाब किंग्स की टीम रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक और शानदार प्रदर्शन के साथ प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के इरादे से उतरेगी। रॉयल्स की टीम मौजूदा सत्र में अच्छे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद औसत प्रदर्शन भी नहीं कर पाई है। एक सप्ताह के ब्रेक के बाद सवाई मानसिंह स्टेडियम में वापसी करते हुए श्रेयस अय्यर की टीम आठ मई के उस बुरे सपने को भूलने की उम्मीद करेगी जब भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल के खिलाफ उनका मैच रद्द करना पड़ा और खिलाड़ियों को अंधेरे में अपने ड्रेसिंग रूम में लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। पंजाब की टीम 11 मैच में 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है।
ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस टीम में फिर से शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं लेकिन वे आईपीएल के बहाल होने के बाद पंजाब के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे जिससे टीम को अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा वापस बुलाए गए तेज गेंदबाज मार्को यानसेन की अनुपस्थिति पंजाब की टीम को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी क्योंकि उन्होंने मौजूदा सत्र में 11 विकेट चटकाकर काफी प्रभाव डाला था। हालांकि पंजाब के पास कप्तान अय्यर, सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और नेहल वढेरा की मौजूदगी में भारतीय खिलाड़ियों का एक मजबूत दल है और भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद विदेशी खिलाड़ियों के जाने के बावजूद टीम पर अधिक असर नहीं पड़ा है।

# नीरज की नजरें अब 90 मीटर से अधिक भाला फेंकने पर

दोहा (भाषा) राहत और खुशी के साथ-साथ थोड़ी निराशा भी महसूस कर रहे भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि अब जबकि वह 90 मीटर का आंकड़ा पार कर चुके हैं तो वह और आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे क्योंकि उनका शरीर अब उन चोट से लगभग मुक्त हो गया है जो पिछले कुछ वर्षों से उन्हें परेशान कर रहीं थी।

दोहरे ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्षीय नीरज ने तीसरे प्रयास में भाले को 90.23 मीटर तक पहुंचाया और 90 मीटर या इससे अधिक करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए जिसकी अगुआई उनके वर्तमान कोच चेक गणराज्य के जान जेलेजनी कर रहे हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे




एशियाई और कुल मिलाकर 25वें खिलाड़ी बने।

हालांकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने बाजी पलट दी और अपने छठे और अंतिम थ्रो में 91.06 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक जीता।

नीरज ने स्पर्धा के बाद कहा, ''मैं 90 मीटर के प्रयास से बहुत खुश हूं लेकिन यह असल में थोड़ा खट्टा-मीठा अनुभव है। लेकिन कोई बात नहीं मैं और मेरे कोच अब भी मेरे थ्रो के कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। हमने इस साल फरवरी में ही साथ काम करना शुरू किया था। मैं अब भी चीजें सीख रहा हूं।''

जेलेजनी के नाम 98.48 मीटर तक भाला फेंकने का विश्व रिकॉर्ड है और वह आमतौर पर डाइमंड लीग में नहीं जाते लेकिन चेक गणराज्य का यह कोच चोपड़ा के साथ यहां आया था क्योंकि उन्हें लगा था कि इस प्रतियोगिता में 90 मीटर के आंकड़े को पार किया जा सकता है।

नीरज ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों से मुझे हमेशा ग्रोइन में कुछ महसूस होता था। इस वजह से मैं अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाया। इस साल मैं बहुत बेहतर महसूस कर रहा हूं। हम कुछ पहलुओं पर भी काम करेंगे और इसलिए मेरा मानना है कि मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप से पहले की प्रतियोगिताओं में 90 मीटर से अधिक भाला फेंक सकता हूं।'' विश्व चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक तोक्यो में आयोजित की जाएगी जिसमें हरियाणा के नीरज गत चैंपियन हैं।

नीरज के प्रदर्शन में जेलेजनी के प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पिछले साल नवंबर में उन्हें नीरज के कोच के रूप में नियुक्त किया गया था लेकिन इस दिग्गज भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि वे फरवरी से ही साथ काम कर रहे हैं।

# हमारे लिए, वह हमेशा 'चीकू' ही रहेगा: इशांत

नयी दिल्ली (भाषा) भारत के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने विराट कोहली के साथ दिल्ली क्रिकेट में उनके शुरुआती दिनों की दोस्ती के बारे में बात करते हुए शनिवार को कहा कि यह स्टार उन लोगों के लिए हमेशा 'चीकू' ही रहेगा जो उनके साथ बड़े हुए हैं।

अंडर-17 से लेकर सीनियर भारतीय टीम तक कोहली के साथ खेलने वाले इशांत ने कहा कि पूर्व कप्तान की सार्वजनिक 'सुपर स्टार' की छवि उस व्यक्ति से अलग है जिसे वह बचपन से जानते हैं।

इशांत ने 105 टेस्ट मैचों में 434 विकेट लिए हैं, उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ गुजरात टाइटन्स के मैच की पूर्व संध्या पर 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' में कहा, ''मुझे लगता है कि विराट कोहली (स्टार) बाहर के लोगों के लिए हैं। मैं उन्हें उस तरह नहीं देख सकता क्योंकि हम अंडर-17 में खेले हैं। वह मेरा बचपन का दोस्त है।''

इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने अंडर-19 टीम के दिनों को याद किया जिसमें उन्होंने कमरे साझा किए, भोजन का बजट बनाया और यात्रा भत्ते बचाए।

इशांत ने कहा, ''जब हम अंडर-19 में



थे तो हम गिनते थे कि हमारे पास कितना पैसा है। हम खाना खाते थे। जब हम अंडर-19 में जाते थे तो हम अपना यात्रा भत्ता बचाकर अपने साथ ले जाते थे। इसलिए विराट कोहली हर किसी के लिए अलग हैं। वह मेरे लिए अलग हैं।''

इशांत ने कहा कि कोहली के स्टारडम के बावजूद उनका रिश्ता भाई जैसा बना रहा। उन्होंने कहा, ''जरा सोचिए, आपका भाई इतनी ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। हर कोई सोच रहा है कि वह महान है। लेकिन आप देखेंगे कि आखिरकार वह एक इंसान है। आपने उसके साथ बहुत समय बिताया है। आप उसे अंदर और बाहर से जानते हैं। आप जानते हैं कि वह कहां से आया है, वह कैसा है और कैसा नहीं है।''

# भारतीय निशानेबाजी लीग से दर्शकों को आकर्षित करेंगे: एनआरएआई अध्यक्ष

नयी दिल्ली (भाषा) भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा कि महासंघ फ्रेंचाइजी आधारित 'भारतीय निशानेबाजी लीग' से दर्शकों को आकर्षित करने करने का प्रयास करेगा और वह विदेशी संस्थाओं द्वारा हिस्सेदारी खरीदने के खिलाफ नहीं है। देव ने यह बात महासंघ की इस टूर्नामेंट पर अहम फैसले लेने के लिए हुई बैठक के बाद कही। लीग का शुरूआती चरण इस साल के अंत में आयोजित किया जाना है। खेल की वैश्विक संस्था 'अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ' (आईएसएसएफ) ने आधिकारिक तौर पर लीग के लिए नवंबर-दिसंबर की विंडो आवंटित की है और इसके 24 नवंबर से सात दिसंबर तक आयोजित होने की संभावना है।

लीग में छह से आठ टीमों के मालिक होंगे और नीलामी के माध्यम से खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई जाएगी।

प्रत्येक टीम में 12 एथलीट (छह पुरुष, छह महिला) शामिल होंगे जिनमें अधिकतम चार विदेशी खिलाड़ी (दो पुरुष, दो महिला) शामिल होंगे। देव ने शनिवार को



एनआरएआई की संचालन परिषद की बैठक के बाद कहा, ''हमने (संभावित) फ्रेंचाइजी के साथ बातचीत शुरू कर दी है। लेकिन मुझे कोई कारण नहीं दिखता कि कोई विदेशी फ्रेंचाइजी इसमें दिलचस्पी क्यों लेगी क्योंकि वे इसमें हिस्सेदारी नहीं ले सकते। यह निश्चित रूप से देश के कानून के अधीन ही है।''

भारत में लगभग एक लाख पंजीकृत निशानेबाज होने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश द्वारा जीते गए पदकों में से लगभग 50 प्रतिशत पदक जीतने के बावजूद निशानेबाजी एक ऐसा खेल है जिसमें दर्शकों की संख्या काफी कम है।

# कप्तानी के लिए गिल, पंत बेहतर विकल्प: शास्त्री

दुबई (भाषा) भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि टेस्ट प्रारूप में भारत की कप्तानी के लिए शुभमन गिल और ऋषभ पंत बेहतर विकल्प होंगे क्योंकि उनके पास इंडियन प्रीमियर लीग में कप्तानी का अनुभव है और इस भूमिका के लिए उनकी उम्र आदर्श है।

शास्त्री ने इसके साथ कहा कि खेल के पारंपरिक प्रारूप में नेतृत्व की भूमिका के लिए जसप्रीत बुमराह सबसे अच्छे विकल्प होते लेकिन फिटनेस समस्याओं के कारण इस तेज गेंदबाज को अतिरिक्त बोझ से बचाया जाना चाहिए।

भारत के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला खिलाड़ियों में शामिल शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, ''ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मैं मानता हूं कि कप्तानी के लिए जसप्रीत स्पष्ट विकल्प होते। लेकिन मैं नहीं चाहता कि जसप्रीत को कप्तान बनाया जाए। इससे आप एक गेंदबाज के तौर पर उन्हें गंवा सकते हैं।




रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बाद चयनकर्ताओं को एक नया टेस्ट कप्तान चुनना होगा। भारत को खेल के लंबे प्रारूप में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला श्रृंखला खेलनी है । यह दौरा 20 जून से शुरू होगा।

बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के सिडनी में खेले गये अंतिम टेस्ट मैच में चोटिल हो गये थे। उन्हें पीठ की इस चोट से उबरने में लगभग तीन महीने लगे।

वह इस दौरान चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भी भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे। इस 31 साल के गेंदबाज ने आईपीएल के दौरान वापसी करते हुए मौजूदा सत्र में अब तक आठ मैचों में 13 विकेट लिये हैं।

शास्त्री ने कहा, '' मुझे लगता है कि उसे (बुमराह) हर मैच के दौरान अपने शरीर पर ध्यान देना चाहिये। वह गंभीर चोट के बाद वापसी कर रहा है। वह आईपीएल में वापसी कर चुका है। यह चार ओवर का क्रिकेट है। अब 10 ओवर, 15 ओवर (टेस्ट में) गेंदबाजी करने की परीक्षा होगी। आप यह नहीं चाहेंगे की कप्तान के नाते उसके दिमाग पर कोई अतिरिक्त दबाव हो।'' शास्त्री ने कहा कि बोर्ड को कप्तान तय करते समय खिलाड़ी की उम्र और वह संभावित तौर पर कितने समय तक क्रिकेट खेल पायेगा इन चीजों पर ध्यान देना चाहिये। गिल 25 साल के है जबकि पंत की उम्र 27 साल है।

गिल गुजरात टाइटन्स की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि विकेटकीपर और आक्रामक बल्लेबाज पंत लखनऊ सुपर जायंट्स की कमान संभाल रहे हैं।

शास्त्री ने कहा, ''आप किसी को तैयार करते हैं और मैं कहूंगा कि शुभमन बहुत अच्छा विकल्प लग रहा है। उसे मौका दें। वह 25, 26 साल का है, उसे समय भी दें।'' उन्होंने कहा, '' ऋषभ भी अच्छा विकल्प है। मुझे लगता है कि ये दोनों ही बेहतर खिलाड़ी है और उम्र की कसौटी पर भी खरे उतरते है। उनके पास एक दशक का समय है। उन्हें चीजों को सीखने समझने का मौका मिलना चाहिये।''



आर्थिक मदद मांगने वाले हर मरीज व जरुरतमंद की सहायता की और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 66,874 जरुरतमंदों के लिए 13 .44 अरब रुपये से अधिक की सहायता मुहैया कराई।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.


नई दिल्ली, रविवार 18 मई 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




दयाशंकर सिंह ने बलिया नगर विधानसभा के जनाड़ी तिराहे का निरीक्षण कर तिराहे के सौंदर्यीकरण कार्य हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।






## विशिष्ट शख्सियत

### गांधी पथ के राही

# कुमार कालानंद मणि

## “गांधी के सपनों का समाज बनाना हो, तो रास्ता भी गांधी का ही अपनाना होगा”






यह कोई साधारण कथन नहीं, बल्कि एक जीवंत दर्शन है- और इस दर्शन को अपने जीवन में पूरी निष्ठा से उतारने का हर संभव प्रयास करने वाली शख्शियत हैं कुमार कालानंद मणि। गांधी पाठशाला से वे एक ऐसा दीपक बनकर निकले हैं, जिसकी लौ देश के कोने-कोने में गांधीवादी चेतना फैलाने का कार्य कर रही है। वे केवल एक सामाजिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि संविधान, जन भागीदारी, और अहिंसक संघर्ष के ऐसे ज्ञाता हैं, जिसकी सोच और कार्यशैली आज के भारत में दुर्लभ होती जा रही है।

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

समाज सेवा का शुरुआती दौर :कुमार कालानंद मणि का जन्म नकुनी, समस्तीपुर (बिहार) में हुआ था। लेकिन युवावस्था से ही उनकी सोच किसी भौगोलिक सीमा में नहीं बंधी। बचपन से ही असमानता, अन्याय और शोषण के विरुद्ध उनके भीतर एक विद्रोह था। पर यह विद्रोह तलवार नहीं, सत्य और शांति की मशाल लेकर चलता था। उनके जीवन की स्थाई दिशा तब तय हुई जब वे जयप्रकाश नारायण (जेपी) के संपर्क में आए। जेपी आंदोलन की आत्मा ने उन्हें एक नया दृष्टिकोण दिया — लोकतंत्र की असली ताकत जनता की भागीदारी में है, और उसका आधार होना चाहिए सत्य, स्वराज और अहिंसा। कालांतर में वे प्रतिष्ठित सर्वोदय विभूति राधाकृष्ण जी के भी आत्मीय सानिध्य में रहे। देश के लगभग सभी प्रतिष्ठित गांधी विचारकों से उनका आत्मीय संबंध है।गोवा की पीसफुल सोसाइटी : जहाँ विरोध नहीं, विकल्प रचे जाते हैंगोवा में स्थापित पीसफुल सोसाइटी केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक विचारधारा है — जो जंगल, जमीन, जल और जीवन के लिए सतत संघर्ष करती है। कुमार कलानंद मणि का विश्वास है कि परिवर्तन केवल नारेबाज़ी से नहीं आता, उसे जीना पड़ता है। वे समाज के वंचित तबकों के साथ काम करते हुए स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का बीज बोते हैं। उनका आंदोलन केवल “विरोध” नहीं करता, बल्कि “विकल्प” रचता है — और यही उन्हें भीड़ से अलग बनाता है।गांधी विचार और संविधान के अध्येता : गांधी विचार और संविधान कुमार कलानंद मणि के अध्ययन के दो संभवतः सबसे प्रिय विषय हैं जिन्हें पढ़ना और पढ़कर दूसरों तक संप्रेषित करना उनका प्रिय शगल है।जब देश में संविधान पर बहसें उग्र हो रही हैं, तब कुमार कालानंद मणि हमें उस गहराई तक ले जाते हैं जहाँ संविधान केवल किताब नहीं, जनता की चेतना बन जाता है। वे संविधान को केवल पढ़ते नहीं, समझते और समझाते हैं — उसकी आत्मा, उद्देश्य और जनसहभागिता को सरल भाषा में जनता के बीच लेकर जाते हैं। उनका मानना है: “जब तक हर नागरिक संविधान को अपने जीवन में नहीं उतारेगा, तब तक लोकतंत्र अधूरा रहेगा।”गांधी की कल्पना का भारत — कुमार मणि की दृष्टि मेंउनके कार्यों में हमें गांधी के सत्याग्रह, स्वराज, और सर्वोदय की सुगंध मिलती है। वे उस विकास के हिमायती हैं जो स्थानीय संसाधनों, लोक ज्ञान और जनसहभागिता पर टिका हो — जिसमें बाहरी चमक नहीं, भीतरी जागरूकता हो। अहिंसा उनका मार्ग है, संविधान उनका शस्त्र है, और आत्मबल उनका संबल। वे यह सिद्ध करते हैं कि — “परिवर्तन का मार्ग खून से नहीं, करुणा से लिखा जा सकता है।”समाजसेवियों के लिए प्रेरणा हैं कुमार कलानंद मणि : आज जब दुनिया तेज़ भाग रही है, कुमार कालानंद मणि जैसे लोग हमें याद दिलाते हैं कि सेवा की सार्थकता सादगी में है और पारदर्शिता में है। सच्ची सेवा में ही शक्ति है, और उज्जवल भविष्य उस समाज का ही है जो हर व्यक्ति की गरिमा का सम्मान करता है। उनका मानना है कि यही सब गुण समाजसेवी संस्थाओं में भी होने चाहिएं तभी वे जनता की सच्ची सेवा कर सकती हैं। वे इस से व्यथित रहते हैं कि गांधी के बाद गांधी के नाम पर बनी अधिकांश संस्थाओं में भी मूल्यों का निरंतर क्षरण हुआ है इसीलिए अब वे समाज में सकारात्मक प्रभाव नहीं छोड़ पा रही। इस दिशा में उन्होंने कुछ प्रयास भी किए हैं हालांकि उनमें अपेक्षित सफलता नहीं मिली। वे थोड़े निराश हैं लेकिन फिर भी प्रयासरत हैं और कई संस्थाओं के लिए वे प्रेरणा स्रोत हैं।प्रकृति और पर्यावरण प्रेमी : प्रकृति और पर्यावरण से कुमार कलानंद मणि का गहरा जुड़ाव है। नदियों के संरक्षण पर काम करने के लिए वे उत्तराखंड से लेकर बिहार, मध्य प्रदेश और गोवा की नदियों को बचाने के अभियानों में शामिल रहे हैं। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की प्रमुख नदी बेतवा के संरक्षण अभियान में जुटी ग्राम सेवा समिति भोपाल की 2023 में संपन्न बेतवा अध्ययन और जन जागरण यात्रा में उन्होंने शिद्दत से सहभागिता की थी। जैविक खेती का प्रचार प्रसार भी उनका प्रिय विषय है।वेस्टर्न घाट के शांतिपूर्ण सतत संघर्ष का सशक्त नेतृत्व :कुमार कलानंद मणि का मानना है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं होने चाहिएं, परंतु जब विकास, प्रकृति के विध्वंस के रास्ते पर चलने लगे, तब लोकतांत्रिक हस्तक्षेप और जनसक्रियता आवश्यक हो जाती है। वे वेस्टर्न घाट संरक्षण अभियान के संस्थापक सदस्यों में से हैं, जिसने तीन दशक लंबे समय से पश्चिमी घाट के जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए ग्राम स्तरीय संगठनों और समुदायों के साथ व्यापक कार्य किया है।उन्होंने आंदोलन में न केवल सक्रिय भागीदारी निभाई, बल्कि स्थानीय लोगों को उनके पर्यावरणीय अधिकारों के प्रति जागरूक किया, उन्हें संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से लड़ने के लिए तैयार किया। लंबे संघर्ष के बाद इस अभियान को सर्वोच्च न्यायालय में विजय श्री हासिल हुई।









बेतवा नदी की अध्ययन एवं जन जागरण यात्रा 2023 में भोपाल में

# आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के संदेश के साथ सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कई देशों का दौरा करेंगे

**नयी दिल्ली,** (भाषा) 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश लेकर सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल प्रमुख साझेदार देशों के दौरे पर जाएंगे, जिनमें से चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ दलों के नेता, जबकि तीन की अगुवाई विपक्षी दलों के नेता करेंगे।

सरकार ने प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने के लिए जिन नेताओं का चयन किया है, उनमें सत्तारूढ़ दल भाजपा के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और जनता दल (यूनाइटेड) के संजय झा शामिल हैं तथा विपक्षी दलों से कांग्रेस के शशि थरूर, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की कनिमोई, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले विपक्षी नेताओं में कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम प्रमुख है, हालांकि पार्टी ने जिन चार नेताओं की सूची सरकार को सौंपी थी उनमें थरूर का नाम नहीं है।

कांग्रेस का कहना है कि उसकी तरफ से सिर्फ चार नेताओं -- आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार को दिए गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शशि थरूर का नाम लिए बिना कहा, ''कांग्रेस में होने और कांग्रेस के होने में जमीन आसमान का फर्क है।''

वहीं, थरूर ने कहा कि राष्ट्र हित और उनकी सेवाओं की आवश्यकता होने पर वह पीछे नहीं रहेंगे।

संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया, ''सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल हर तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने की भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को सामने रखेंगे। वे आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के देश के मजबूत संदेश को दुनिया के समक्ष लेकर जाएंगे।''

सरकार ने प्रतिनिधिमंडल के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के ऐसे नेताओं का सोच-विचार कर चयन किया है, जिन्हें मुखर माना जाता है। इन नेताओं में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के चार और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के तीन नेता शामिल हैं, जो सार्वजनिक जीवन में लंबे समय से सक्रिय रहने वाले वरिष्ठ सांसद हैं।

विपक्ष ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के मामले पर सरकार की कार्रवाई का समर्थन किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री थरूर ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के ठिकानों पर भारत के हमलों का बचाव और भारत-पाक संघर्ष पर सत्तारूढ़ गठबंधन (राजग) के सख्त रुख का समर्थन किया है। संभावना है कि उन्हें अमेरिका जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने दिया जा सकता है। मंत्रालय के बयान में कहा गया कि प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में प्रतिष्ठित राजनयिक शामिल होंगे।



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में भारत एकजुट है। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे। वे आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के हमारे साझा संदेश को लेकर जाएंगे।''

मंत्रालय के बयान को साझा करते हुए उन्होंने कहा, ''यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब है।''

बयान में कहा गया कि सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की प्रस्तावित यात्राएं 'ऑपरेशन सिंदूर' और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई से संबंधित हैं।

सूत्रों ने बताया कि प्रसाद के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया का दौरा करने की उम्मीद है, जबकि सुले की अगुवाई वाली सांसदों की टीम ओमान, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और मिस्र की यात्रा करेगी।

उन्होंने कहा कि झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और इंडोनेशिया (सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश) का दौरा करने की संभावना है।

सूत्रों ने बताया कि छह से सात सांसदों वाला प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल चार से पांच देशों का दौरा कर सकता है।

अनुराग ठाकुर, अपराजिता सारंगी, मनीष तिवारी, असदुद्दीन ओवैसी, अमर सिंह, राजीव प्रताप रूडी, समिक भट्टाचार्य, बृजलाल, सरफराज अहमद, प्रियंका चतुर्वेदी, विक्रमजीत साहनी, सस्मित पात्रा और भुवनेश्वर कलिता समेत विभिन्न दलों के सांसद इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा होंगे।

झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विदेश मंत्री और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद को भी शामिल किया गया है। खुर्शीद अभी सांसद नहीं हैं।

सरकार ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुदीप बंदोपाध्याय को भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से इनकार कर दिया।

इस व्यापक कूटनीतिक प्रयास का उद्देश्य विभिन्न देशों में, पहलगाम हमले पर भारत के रुख को रेखांकित करना है। थरूर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह देश का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए पांच प्रमुख देशों में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए सरकार के निमंत्रण से ''सम्मानित'' महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की आवश्यकता होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। जय हिंद!'' थरूर के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस की तरफ से सिर्फ चार नेताओं आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पार्टी से विचार-विमर्श किए बिना उसके किसी सांसद को शामिल नहीं कर सकती।

रमेश ने आरोप लगाया कि सरकार खेल, खेल रही है और शरारतपूर्ण मानसिकता के साथ काम कर रही है। श्रीकांत शिंदे ने 'एक्स' पर कहा, ''हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय को दृढ़ता से बताएंगे कि भारत में आतंकवाद के लिए कोई स्थान नहीं है, और पाकिस्तान अपनी धरती पर आतंकवाद को पाल रहा है। जब राष्ट्रीय हित की बात आती है, तो कोई मतभेद नहीं होता, केवल कर्तव्य होता है।''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी कृत्य को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। इससे यह संकेत मिलता है कि यदि पाकिस्तान भारतीय क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा देना जारी रखता है तो भारत उसे निशाना बनाएगा।

भारत ने यह भी कहा है कि पाकिस्तान के साथ कई दिनों तक चले संघर्ष के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' को केवल रोका गया है और अगली कार्रवाई पड़ोसी देश के आचरण पर निर्भर करेगी।

# पिंपरी चिंचवड़ में नगर निगम अधिकारियों ने नदी किनारे बने 36 अवैध बंगले गिराये

**पुणे,** (भाषा) महाराष्ट्र के पुणे जिले के पिंपरी चिंचवड़ उपनगर में नगर निकाय अधिकारियों ने इंद्रायणी नदी के किनारे अवैध रूप से निर्मित 36 बंगलों को शनिवार को ढहा दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश पर कार्रवाई करते हुए पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम (पीसीएमसी) के अधिकारी और कर्मचारी भारी पुलिस बल के साथ सुबह चिखली गांव में रिवर विला परियोजना स्थल पर पहुंचे। नगर आयुक्त शेखर सिंह ने कहा कि नगर निकाय ने बंगलों को ढहा दिया गया है, क्योंकि मानसून के मौसम में ध्वस्तीकरण अभियान नहीं चलाया जा सकता।

परियोजना के खिलाफ एनजीटी में याचिका दायर करने वाले कार्यकर्ता तानाजी गंभीरे ने कहा कि विला का निर्माण इंद्रायणी नदी की नीली बाढ़ रेखा के किनारे किया गया है, जहां निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध है।



उन्होंने बताया कि नीली रेखा 25 साल में एक बार नदी में आने वाली बाढ़ के स्तर को दर्शाती है।

जुलाई 2024 में एनजीटी ने नगर निगम को छह महीने के भीतर इन सभी 36 अवसंरचनाओं को ध्वस्त करने के लिए कहा था। हरित निकाय ने यह भी आदेश दिया था कि बंगला मालिकों से पर्यावरण क्षति मुआवजे के रूप में सामूहिक रूप से पांच करोड़ रुपये वसूले जाएं।इसके बाद पीसीएमसी ने प्रक्रिया शुरू की और बंगला मालिकों की सुनवाई शुरू की। इस बीच, 29 बंगला मालिकों ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, लेकिन शीर्ष अदालत ने उनकी अपील खारिज कर दी।

अधिकारी ने बताया कि इसके बाद भूमि और बंगला मालिकों ने आदेश की समीक्षा के लिए एनजीटी का दरवाजा खटखटाया। हालांकि, एनजीटी ने उनकी समीक्षा याचिका को भी खारिज कर दिया।

एनजीटी से कोई राहत नहीं मिलने के बाद, संपत्ति मालिकों ने फिर से उच्चतम न्यायालय का रुख किया।

शीर्ष न्यायालय ने चार मई को अपील का निपटारा किया और फैसला सुनाया कि पीसीएमसी को बंगलों को गिराने के एनजीटी के आदेश को लागू करना चाहिए और पर्यावरण को हुए नुकसान के लिए पांच करोड़ रुपये वसूलने चाहिए।

पीसीएमसी आयुक्त शेखर सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि किसी ने भ्रम पैदा करने की कोशिश की है कि शीर्ष अदालत ने चार मई को निगम को कार्रवाई करने के लिए छह महीने का समय दिया था।

# श्री वेंक्टेश्वरा विवि में 60 दिवसीय नई दिशा-2025 कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में बोर्ड परीक्षा के उत्तीर्ण एवं ग्रेजुऐशन युवाओ को आगे भविष्य के लिए सशक्त कैरियर विकल्प चुनने की निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना नयी दिशा-2025 कि शुभारम्भ हो गया। आगामी साठ दिनों तक चलने वाली इस शैक्षणिक परामर्श योजना के तहत देश के जाने-माने कैरियर विशेषज्ञ पश्चिमी यूपी के दसवीं/ बारहवीं एवं ग्रेजुएशन युवाओ को विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की जानकारी के साथ-साथ सिविल सर्विसेज, डिफेन्स सर्विसेज, पुलिस एवं प्रशासनिक सेवाओ समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी एवं चयन के लिए शैक्षणिक योग्यता समेत जरूरी जानकारी निशुल्क प्रदान करेंगे।



- विपरित परिस्थितियों में भी युवा सही कैरियर मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ते रहे, सफलता निश्चित रूप से आपके कदमो में होगी: सुधीर गिरि

शनिवार को श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में आयोजित महत्वाकांक्षी निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना नयी दिशा-2025 का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो.कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो0 पीयूष पाण्डेय, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ0 मधु चतुर्वेदी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। वेंक्टेश्वरा की निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना 'नयी दिशा-2025 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति विख्यात कैरियर कोच एवं राष्ट्रीय प्रेरकवक्ता डॉ0 राजीव त्यागी ने बताया कि साठ (60) दिनों तक चलने वाली इस शानदार निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना नयी दिशा से पश्चिमी यूपी विशेष रूप से मेरठ, मुरादाबाद मण्डल के दसवीं/बारहवीं एवं ग्रेजुएशन युवाओ को एक स्थायी सम्मानित एवं सशक्त कैरियर विकल्प चुनने मे मदद मिलेगी। देश भर के दो दर्जन से अधिक कैरियर विशेषज्ञ आने वाले साठ दिनो में युवाओ को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ में चयन के लिए आवश्यक योग्यता एवं तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स निशुल्क प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर डीन एकेडेमिक डॉ. राजेश सिंह, डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत, डॉ. एस.एन. साहू, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. योगेश्वर सिंह, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. टी.पी. सिंह, डॉ. आशुतोष, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. अश्विनी सक्सेना, डॉ. सौरभ मित्रा, मारूफ चौधरी, मार्केटिंग निदेशक तरूण काम्बोज, अरूण गोस्वामी एवं मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, प्रीतपाल आदि मौजूद रहे।


स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।